

11:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 098 epaper.rashtriyakhabar.com वैशाख, कृष्णपक्ष पंचमी, विक्रम संवत 2080

### चाणक्य नीति

स्वभावेन हि तुष्यन्ति देवाः सत्पुरुषाः पिता।
ज्ञातयः स्नानपानाभ्यां वाक्यदानेन पण्डिताः॥

भावार्थ : देवता, सज्जन और पिता स्वभाव से संतुष्ट होते हैं, बंधु बांधव अच्छे खानपान से जबकि पंडित मधुर भाषण से ही प्रसन्न हो जाते हैं।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 36.00 °c | 22.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.07 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05.32 बजे

## कोविड संक्रमित मामले 35 हजार के पार

**नयी दिल्ली:** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के पांच हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 35 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 5880 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 35199 हो गयी है और संक्रमण दर 6.91 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 3481 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.73 प्रतिशत है। इसी अवधि में 85076 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 205 कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में 220.66 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं।

## बलूचिस्तान में दो पुलिसकर्मियों और एक आतंकी की मौत

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार रात पुलिस और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी और एक आतंकवादी की मौत हो गयी। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को एक बयान में दी। यह घटना बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में हुई जहां आतंकवादियों ने बाइक पर गश्त करनेवाले पुलिस दस्ते ईगल स्क्वाड पर हमला किया। बयान के अनुसार, यह दस्ता अपनी गश्त ड्यूटी कर रहा था, उसी दौरान उन पर आतंकवादियों ने हमला किया और जवाबी हमले में एक आतंकवादी की भी मौत हो गई। बयान के अनुसार, मारे गये हमलावर के साथी वहां से फरार हो गए। उनकी तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। हमले में दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए, जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। गौरतलब है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा, लेकिन सबसे गरीब प्रांत है और अलगाववादी ताकतें प्रांत के संसाधनों का दोहन किये जाने और पाकिस्तानी सेना की ज्यादतियों के खिलाफ पाकिस्तानी सुरक्षा बलों से लड़ रही हैं।

## अंबेडकर की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का 14 को

**हैदराबाद:** तेलंगाना के मंत्रियों प्रशांत रेड्डी और कोप्पुला ईश्वर ने मुख्य सचिव शांति कुमार और पुलिस महानिदेशक अंजनी कुमार सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डॉ बीआर अंबेडकर की 125 फुट ऊंची प्रतिमा के निर्माण की प्रगति का सोमवार को निरीक्षण किया। इस बहुप्रतिक्षित प्रतिमा का अनावरण 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव करेंगे। निरीक्षण के दौरान मंत्रियों ने अनावरण समारोह की व्यवस्थाओं और प्रतिमा के उद्घाटन के कार्यक्रम की समीक्षा की, जो चार दिनों में होने वाला है। प्रतिमा का निर्माण कई महीनों से चल रहा है और अनावरण समारोह में डॉ अम्बेडकर के समर्थकों के बड़ी संख्या में आने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया है कि अनावरण समारोह का कार्यक्रम, जिसमें सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम शामिल हैं, सुचारू रूप से संपन्न हो। समारोह में भाग लेने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**दौरा** › केंद्रीय गृह मंत्री के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर भी विरोध जताया चीन ने

# सुई की नोंक जितनी जमीन कोई नहीं ले सकता : शाह

- किबिथू इलाके में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की शुरूआत की
- सीमावर्ती इलाके में कई अन्य विकास कार्यक्रम भी शुरू
- भारत के सीमा की तरफ कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता



**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर पहुंचे हैं। अमित शाह के इस दौरे से चीन बौखला गया है। चीन ने गृह मंत्री अमित शाह के अरुणाचल प्रदेश दौरे का कड़ा विरोध किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने सोमवार को मीडिया को बताया कि बीजिंग क्षेत्र में उनकी गतिविधियों को बीजिंग की क्षेत्रीय संप्रभुता का उल्लंघन मानता है। शाह ने अरुणाचल के किबिथू इलाके में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की शुरूआत की। इससे सीमावर्ती गावों में रहने वाले लोगों के जीवन में गुणवत्ता में सुधार आएगा। साथ ही पलायन रोकने और सीमा सुरक्षा को मजूबत करने के लिहाज से भी वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम काफी अहम माना जा रहा है।

बता दें कि अरुणाचल का किबिथू गांव चीन से सटा हुआ है। अमित शाह की वाइब्रेंट विलेज योजना पर 4800 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इनका दौरा काफी अहम माना जा राह है क्योंकि हाल में चीन ने अरुणाचल के 11 स्थानों के नाम बदल दिए थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने आज किबिथू में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

दरअसल, चीन ने आज ही अमित शाह के दौरे पर एतराज जताया था। इस पर शाह ने कहा कि हमारी जमीन की तरफ कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता। सैनिकों के पराक्रम से हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। ऐसे में हमारी सीमा में अतिक्रमण की तो कोई बात ही नहीं है। देश की सुई की नोक जितनी जमीन भी कोई नहीं ले सकता।

अरुणाचल प्रदेश के किबिथू में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पूरा देश आज अपने घरों में चैन की नींद सो सकता है, क्योंकि हमारे आई.टी.बी.पी के जवान और सेना हमारी सीमाओं पर दिन-रात काम

›› पेज 2 भी देखें

### हमारी जमीन पर कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता : शाह



इस दौरान उन्होंने चीन को करारा जवाब दिया।इस दौरान उन्होंने चीन पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत की जमीन को हथियाने का जमाना चला गया है। अरुणाचल प्रदेश की जमीन से अमित शाह ने चीन को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सुई की नोक इतनी भी जमीन भारत से कोई छीन नहीं सकता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि देश की जमीन पर कोई अतिक्रमण नहीं कर सकता। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी जमीन पर कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 21 अक्तूबर 1962 में तत्कालिन कुमाऊं रेजीमेंट के छह अधिकारियों ने यहां पर जिस बहादुरी से लड़ाई लड़ी और जिससे भारत की भूमि की रक्षा हो पाई, मैं उन्हें मन से श्रद्धाजंलि देना चाहता हूं। 1963 में टाइम मैगजीन में लिखा था कि जो किबिथू में लड़ाई हुई, उसमें भारतीय सेनाओं के पास हथियार तो कम थे, लेकिन वीरता समग्र विश्व की सेनाओं से भी ज्यादा थी।

दक्षिण अफ्रीका के प्लेन पर सवार सभी यात्रियों की जान बची

## उड़ते हवाई जहाज के पायलट की सीट के नीचे सांप



- ग्यारह हजार फीट की ऊंचाई पर दिखा सांप
- रेंगता हुआ सांप देखा तो यात्रियों को बताया
- नजदीकी हवाई पट्टी पर तुरंत विमान उतारा

**राष्ट्रीय खबर**

**केप टाउन:** दक्षिण अफ्रीका का एक विमान करीब 11,000 फीट की ऊंचाई पर था। तभी पायलट ने कॉकपिट के अंदर एक सांप को देखा। उसने देखा कि उसकी सीट के नीचे एक सांप रेंग रहा है। पायलट रूडोल्फ इरास्मस ने सांप को देखकर पहले तो बहुत घबराया। लेकिन इसके बावजूद वह ठंडे दिमाग से काम लेते हैं। वह शांत बैठा रहा और विमान चलाने लगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रुडोल्फ इरास्मस सोमवार सुबह वॉर्सेस्टर से नेल्स्प्रूट जा रहे थे। वह चार यात्रियों के साथ एक छोटा विमान ले जा रहा था। वैसे प्लेन में सांप पर एक चर्चित अंग्रेजी फिल्म भी बन चुकी है। वर्ष 2006 मे बनी इस फिल्म का नाम ही स्नेक ऑन ए प्लेन था। वैसे इस घटना के बारे में पायलट इरास्मस ने बताया कि वह करीब पांच साल से हवाई यात्रा कर रहा है। ऐसी विकट स्थिति पहले कभी नहीं हुई। जब सांप की नजर उस पर पड़ी तो प्लेन वेल्कम एयरपोर्ट के पास था। इरास्मस ने तुरंत जोहान्सबर्ग नियंत्रण टावर से संपर्क किया और आपातकाल घोषित कर दिया। उसके मुताबिक सोमवार की सुबह, जब हम प्रीफ़्लाइट ऑपरेशन कर रहे थे, वॉर्सेस्टर एयरफील्ड के लोगों ने हमें साँप के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि

›› पेज 2 भी देखें

सुप्रीम कोर्ट ने कहा इसकी वैधता बनाये रखना जरूरी

## सेना के अग्निपथ योजना के खिलाफ दायर याचिकाएं खारिज



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने नरेंद्र मोदी सरकार की अग्निपथ परियोजना को वैध करार दिया है. मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने संविदा सेना भर्ती की योजना को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा, जनहित में अग्निपथ योजना की वैधता को बनाए रखना आवश्यक है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा चार साल के अनुबंध पर अग्निवीर की नियुक्ति की घोषणा के बाद पिछले साल जून में देश भर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट में कई मामले दायर किए गए। उनमें से कुछ में, यह आरोप लगाया गया था कि अग्निपथ परियोजना को सेना भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों में से कुछ को कार्य में शामिल होने का अवसर दिए बिना शुरू किया गया था। मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने फैसला सुनाया कि अग्निपथ एक मनमाना कार्यक्रम नहीं है, और जिन्हें अग्निपथ योजना शुरू होने से पहले रक्षा बलों के लिए शारीरिक फिटनेस और चिकित्सा परीक्षण जैसी भर्ती प्रक्रियाओं के माध्यम से चुना गया था, उन्हें भर्ती होने का कोई निहित अधिकार नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अग्निपथ परियोजना की संवैधानिक वैधता घोषित करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 27 फरवरी के फैसले को बरकरार रखा। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि योजना में हस्तक्षेप करने के लिए केंद्र सरकार के पास कोई

›› पेज 2 भी देखें

## पुनर्गठन के नाम पर संविधान का मनुस्मृतिकरण किया जा रहा : भट्टाचार्य

**नैनीताल:** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मा-ले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने सोमवार को कहा कि लोकतंत्र की कमजोरी ने फ़ासीवाद को मौका दिया तथा आज देश को मजबूत लोकतंत्र और उसे बचाने के लिए व्यापक एकता वाले आंदोलन की जरूरत है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि संविधान में तो न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका की शक्तियां अलग- अलग हैं। स्वयं के चुने होने के आधार पर मोदी सरकार बाकी दोनों स्तंभों को अपने मुताबिक चलाना चाहती है। कानून मंत्री इसीलिए निरंतर न्यायपालिका पर हमला बोल रहे हैं। श्री भट्टाचार्य भाकपा (मा-ले) की उत्तराखंड राज्य कमेटी की ओर से नैनीताल में 'वर्तमान समय में लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां' विषय पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में जवाबदेही और उसमें वंचित तबकों के प्रतिनिधित्व का सवाल अपनी जगह है, लेकिन न्यायिक आयोग बना कर मोदी सरकार, न्यायपालिका को भी चुनाव आयोग जैसा अपने दबाव में काम करने वाला बना देना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह न्यायपालिका के साम्प्रदायिकरण का रास्ता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह अग्निपथ योजना के जरिये फौज के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को भी खत्म करने का गहरा षड्यंत्र रचा जा रहा है। सेना के ढांचे को इस तरह पुनर्गठित किया जा रहा है। कुल मिलाकर कानून के राज के सारे कलपुर्जों को नष्ट किया जा रहा है।

## निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे दत्ता

**कडुर:** कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए वाईएसवी दत्ता ने पार्टी टिकट नहीं मिलने के बाद 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव में कादुर निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। श्री दत्ता ने सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा,मैंने पांच दशकों तक पार्टी की सेवा के बाद जद (एस) छोड़ी तो मुझे कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीद थी। लेकिन मेरे साथ धोखा हुआ इससे मेरे स्वाभिमान को ठेस पहुंची। उन्होंने कहा कि मेरे पास न तो पैसा है और न ही जाति का समर्थन , लेकिन लोगों का प्यार है। उन्होंने कहा कि अपने समर्थकों के साथ बैठक करने के बाद 13 अप्रैल को नामांकन भरने का फैसला लेंगे। श्री दत्ता पूर्व प्रधानमंत्री व जद (एस) प्रमुख एच डी देवेगौड़ा के करीबी सहयोगी है और अपने निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी की घटती संभावनाओं को भांपते हुए जद (एस) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी छोड़ने से पहले श्री देवेगौड़ा से मुलाकात की और उन्हें अपने फैसले की जानकारी दी।

## अगले पांच वर्षों में आ जाएगी कैंसर सहित कई रोगों की वैक्सिन




**राष्ट्रीय खबर**

**लंदन:** चिकित्सा विशेषज्ञों ने अगले पांच वर्षों के भीतर कैंसर सहित विभिन्न घातक बीमारियों के टीकों की खोज की घोषणा की है। उनका कहना है, इससे लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है। वे कहते हैं कि इस टीके पर किए गए शोध ने बहुत उम्मीद दिखाई है। उनका कहना है कि इसके लिए कोविड वैक्सीन को धन्यवाद देना चाहिए। तथ्य यह है कि कम समय में कोविड के लिए एक टीका जारी किया गया था, जिसने अनुसंधान को गति दी है। डॉ. आधुनिक मुख्य चिकित्सा अधिकारी। पॉल बर्टन ने कहा, ह्यअगले पांच साल के भीतर हम लगभग हर बीमारी का इलाज करने में सक्षम हो जाएंगे।

कैंसर और डायरिया जैसी शारीरिक समस्याओं के लिए टीके 2030 तक पूर्ण उपयोग के लिए तैयार हो जाएंगे। कोरोना के टीके की खोज करने वाली कंपनी अब विभिन्न प्रकार के ट्यूमर को लक्षित कर कैंसर के टीके विकसित कर रही है।

बर्टन ने कहा, 'अगले कुछ सालों में हमारे पास इन जटिल बीमारियों के टीके होंगे और वे बहुत प्रभावी होंगे।' इससे लाखों लोगों को फायदा होगा। एमआरएनए टीकाकरण के जरिए कोविड-19 को संक्रमित करने वाले वायरस के मासूम स्पाइक प्रोटीन को मानव शरीर में इंजेक्ट किया जाता है।

वे शरीर को अनुवांशिक निर्देश प्रदान करते हैं। फिर निर्देश टीकाकृत व्यक्ति के शरीर में स्पाइक प्रोटीन का उत्पादन शुरू करते हैं। ये प्रोटीन या एंटीजन हानिकारक कोशिकाओं की पहचान करने के लिए संदेश भेजते हैं। वे तब शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को बताते हैं कि क्या करना है और किसकी तलाश करनी है।

बर्टन ने कहा, 'कैंसर के टीकों के विकास में भी यही उपाय किए जाएंगे। जहां प्रतिरक्षा प्रणाली कैंसर कोशिकाओं को नष्ट कर देती है। मुझे लगता है कि हमारे पास दुर्लभ बीमारियों के लिए एमआरएनए-आधारित उपचार होंगे। अब से 10 साल बाद हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे होंगे जहां आप वास्तव में किसी बीमारी के आनुवंशिक कारण की पहचान कर सकते हैं। इसके बाद एमआरएनए आधारित तकनीक का उपयोग करके इसे ठीक किया जा सकता है।

**जानकारी** › हब्बल टेलीस्कोप ने खगोल वैज्ञानिकों को एक नये ब्लैक होल की जानकारी दी

# यह अदृश्य दानव दो आकाशगंगाओं के बीच है

- इसकी गति अनुमान से बहुत तेज है
- दो की टक्कर में तीसरे का फायदा
- आकाशगंगा से बाहर धकेल दिये गये

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** हब्बल टेलीस्कोप अपने स्थापना काल से ही खगोल विज्ञान की बड़ी मदद करता आ रहा है। अब उसका समय पूरा होने के बाद उसके बदले नये जेम्स वेब टेलीस्कोप भी अंतरिक्ष में स्थापित किया गया है। इसके बाद भी हब्बल काम कर रहा है और उसकी उपयोगिता बार बार साबित हो रही है। इस बार उसने एक नये ब्लैक होल का पता लगाया है। इसके बारे में छान बीन कर लेने के बाद खगोल वैज्ञानिकों ने कहा है कि यह एक अदृश्य राक्षस खुले में है, जो तेजी से इंटरगैलेक्टिक अंतरिक्ष में बार-बार घूम रहा है। इसकी गति इतनी तेज है कि अगर यह हमारे सौर मंडल में होता, तो यह पृथ्वी से चंद्रमा तक 14 मिनट में यात्रा कर सकता था। 20

›› पेज 2 भी देखें

### येल विश्वविद्यालय कनेक्टिकट के पीटर वैन डोक्कम ने कहा

न्यू हेवन में येल विश्वविद्यालय कनेक्टिकट के पीटर वैन डोक्कम ने कहा, हमें लगता है कि हम ब्लैक होल के पीछे एक जागरण देख रहे हैं जहाँ गैस ठंडी होती है और तारे बनाने में सक्षम होती है। इसलिए हम ब्लैक होल के पीछे स्टार गठन को देख पा रहे हैं। । उनके मुताबिक हम जो देख रहे हैं वह परिणाम है। यह कुछ वैसी स्थिति है, जैसे आसमान पर किसी जहाज के आगे निकल जाने के बाद उसके पीछे धुएं का एक गुबार लंबी लकीर की तरह छूटता चला जाता है। इस लंबे रास्ते या यूं कहें कि पगडंडी में बहुत सारे नए सितारे होने चाहिए, यह देखते हुए कि यह जिस मेजबान आकाशगंगा से जुड़ा है, उससे लगभग आधा चमकीला है। ब्लैक होल स्तंभ के एक छोर पर स्थित है, जो अपनी मूल आकाशगंगा में वापस फैला हुआ है। स्तंभ के सबसे बाहरी सिरे पर आयनित ऑक्सीजन की एक उल्लेखनीय उज्ज्वल गाँठ होती है। शोधकर्ताओं का मानना है कि गैस संभवत: ब्लैक होल के गैस से टकराने की गति से झटका और गर्म हो रही है, या यह ब्लैक होल के चारों ओर एक तेजी से घूमते डिस्क से विकिरण हो सकता है। वैन डोक्कम ने कहा, गैस के माध्यम से आगे बढ़ने वाले ब्लैक होल के इस सुपरसोनिक, बहुत उच्च-वेग प्रभाव के कारण इसके सामने गैस चौंक जाती है। यह वास्तव में कैसे काम करता है, वास्तव में ज्ञात नहीं है।

## बुर्किना फासो में फिर आतंकी हमला, 44 की मौत

**राष्ट्रीय खबर**



**ओगाडोडोऊ:** बुर्किना फासो में फिर से आतंकवादी हमला होने की खबर आयी है। इस बार सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने नाइजर की सीमा के पास पूर्वोत्तर बुर्किना फासो के दो गांवों पर हमला किया है। इस हमले में 44 नागरिक मारे गए थे। बीते गुरुवार (6 अप्रैल) को ये घटना इसी पश्चिम अफ्रीकी देश में हुई। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों के हवाले से दी गयी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि गुरुवार (6 अप्रैल) को सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने नाइजर की सीमा से लगे उत्तरी बुर्किना फासो के साहेल क्षेत्र के कौराकौ और तोंडोबी गांवों पर हमला किया। इस हमले में करीब 44 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। साहेल क्षेत्र के लेफ्टिनेंट गवर्नर रोडोलफे सोर्गो ने कहा कि गुरुवार को हुए हमले में कौरकाऊ में 31 और

›› पेज 2 भी देखें

# भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा प्रदेश भर में समरसता भोज का आयोजन

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले लोगों के विकास के लिए दृढ़संकल्पित है : रेणु देवी

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष लाजवंती झा के नेतृत्व में पूरे बिहार में महिला मोर्चा की बहनों के द्वारा समरसता भोज का आयोजन किया गया।

पटना के दीघा विधानसभा के अंतर्गत दीघा गाछी में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनो को साकार करते हुए सामाजिक न्याय सेवा सप्ताह मनाते हुए बगीचा में महादलित बहनों के साथ सह भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी, दीघा विधानसभा के विधायक संजीव चौरसिया, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष लाजवंती झा, वार्ड नंबर 22 ए की वार्ड पार्षद सुशीला देवी, धर्मेन्द्र कुमार के साथ सभी प्रदेश पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकताओं ने साथ बैठकर खिचड़ी चोखा का आनंद लिया। उनकी समस्याओं को सुना, साथ ही यह मैसेज दिया कि हम आप से अलग नहीं है। इस मौके पर उपस्थित पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस 06 अप्रैल से भारत रत्न बाबा साहब डॉ० भीम राव आंबेडकर जी की जयंती 14 अप्रैल तक पार्टी द्वारा मनाये जा रहे सामाजिक न्याय सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य भाजपा कार्यकताओं का क्षेत्र की जनता से उनका गहरा जुड़ाव सुनिश्चित करना है। उन्होंने आगे कहा कि आज आयोजित की गई समरसता सहभोज कार्यक्रम ह्लसामाजिक न्याय सेवा सप्ताहह्व का ही एक प्रमुख हिस्सा है,जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त भेदभाव जैसी कुरीतियों का सफाया सुनिश्चित करना तथा आपसी प्रेम और समरसता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर दीघा विधानसभा विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि मोदी जी का सेवा ही समर्पण के तहत सभी भाजपा कार्यकर्ता काम करते हैं। हमारी बहनों का दुख दूर करने का काम मोदी जी ने किया है और गर्ल्स हॉस्टल बनाकर के सभी बेटियों को रहना खाना और शिक्षा मुफ्त देने का काम किया है।



इस कार्यक्रम में मैट्रिक में इस समाज से पास हुई लड़कियों को भी सम्मानित किया गया । जिनका नाम खुशबू कुमारी, बबली कुमारी, पूजा कुमारी, रिद्धि और सिद्धि कुमारी कुमारी है।

इस अवसर पर भाजपा पटना महानगर के जिला अध्यक्ष अभिषेक चंद्रवंशी, भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शोभा सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विनीता मिश्रा, सोशल मीडिया प्रभारी प्रीती पाठक, निर्मला उपाध्याय, वंदना जी, चिंता ओझा, सोनी मिश्रा, शशि बल्दिहार, मंडल अध्यक्ष उषा पटेल, अनीता सिंह, अनीता यादव, धीरू भाई आदि उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### जाति गणना का प्रशिक्षण संपन्न

**सुगौली, पू.च :** प्रखंड में जाति गणना को लेकर प्रगणकों को और पर्यवेक्षकों का चल रहा प्रशिक्षण सोमवार को समाप्त हुआ।प्रशिक्षक विनोद चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण प्रखंड सभागार एवं किसान भवन सभागार में चल रहा था।जिसमें प्रत्येक पारी में 40 प्रगणको को और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था।अंतिम दिन सुरक्षित पर्यवेक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया गया।उन्होंने बताया कि कुल 440 प्रगणक और 74 पर्यवेक्षको तथा 44 सुरक्षित प्रगणक और 7 सुरक्षित पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।वही नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में संपन्न हुएं प्रशिक्षण के बारे में कार्यपालक पदाधिकारी रोशन कुमार के हवाले से बताया गया कि 85 प्रगणकों और 15 पर्यवेक्षकों को ट्रेनिंग दिया गया।

## रिलायंस ज्वेल्स ने तंजावुर कलेक्शन को प्रदर्शित किया

**पटना :** भारत के एक मुख्य आभूषण ब्रांड, रिलायंस ज्वेल्स ने गर्व से अपना शानदार अक्षय तृतीया कलेक्शन लॉन्च– तंजावुर को प्रदर्शित किया। सम्मोहक कर देने वाले मंदिरों, शाही दरबार हॉल, बोम्मई डोल और आर्टिस्टिक पूम्पुहर जहाजों से प्रेरित एक बहुत ही सुंदर आभूषण कलेक्शन। इस मौके पर रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ श्री सुनील नायक ने बताया, हमें इस अक्षय तृतीया पर संपूर्ण भारत में अपने तंजावुर कलेक्शन को प्रस्तुत करने पर गर्व है, जो तमिलनाडु में तंजावुर की समृद्ध विरासत के मूलतत्त्व को दिखलाता है। हमारे कथ्यपरक आभूषण कलेक्शन हमारे देश की विविध संस्कृति के लिए एक सम्मान हैं, और हम सीजन 7.0 के लॉन्च के साथ अपनी विरासत को जारी रखते हुए खुश हैं। हमारे ग्राहकों ने हमेशा हमारे कथ्यपरक कलेक्शन की तारीफ की है, और हमें विश्वास है कि वे इसे भी पसंद करेंगे। तंजावुर कलेक्शन के लिए रैंप वॉक करने वाली सेलिब्रिटी शोस्टॉपर जाह्नवी कपूर ने बताया, रिलायंस ज्वेल्स द्वारा लॉन्च किए गए तंजावुर कलेक्शन का भाग बनना एक पूर्ण आनंद की बात थी। ज्वेलरी पीस शानदार हैं और तंजावुर की समृद्ध विरासत के मूलतत्त्व को सही मायने में दर्शाते हैं। तमिलनाडु और इसकी समृद्ध संस्कृति का मेरे दिल में हमेशा एक विशेष जगह रहेगी क्योंकि यह मेरे परिवार की जड़ों का हिस्सा है और मैं इस शानदार नेकलेस सेट को पहनकर वास्तव में रोमांचित और बेहद खुश हूं, जिसे तंजावुर की शानदार विरासत को कई गुना में लाने के लिए विस्तार और असाधारण कारीगरी पर बहुत ध्यान दिया गया था। भारतीय कला और शिल्प कौशल की विविधता और सुंदरता का जश्न मनाने वाले इस तरह के शानदार आयोजन से जुड़ना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी।

## मंचासीन अतिथियों को बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर किया गया स्वागत



**गया :** सोमवार मगध विश्वविद्यालय बोधगया स्थित राधा-कृष्ण सभागार हॉल में रिसर्च एथिक्स एंड प्रोजेक्ट राइटिंग कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही, विश्वविद्यालय चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ राज्यवर्धन आजाद,प्रति कुलपति प्रो ब्रजराज प्रसाद सिन्हा, आइक्यूएसी की कोऑर्डिनेटर डॉ रहमत जहां को भगवान बुद्ध की प्रतिमा,महाबोधि मंदिर का प्रतीक चिन्ह एवं खादा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए डॉ रहमत जहां ने कहा कि ज्ञान की भूमि बोधगया में कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रो एस पी शाही के अथक प्रयास और कुशल निर्देशन में किया जा रहा है। 5 दिनों तक विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ और विद्वानों के द्वारा शोधार्थी छात्र छात्राओं को राइटिंग स्किल पर विशेष फोकस किया जाएगा।

### पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की हुई प्रसव जांच

**सुगौली, पू.च :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के साथ कोविड जाँच व टीकाकरण किया गया।सीएचसी प्रभारी डॉ शुभम कुमार ने बताया कि कोरोना काल में गर्भवती महिलाओं को कोरोना टीकाकरण से सुरक्षा प्रदान होगी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को साफ– सफाई के साथ अपनी सेहत का पूरा ख्याल स्वयं रखना है।महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर रही डॉ माधुरी ने बताया कि दर्जनों गर्भवती महिलाओं की एचआईवी, हेमोग्लोबिन,ब्लड शुगर,ब्लड प्रेशर,वीडीआरएल सहित अन्य तरह की जांच की गई और स्वास्थ्य जांच के साथ आयरन,कैल्सियम व अन्य दवाओं का हुआ वितरण किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को सलाह दिया गया कि संतुलित आहार का भी उपयोग करना चाहिए ताकि गर्भवती व गर्भस्थ शिशु पर कोई आंच न आए। उन्हें समय-समय पर आशा कार्यकर्ता के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए।स्वास्थ्य जांच के समय डॉ नूरुल हक, एएनएम रंजू कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## आईएमपीपीए के अध्यक्ष अभय सिन्हा और कॉमेडियन सुनील पॉल ने निमार्ता अशोक प्रसाद अभिषेक को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** फिल्म निमार्ता और फिल्म ट्रेडिंग कम्पनी व आईटी कंपनी आई इव एरा के प्रमुख अशोक प्रसाद अभिषेक का जन्मदिन मुंबई में धूमधाम से मनाया, जहां इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा और मशहूर कॉमेडियन सुनील पाल ने उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनकी इस बर्थडे पार्टी में कई फिल्मी हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें मुख्य रूप से योगेश लखानी, लालबाबू पंडित, जगदीश शर्मा, करण पांडेय, सुदीप पांडेय, हिंदुस्तानी भाऊ, म्यूजिक डायरेक्टर दिलीप सेन के साथ बाबा ब्रजमोहन दास, बाबा राजकुमार दास और डॉ ओमकार नंद जी महाराज भी शामिल हुए।





सबों के साथ मिलकर अशोक प्रसाद अभिषेक ने केक काट कर अपना जन्मदिन मनाया। इसके बाद उन्हें सबों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान सबों ने उनकी लंबी उम्र की कामना की। अशोक प्रसाद अभिषेक के जन्मदिन के अवसर पर उनकी कंपनी आई इव एरा की ओर से भी खूब सारी बधाइयां मिली। इसके अलावा अशोक प्रसाद अभिषेक को जन्मदिन के अवसर पर उनके चाहने वाले, प्रशंसकों, उनके परिजनों और उन्हें जाने वालों ने फोन पर व अन्य माध्यमों से बधाई एवं शुभकामनाएं भेजी।

अशोक प्रसाद अभिषेक ने सभी प्रिय जनों से मिली शुभेच्छा के लिए आभार जताया और कहा कि मेरे लिए मेरा जन्मदिन इस बार बेहद खास रहा और इसे खास बनाने वाले तमाम लोगों को मैं दिल से आभार प्रकट करता हूं। आपने मेरे इस दिन को यादगार लम्हों में शुमार किया। आप लोगों के प्यार और आशीर्वाद से मैं अभिभूत हूं और भरोसा दिलाना चाहता हूं कि आपसे हमारा यह रिश्ता सदा बना रहेगा। उन्होंने फोन और मैसेज के जरिए मिले शुभकामना संदेश के लिए भी आत्मीय जनों को धन्यवाद कहा।

## नगर निगम में प्रोन्नत होने के बाद नियमों को दरकिनार कर भवन निर्माण जारी

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** नगर निगम क्षेत्र मे हो रहे नये निर्माण नियमों को ताक पर रखकर हो रहे है और अधिकारियों की नजरो में होने के बाबजूद इस ओर ध्यान नहीं देना कहीं ना कहीं भ्रस्टाचार की ओर इशारा करता है। हालाँकि कुछ लोग द्वारा दबे शब्दों से बताया जा रहा है कि इसके लिये अवैध वसूली की जाती है ।परन्तु इसके लिये कोई सबूत नहीं मिले है। परंतु अधिकारियों द्वारा जानकारी के बावजूद इसपर कोई कार्यवाहियों का ना करना इस दावे को मजबूती प्रदान करता है। बेतिया को नगर परिषद से नगर निगम में पदोन्नति तो हो गई और इस पदोन्नति के साथ ही नगर की जनता को ये उम्मीद भी जगी की अब उन्हें मिलने वाली सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और उन्हें बेहतर सुख सुविधाएं मिलेंगी। परंतु वर्त्तमान स्थिति को देख कर ऐसा नहीं लगता है कि वर्त्तमान अधिकारी जनता को ये सुख सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम हो पायेंगे। क्यूँकी उनकी कार्यप्रणाली सिर्फ इस बात की ओर इशारा करती है कि वो ज्यादा से ज्यादा पैसा खर्च करने मे विश्वास रखते है। भले ही वो नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं में शामिल हो या ना हो। उनकी यह कार्यप्रणाली कभी - कभी यह सोचने पर मजबूर कर देती है कि ज्यादा से ज्यादा रकम को खर्च करना कहीं इनके निजी फायदे के लिए तो नहीं है? आखिर नगर निगम का ध्यान पहले नागरिको की मुख्य जरूरत की तरफ ना होकर सिर्फ और सिर्फ बड़ी- बड़ी योजनाओं में लगा रखा है। हालाँकि ये योजनायें भी जनहित में ही है। परन्तु सर्वप्रथम जनता को जिस चीज की ज्यादा जरूरत है उनमे प्रमुख है। शुद्ध हवा/ धूलमुक्त वातावरण, शुद्ध जल, साफ सुथरी सड़के, सुन्दर और साफ सुथरी नालियाँ, स्वास्थ्य सेवाएँ आप स्वयं देख सकते है कि नगर निगम के अधिकारी इनमें से कौन कौन सी सुविधाओं को उपलब्ध कराने पर जोर दे रहे है। आपके लिए यह भी जानना जरूरी है कि जिन सुविधाओं पर नगर निगम आपके दिये टैक्स के सैकड़ों करोड़ खर्च कर देता है उसकी उपयोगिता क्या आपको मिल पाती है?

# कार्यशाला में डॉ नीरज कुमार के द्वारा रचित दो पुस्तकों का भव्य लोकार्पण

अंग्रेजी साहित्य में कई पुस्तकों का कर चुके हैं प्रकाशन

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया :** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के डॉ राधा कृष्ण सभागार हॉल में रिसर्च एथिक्स एंड प्रोजेक्ट राइटिंग कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ नीरज कुमार के द्वारा लिखित 'पोस्टकॉलोनियलिज्म रीसेंट पर्सपेक्टिव' एवं 'विमेन इन सोमादेवा कथा सरित सागर' का भव्य लोकार्पण बिहार विश्वविद्यालय चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ राजवर्धन आजाद,मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति डॉ शशि प्रताप शाही, विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो ब्रजराज कुमार सिन्हा एवं आइक्यूएसी की कोऑर्डिनेटर डॉ रहमत जहां की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। पुस्तक के लेखक (प्रो) डॉ नीरज कुमार ने बताया कि पोस्ट कॉलोनियलिज्म पीरियड के साहित्यिक पर रिसर्च स्कॉलर एवं लेखकों के द्वारा रिसर्च संग्रहित किया गया है। जिसमें 17 विषय संकलित किए गए है। इस पुस्तक के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य पोस्ट कॉलोनियलिज्म के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शना है,जो आने वाले दिनों में शोध छात्रों के लिए उपयोगी साबित होगा। वही विमेन इन सोमादेवा कथा सरित सागर डॉ नीरज कुमार की माता विंध्या रानी अग्रवाल के सहसंपादन में पुस्तक लिखी गई है। इस पुस्तक में कश्मीर के राजा की पत्नी सूर्यमती की कहानियों पर आधारित घटनाओं का चित्रण किया गया है। 11वीं शताब्दी में महिलाओं की स्थिति क्या थी इस पर विशेष रूप से दशार्या गया है। कहानियों में सूक्ष्मता पूर्ण अवलोकन एवं उनका रोमांचक वर्णन इसके एक-एक शब्द को पढ़ने लायक बनाता है।इस किताब को पढ़ते हुए आप इसकी एक पंक्ति को छोड़ते आगे नहीं बढ़ सकते।यही इस किताब का सबसे बड़ा गुण है। उक्त दोनों पुस्तकों के लोकार्पण पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ नीरज कुमार के इस अप्रतिम एवं ऐतिहासिक कार्यों के लिए सराहना की। बता दें कि डॉ नीरज कुमार वर्ष 1996 से अंग्रेजी साहित्य में अध्यापन के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। यह उनकी दसवीं पुस्तक है। इससे पहले अंग्रेजी भाषा में उनकी कविताओं के संग्रह और कहानियों के अलावे उपन्यास भी पाठकों के सामने आ चुके हैं। मगध विश्वविद्यालय के द्वारा प्रकाशित न्यूजलेटर एवं स्थापना दिवस पर प्रकाशित स्मारिका में संपादक मंडल के सदस्य के रूप में प्रशंसनीय कार्य किए हैं। इनके दो पुस्तकों के लोकार्पण पर अंग्रेजी विभाग की विभागध्यक्षा डॉ सरिता वीरांगना एवं जीबीएम कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



# फर्जी बंदोबस्ती कराकर हड़प लिया बेतिया राज की जमीन

राष्ट्रीय खबर

**मधुबनी :** प्रखंड के सटे बासी चौक पर दहवा गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा निजी विद्यालय बनाकर बेतिया राज्य की जमीन हड़प लिया गया है। साथ ही एक फर्जी कागजात बनवाकर लोगो एवं अधिकारियों को गुमराह किया जाता हैं। इसकी खुलाशा तब हुई जब स्थानीय ग्रामीणों ने जमीन की कागजात की जांच अंचलाधिकारी से करवाई। अब विद्यालय संचालक के ऊपर गिर सकती हैं गाज। अंचलाधिकारी ने कार्यवाई के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली है। जानकारी के अनुसार बासी चौक पर बेतिया राज्य की काफी जमीने हैं। कुछ जमीने मंदिर के अधीन है। बेतिया राज्य के करीब एक एकड़ जमीन पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा एक विद्यालय खोला गया। जिसके देख रेख की जिम्मेदारी दहवा गांव निवासी गामा चौधरी को सौपी गई। बाद में गामा चौधरी द्वारा उस जमीन को अपने पिता चंचल चौधरी के नाम से फर्जी बंदोबस्ती का कागज बनवा लिया गया। जब इसकी भनक स्थानीय ग्रामीणों को लगी तो, ग्रामीणों ने एक आवेदन अंचलाधिकारी मधुबनी को देकर जांच की मांग किया। अंचलाधिकारी द्वारा बेतिया राज्य से बंदोबस्ती का जांच कराया गया तो, कागजात फर्जी निकला। बेतिया राज्य में चंचल चौधरी के नाम से कोई बंदोबस्ती नही है। इस संबंध में अंचलाधिकारी गौरव प्रकाश ने बताया कि, कागजात फर्जी पाया गया है। विद्यालय संचालक पर कार्यवाई की जाएगी। बिना मानक एवं बिना रजिस्ट्रेशन के बासी का विद्यालय हरिहर शक्ति मानस मंदिर के से चलता है, परंतु शिक्षा विभाग मौन साधे हुए हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग के प्रति भी ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों के अनुसार शिक्षा विभाग के मिली भगत से बिना रजिस्ट्रेशन का कई विद्यालय चलाया जा रहा है।



# दिल्ली विश्वविद्यालय से भी बेहतर शोध कार्य मगध विश्वविद्यालय में हो : डॉ राजवर्धन

## मविवि के विकास के लिए शिक्षकों का सहयोग जरूरी : कुलपति

राष्ट्रीय सागर

**बोधगया :** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में आइक्यूएसी, मगध विश्वविद्यालय के तत्वाधान में ₹रिसर्च एथिक्स एंड प्रोजेक्ट राइटिंग₹ विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों को भगवान बुद्ध की मूर्ति एवं खादा भेंट कर सम्मानित किया गया।स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की संयोजिका सह अंग्रेजी विभाग की प्रो रहमत जहां ने कहा कि हमारे नए कुलपति के मार्गदर्शन में इस कार्यशाला का आयोजन अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि कुलपति के आने के बाद से ही विश्वविद्यालय में इस तरह के रिसर्च ओरिएंटेड क्रियाकलाप आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के सह-संरक्षक प्रतिकुलपति प्रो बी आर के सिन्हा ने नैक और आईक्यूएसी की उपयोगिता बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में आइक्यूएसी कि जिम्मेदारी होती है कि निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ विश्वविद्यालय के नैक के कार्यों को अग्रसारित करें। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कार्यक्रम के संरक्षक सह मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एस पी शाही ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय के इस पांच दिवसीय कार्यशाला से अपनी पुरानी गौरवशाली शैक्षणिक वातावरण को पुनः स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि नैक कराने के लिए शोध प्रोजेक्ट की जो आवश्यकता होती है, उस कार्य को पूर्ण करने के लिए यह कार्यशाला मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपने स्तर पर हर संभव सहयोग विश्वविद्यालय को देने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जब हम मिलकर एक साथ एक लक्ष्य की ओर कार्य करेंगे तो अवश्य अच्छा हासिल करेंगे। मुख्य अतिथि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ राजवर्धन आजाद ने कहा कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को पुनः क्रियाशील करने के लिए इस तरह की कार्यशाला का आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण है। शोध कार्य तथ्यपरक और शुद्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शोध शिक्षकों के मानक स्तर को मापने का एक माध्यम है। शोध कार्य से नए-नए विचार और तकनीक पैदा होते हैं। निष्ठा पूर्वक और सब के सहयोग के साथ किया गया शोध कार्य ही सफल होता है। दिल्ली विश्वविद्यालय से भी बेहतर शोध कार्य मगध विश्वविद्यालय में हो। इसके लिए हम सबों को प्रयास करने की जरूरत है। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ शैलेंद्र कुमार, अंग्रेजी विभाग की विभागध्यक्षा अध्यक्षा डॉ सरिता वीरांगना, गया कॉलेज गया के प्राचार्य डॉ दीपक कुमार, ए एम कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव, जीबीएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ जावेद अशरफ, जेजे कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्येंद्र प्रजापति, डॉ नीरज कुमार डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ निभा सिंह, डॉ दीपशिखा पांडे, डॉ ममता मेहरा डॉ शिल्पी बनर्जी सहित विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष शोधार्थी छात्र-छात्राएं एवं डेलिगेट्स उपस्थित थे।



## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे उमड़ी मरीजों की भीड़, विधायक ने किया उद्घाटन



**बगहा :** थरूहट की राजधानी कहे जाने वाले हरनाटांड में सोमवार के दिन हैनीमैन जयंती के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर मौजूद अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा मरीजों का इलाज किया गया तथा संबंधित बिमारियों की दवाइया भी निशुल्क मरीजों को दी गई। स्वास्थ्य शिविर में सुबह से मरीज आने लगे और दोपहर तक तो मरीजों की संख्या सैकड़ों में पहुंच गई। शिविर में पहुंचे मरीजों की अनुमानित संख्या करीब 350 तक बताई जा रही है। वही खबर लिखे जाने तक करीब 250 मरीजों का निशुल्क जांच दवाई सहित इलाज किया जा चुका था। स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन करीब 11 बजे दिन में वाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह द्वारा किया गया। उद्घाटन के उपरांत स्थानीय विधायक ने कहां की निशुल्क जांच शिविर लगाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। क्षेत्र के गरीब असहाय मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने शिविर के आयोजनकताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन हरनाटांड के चर्चित युवा चिकित्सक डॉक्टर त्रिशूल सिंह तथा सिंह होमियो क्लिनिक के संयुक्त प्रयास से किया गया। आयोजक डॉक्टर त्रिशूल सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल के दिन ही होम्योपैथ के जनक कहे जाने वाले डॉ सैमुअल हैनीमैन का जन्म हुआ था। डॉक्टर त्रिशूल सिंह ने आगे बताया कि पूरा विश्व आज डॉ हैनिमैन का कृतज्ञ है। यह एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो गंभीर से गंभीर असाध्य बीमारियों को मामूली खर्च मे बिना किसी साइड इफेक्ट के ठीक कर देता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कमजोर तबके के मरीजों के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोशिश है कि अधिक से अधिक लोगों की सेवा हो सके।

शहर >> अपडेट

## आग लगने से बुरी तरह जली गाय

**मधुबनी** : धनहा थाना क्षेत्र के मधुबनी पंचायत के गदीयानी टोला में सोमवार को अज्ञात कारण से आग लग जाने के कारण दो घर जलकर राख हो गई। आग लगने से एक घर और घर में रखे सभी समान सहित एक गाय बुरी तरह जल गई है। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा था। आग लगने का सप्ष्ट कारण का पता नही चल सका है। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय थाने से अग्निशमन वाहन पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग किया। मिली जानकारी के अनुसार भिखारी यादव के घर में अचानक दो बजे के बाद दिन में घर में आग लग गई। पछुआ हवा होने के कारण आग की लपटे देखकर इलाके में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ था। वही आग पर काबू पाने के लिए स्थानीय लोग और दमकल कर्मियों के द्वारा आग पर काबू पाने के लिए प्रयास किया जा रहा था।

# चम्पारण का सफेद और सोन का पीला सोना है बालू

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया** : बिहार में बालू का कारोबार सोना उगल रहा है। इस व्यवसाय से लाखों लोगों की जीविका संचालित है। नदी से बालू छानने वालों से लेकर लोड, अनलोड, ड्राइवर, ब्रोकर, ठेकेदार, ट्रांसपोर्टर तथा उपर्युक्त व्यवसाय में लगे अन्य लोगों को अच्छी खासी कमाई हो रही है। बालू की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने के कारण बालू खरीदारों के पसीने छूट रहे हैं। बताया जाता है कि इस व्यवसाय में दलाली भी चरम सीमा पर है। जिसके वजह से बालू के मूल्य आसमान छू रहे हैं। आरा से लेकर बेतिया तक कई जगहों पर कई माध्यमों से ट्रांसपोर्टरों से अवैध उगाही की जाती है, ट्रांसपोर्टर भी ओवर लोडिंग कर अवैध वसूली को प्रोत्साहित कर रहे हैं। बेतिया हवाई अड्डा के पास स्थित बालू मंडी में पंकज कुमार, विशाल कुमार, टिंकू कुमार, बलिंदर कुमार तथा इस व्यवसाय से जुड़े अन्य लोगों ने बताया कि बालू आरा क्षेत्र से चलकर बेतिया मंडी तक पहुंचने में हजारों हजार रुपए उन्हे देने पड़ते हैं। जिसमें डडीटीओ मोबाइल, खनन विभाग, थाना स्टाफ तथा अन्य लोग शामिल हैं। यही नहीं रुपये देने में कोई आनाकानी करता है, तो भारी-भरकम राशि का चालान भी काट दिया जाता है। जिसके कारण बिहार का यह पीला बालू आरा से चल कर बेतिया आते-आते सोने के मोल बिकने लगता है। वर्तमान परिस्थिति में एक ट्रक बालू की कीमत 40 से 45 हजार रुपए की जगह एक ट्रक बालू 80 से 85 हजर रुपए की कीमत में उपलब्ध है। जबकि चम्पारण का सफेद बालू, जो 300 रुपए प्रति ट्रेलर उपलब्ध रहा अब 6 से 9 हजार प्रति ट्रेलर की दर से उपलब्ध है। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं कि सरकार की पकड़ प्रशासन पर काफी कमजोर हो चुकी हैं। प्रबुद्धजनों का कहना है कि बिहार में भाजपानीत नीतीश कुमार की सरकार में नौकरशाही सिर चढ़कर बोलती रही है अब राजदनीत नीतीश कुमार की सरकार विगत 8 माह से संचालित है अलबत्ता नौकरशाही की हनक यथावत दृष्टिगोचर है। ऐसे में भ्रष्टाचार का बोलबाला इस कदर है कि आमजन त्रस्त हैं अलबत्ता आमजन की पीड़ा की आवाज हुक्मरान के कान तक नहीं पहुंच रहे हैं।



## निर्मला जयप्रकाश फाउंडेशन ने किया अग्निपीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण



**मुजफ्फरपुर** : जिला अंतर्गत कांटी साइन पंचायत के बँगड़ा गाँव में पिछले दिनों हुई भीषण आगलगी कि घटना के पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें 40 परिवार बेघर हो गए थे। उनके घर मे रखे कपड़ा,अनाज ,नगद सहित सारा सामान जल कर राख हो गया था। उन अग्निपीड़ितों के बीच डॉ संजीव मेमोरियल सेवा सदन प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक एवं निर्मला जयप्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी डॉ सुधीर कुमार सिन्हा , डॉ रुब्बी कुमारी, निर्मला सिंह, सत्यजीत कुमार, शाश्वत कुमार आदि लोगो द्वारा राहत सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान अग्नि पीड़ितों के बीच तिरपाल, साड़ी, धोती, बच्चों का कपड़ा सहित नगद राशि भी दिया गया। मुख्य ट्रस्टी डॉ. सिन्हा ने कहा की पीडित मानव की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस मौके पर वार्ड सदस्य दीपक कुमार पासवान समाजसेवी जगरनाथ साह सहित कई लोग उपस्थिय थे।

## चंपारण शतरंज अकादमी को मिली मान्यता



**बेतिया** : ऑल बिहार शतरंज संघ द्वारा चंपारण शतरंज अकादमी पश्चिमी चंपारण को मान्यता मिली है। जिसके बाद अकादमी के संस्थापक अध्यक्ष सह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शाहिद हुसैन ने बताया कि मान्यता मिलने से अब बेतिया शहर के साथ-साथ पश्चिमी चंपारण के ग्रामीण क्षेत्र में भी शतरंज जैसे बौद्धिक खेल का विकास होगा। मान्यता मिलने पर निदेशक नवीन कुमार, मुख्य संरक्षक डॉ मोहम्मद गुलजार, कार्यसमिति के सदस्य अमन कुमार, प्रमोद कुमार, तौसीफ आलम, मनोरंजन सिन्हा अन्य खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## टीईटी शिक्षक संघ सदस्यता अभियान का हुआ आरंभ



राष्ट्रीय खबर

**टेटिया बंबर** : प्रखंड में टी ई टी शिक्षक संघ सदस्यता अभियान सदस्यता प्रमुख मुकुल प्रियदर्शी के द्वारा प्रारंभ किया गया। प्रथम दिन दर्जनों लोगों को सदस्य बनाया गया, जिनमें मुख्य रूप से टी ई टी शिक्षक संघ के जिला सचिव उमाशंकर सिंह टेटियाबम्बर के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार मध्य विद्यालय तुलसीपुर के कृष्ण मुरारी मध्य विद्यालय रैनिया के शौरभ कुमार मध्य विद्यालय फरसा के मिथिलेश सिंह, शाहनवाज खान, संदीप कुमार, रामकृष्ण कुमार आदि लोग सदस्यता ग्रहण किये। वही बिहार सरकार द्वारा शिक्षक नियोजन संबंधित नियमाबली केबिनेट द्वारा पास किए जाने पर भी सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।यह सदस्यता अभियान अभी जारी रहेगा और आने वाले दिनों में लगातार नए सदस्य बनाए जाएंगे और संगठन को और मजबूत किया जाएगा।

## अध्यापक शिक्षक सेवा शर्त नियमावली पर कैबिनेट की मुहर हर्ष का विषय : टीईटी शिक्षक संघ

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर** : टीईटी के जिलाध्यक्ष सह प्रदेश संगठन महामंत्री राहुल देव सिंह ने कैबिनेट से बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक ( नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनिक कारवाई एवं सेवा शर्त-2023 ) शिक्षक नियुक्ति को लेकर नियमावली -2023 जारी करने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होने बताया की इस नये शिक्षक नियोजन नियमावली से सातवें चरण के शिक्षक बहाली का रास्ता साफ हो गया है। इस नियमावली के कैबिनेट से पास होने में बिहार के तमाम शिक्षक अभ्यर्थी का बहुत बडा योगदान है। जिन्होने सडक पर अपने अनवरत जीवन्त संघर्ष से सरकार को नियमावली लाने को बाध्य किया। इस नए शिक्षक नियमावली -2023 के तहत अब शिक्षक बहाली के लिए आयोग परीक्षा लेगी. अभी जो शिक्षक काम कर रहे हैं उन्हें भी परीक्षा में भाग लेने की छूट मिलेगी देर से ही सही लेकिन शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए ये कैबिनेट से नई नियमावली आने से हजारों शिक्षक अभ्यर्थी ने राहत की सांस लिया है। साथ ही साथ अब जो भी नई नियुक्ति होंगी आयोग के माध्यम से होंगी. अब जो भी शिक्षक की नई नियुक्ति होगी वह सभी सरकारी कर्मचारी के रूप में जाने जाएंगे।

जिला संयोजक राकेश कुमार यादव एवं जिला महासचिव प्रभाकर भारती ने संयुक्त रूप से बताया की पहले से कार्यरत शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान नहीं किये जाने से संघ ने निराशा व्यक्त करते हुए बताया कि सरकार को इस पर अपने चुनाव के दौरान किये गये वादों को अमल करते हुए राज्यकर्मी का दर्जा, पुराना पेंशन के मागों को शीघ्रताशीघ्र पूरा करना चाहिए। बिहार में 3 लाख शिक्षकों की जरूरत है. इस नियम से नियोजित शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ सकेगी नियुक्ति के लिए न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित किया गया है।

टीईटी शिक्षक संघ ने शिक्षकों खासकर महिला शिक्षिकाओ के स्थानान्तरण को लेकर शुरूआत से ही मुखर रहा है जो इस नियमावली आने से सुलभ एवं शीघ्रताशीघ्र पूरा हो सकेगा।

## भाजपा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की हुई बैठक



**मोतिहारी** : बंजरिया स्थित एकता मैरिज होटल में भारतीय जनता पार्टी संगठन जिला रक्सौल के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की बैठक जिला अध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सभी नव मनोनीत मंच मोर्चा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर संजय जयसवाल, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहनी, पूर्व एमएलसी बबलू गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शंकर सिंह, उपाध्यक्ष अवध पटेल, वरिष्ठ नेता ध्रुव प्रसाद,भाजपा वरिष्ठ नेता राम गोपाल खंडेलवाल, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता, सत्यम, विनोद, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नितेश पटेल एवं सभी अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## बिजली से लगी आग ने तीन घरों को राख किया

**योगापट्टी** : प्रखण्ड के बगही नुनिया टोला गांव में बिजली की जर्जर तार घर पर गिरने से घर में लगी आग से तीन घर जलकर राख हो गया, घटना रविवार की साढे बारह बजे की बतायी गई है। घटना की खबर ग्रामीणों ने अग्निशमन दस्ता को दी। घटना की खबर पर पहुंची अग्निशमन दशता की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर नियंत्रण में कर लिया। उन्होंने आग फैलने से बचा लिया, जिससे गांव के अन्य घर जलने से बच गये। जानकारी के अनुसार रविवार को प्रखंड के बगही पुरैना पंचायत के वार्ड नंबर 6 के नुनिया टोला बगही गांव में विद्युत आपूर्ति वाला तार गांव के जनक महतो के फूस के घर पर गिर गया। जिससे उनके घर में आग लग गयी और देखते ही देखते गांव के मनोज महतो, जनक महतो और मुकुल महतो के घर को जलकर राख कर दिया। आपको बता दें कि गांव में विद्युत आपूर्ति वाला तार जर्जर होने से यह घटना होने की बात ग्रामीणों ने बताया है। घटना को लेकर बिजली विभाग पर ग्रामीणों का आक्रोशित है, घटना में अग्नि पीड़ित परिवार के लोगों के घर में रखे सभी समान सहित तीन बकरियां भी झुलस जाने की खबर है। इस घटना में हजारों की संपत्ति जलकर खाक में तब्दील हो गई, इस बावत सीओ प्रियव्रत कुमार ने बताया कि घटना की खबर मिलने पर घटनास्थल पर कर्मचारी को जांच के लिए भेजा गया है। कर्मचारी से पीड़ितों की सुची मिलने के बाद अग्नि पिडित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा।

## अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रंजन सिंह ने मतदाताओं से मांगे वोट

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर** : जमुई सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी लखीसराय जिले के पूर्व जिप चेयरमैन नुनू बाबू का भतीजा रंजन सिंह ने सोमवार को धरहरा व मुंगेर के विभिन्न जगहों में पहुंचकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने मतदाताओं से 12 अप्रैल को मुंगेर पहुंचकर अपना कीमती वोट डालने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कई दशकों से उनके पिताजी रामबालक सिंह को जनता ने लगातार मुखिया जी जैसे महत्वपूर्ण पद पर कार्य करने का मौका दिया है। वही उनके चाचा नुनू बाबू सिंह को मतदाताओं ने जिला परिषद लखीसराय के अध्यक्ष पद पर 2006 से 2011 व 2016 से 2021 तक सेवा करने का मौका दिया। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि उनके बैलट पेपर के क्रमांक संख्या 3 पर निशान लगा कर अपना बहुमूल्य वोट दें और सेवा करने का एक मौका प्रदान करें। निर्वाचित होने के बाद किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे। किसान के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। इसके अलावा पैक्स के द्वारा धान व गेहूं क्रय समर्थन मूल्य का लाभ किसानों को दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि पैक्स अध्यक्षों को हर संभव मदद करेंगे। बताते चलें कि 4 जिले मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा जमुई के पैक्स अध्यक्ष व्यापार मंडल व प्रखंड स्तरीय समिति के द्वारा जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मुंगेर के चेयरमैन, उपाध्यक्ष, निदेशक मंडल का चुनाव अगामी 12 अप्रैल होगा। मतदाता सुबह 7:00 से शाम 4:30 तक अपना बहुमूल्य मत दे सकेंगे। बताते चलें कि अध्यक्ष पद के लिए लखीसराय जिले के पिपरिया प्रखंड के मोहनपुर पैक्स अध्यक्ष रंजन सिंह, मिंटू देवी, उरैन के सुबोध कुमार, मुंगेर जिले के तारापुर कमर गामा केए निलेश कुमार वहीं उपाध्यक्ष के लिए जमुई के श्रीकांत यादव सहित कुल चार प्रत्याशियों, वहीं निदेशक पद के लिए पिछड़ा वर्ग से धरहरा प्रखंड के मानगढ़ पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार जमुई के बुल्लू कुमार, घोसैठ के अमरेश सहित कुल 24 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। इस चुनाव में लखीसराय, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर जिले के कुल 388 मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग लेंगे।

## विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**हवेली खड़गपुर** : नगर के पंचकुमारी कन्या उच्च विद्यालय खरगपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक माननीय विधायक सह अध्यक्ष आदरणीय राजीव कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में सर्वप्रथम विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह सचिव के द्वारा अध्यक्ष विधायक राजीव कुमार सिंह जी का बुके देकर एवं माला पहना कर सम्मानित किया, स्कूल के छात्रों के द्वारा स्वागत गान गाकर सम्मानित अतिथि का स्वागत किया गया, बैठक में सचिव सह प्रधानाध्यापक नसरूलजमाल ने विद्यालय में मूलभूत समस्याओं से विधायक जी को अवगत कराया सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में मैदान की मिट्टी भराई कर समतलीकरण करना, सभी क्लास रूम में सेड की व्यवस्था करना सभी वॉशरूम में पानी का पाइप लाइन देना ,बेहतर पानी की व्यवस्था के लिए आ रो की खरीदारी करना, संगीत के लिए हारमोनियम तबला तथा माइक्रोफोन स्पीकर खरीदना इस पर विचार किया गया जिसमें सर्वसम्मति से यह सारे काम करने का निर्णय प्रबंध समिति में लिया गया इस मौके पर शिक्षा प्रेमी सदस्य श्रीमती रेखा सिंह चौहान सदस्य सिकंदर रविदास सदस्य निरंजन सिंह वरीय शिक्षक सदस्य अजय सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे। वहीं दूसरी और राजेंद्र श्री कृष्ण उच्च विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सह विधायक राजीव कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रभारी प्रधानाध्यापिका सह सचिव कुमारी रीता के द्वारा माननीय विधायक जी को बुके भेंट कर स्वागते किया, बैठक में राजेंद्र श्रीकृष्ण उच्च विद्यालय की जर्जर हालत को देखते हुए माननीय विधायक ने इसके लिए विभाग से एवं शिक्षा मंत्री से मिलकर इस विद्यालय को सुंदर बनाने की पहल की जाएगी वही विकास मद से तत्काल विद्यालय को रंगाई पुताई पानी की संपूर्ण व्यवस्था छात्र एवं छात्राओं के शौचालय में नल लगाने का निर्णय लिया गया, विधायक फंड से विद्यालय में ब्रेंच टेबुल की व्यवस्था की जाएगी विद्यालय का चारदीवारी तोड़कर अंदर अतिक्रमण किए हुए व्यक्ति को चिन्हित कर अंचल अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष को प्रधानाध्यापिका के द्वारा आवेदन देकर हटाने पर विचार किया गया।

## अरविन्द सिंह दुसरे बार बने जदयू प्रखंड अध्यक्ष, कार्यकताओं में हर्ष



**सुगौली, पू च** : प्रखंड जदयू के पद पर अरविन्द कुमार सिंह को दूसरी बार जदयू का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है।इसको लेकर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने एक सूची जारी की है। जिसमे पूर्वी चंपारण में जदयू के छः प्रखंडों के अध्यक्ष मनोनीत किये गए है। जिसमे अरविन्द कुमार सिंह को दूसरी बार जदयू प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गयी। इनके प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर जदयू जिलाध्यक्ष मंजू देवी, केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष रंजन पटेल, कुणाल पटेल, पूर्व सुगौली विधान सभा प्रत्याशी जुल्फेकर अली, पुण्यदेव साह, ईश्वर पटेल सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दी।

# वीटीआर मे ट्रेन से कटकर तेंदुआ की मौत, मदनपुर वन विश्रामालय में हुआ पोस्टमार्टम

### चार घंटे तक अधिकारियों के इंतजार में रेलवे ट्रैक पर पड़ रहा शव

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : भारत के टाइगर रिजर्व (व्याघ्र अभ्यारण्य ) की स्थापना के 50 साल पूरे होने पर वन विभाग गोल्डन जुबली मना रहा है। इसी बीच मदनपुर में तेंदुआ की मौत से वीटीआर में मातम का माहौल हो गया है। रविवार के अहले सुबह वन प्रमंडल दो के मदनपुर वनक्षेत्र के वाल्मीकिनगर रोड रेलवे स्टेशन के समीप मदनपुर देवी स्थान के भपसा नाला के रेलवे पुल संख्या 383 को पार करने के दौरान एक व्यस्क मादा तेंदुआ की मौत हो गई। यह व्यस्क तेंदुआ की उम्र करीब चार वर्ष से अधिक का बताया गया। ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि तेंदुआ की मौत रविवार की करीब तीन से चार बजे गोरखपुर से नरकटियागंज जा रही किसी ट्रेन से कटकर हुई हैं। सुचना पर नवनियुक्त रेंजर राजेश रौशन व कांटी उपखंड के वनरक्षी गौरीशंकर दुबे के नेतृत्व वनकमीयों कि टीम पहुंची, और वरीय अधिकारियों को घटना के जानकारी दी। तेंदुए की मौत की जानकारी वन कर्मियों ने वन विभाग के वरीय अधिकारियों को तुरंत दे दिया था लेकिन दुर्भाग्य यह रहा कि वरीय अधिकारियों के इंतजार में करीब चार घंटों तक रेलवे ट्रेक पर तेंदुए की शव पड़ा रहा। उसी तेंदुए की शव के ऊपर से ट्रेन आती और जाती रही. लेकिन वन विभाग के वन क्षेत्र अधिकारी चार घंटे बाद पहुंचें।

तेंदुआ की सुचना मिलने के करीब चार घंटा बाद मदनपुर वनक्षेत्र के रेंजर उमेश प्रसाद राम, बायोलॉजिस्ट सौरभ कुमार नेतृत्व मे वनकमीयों की टीम पहुंची तथा रेलवे स्टेशन मास्टर समेत रेलवे अधिकारी व आरपीएफ की टीम पहुंच घटना की जांच पड़ताल किया गया तथा तेंदुआ के शव को पोस्टमार्टम के लिए मदनपुर वन विश्रामालय मे लाया गया।जहां वन वन विभाग के डीएफओ नीरज नारायण व पशु चिकित्सक मनोज कुमार टोनी घटनास्थल पर पहुंचे.

वन प्रमंडल दो के डीएफओ नीरज नारायण ने बताया कि सुचना मिली कि गोरखपुर-नरकटियागंज रेल खेड के वाल्मीकिनगर रोड रेलवे स्टेशन से आगे भपसा पुल के पास अज्ञात ट्रेन की ठोकर से एक तेंदुआ की मौत हुई है। कागजी प्रक्रिया के बाद तेंदुआ के शव को पोस्टमार्टम के लिए मदनपुर वन विश्रामालय लाया गया। जहां पशु चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम कर शव को अंतिम संस्कार किया गया और विभाग के द्वारा जांच की जा रही है कि उसकी मौत किस ट्रेन की चपेट में आने से हुई है. उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। तेंदुआ की उम्र व लिंग की पहचान उसके पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकता है।

## डॉ. हैनीमैन की 268 वीं जयंती पर निःशुल्क होमियोपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया, प. च.** : जिला मुख्यालय बेतिया स्थित रेड क्रॉस भवन में होम्योपैथ के जनक डॉ सैमुएल हैनीमैन की 268 वीं जयंती पर औगेनाईजेशन फॉर होमियो मिशन एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी, बेतिया के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रेडक्रास भवन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न हो गया। उपर्युक्त जानकारी रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ जगमोहन कुमार ने दी। निःशुल्क चिकित्सा शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विधान सभा के सिकटा क्षेत्र के सदस्य बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता रहे। सोमवार को भारतीय रेड क्रॉस भवन में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग 250 से 300 लोगों की जांच की गई। परामर्श देने के साथ-साथ इन्हें होम्योपैथ की दवा भी मुहैया कराई गई। इस शिविर के आयोजन मे गांव से लेकर शहर तक के नामी-गिरामी होम्योपैथी चिकित्सकों ने अपनी सेवा प्रदान किया। जिसमें डॉ जगन्नाथ प्रसाद, डॉ कामेश्वर प्रसाद, डॉक्टर प्रिंस कुमार मिश्र, डॉक्टर चंद्र कुमार वर्मा, डॉक्टर चंदन कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉक्टर इंद्रासन शाह, डॉक्टर बद्रीनारायण, डॉक्टर संतोष कुमार, डॉक्टर संतोष कुमार शर्मा मुख्य हैं। इस शिविर के सफल आयोजन में सहयोगी बने भारतीय रेड क्रॉस के सचिव डॉक्टर जगमोहन प्रसाद, डॉ नीरज गुप्ता, शिक्षक जगदेव प्रसाद अरुण प्रसाद मधुरेंद्र प्रसाद, इत्यादि लोगों ने इस शिविर के आयोजन में अपना कीमती समय और सहयोग देकर इस शिविर को सफल बनाया।

शहर >> अपडेट

## सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

**रीगा :** किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदेश्वर पूर्वे द्वारा सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम बराही सत्संग आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरानी धार नदी के किनारे अवस्थित सत्संग आश्रम में प्राकृतिक खेती के गुणों एवं लाभ की जानकारी उपस्थित किसानों को दी गई। जिलाउपाध्यक्ष दिनकर पंडित ने बताया कि चीनी मिल के बंद होने से व्यवसायिक गन्ना की खेती पर बुरा असर पड़ा है। जिसकी भरपाई के लिए वैकल्पिक खेती पर व्यापक विचार विमर्श करने की आवश्यकता है। जिलाउपाध्यक्ष चुनचुन सिंह ने प्राचीन खेती को वर्तमान प्रौद्योगिकी से जोड़ने की बात बताई। जिला मंत्री देवेश ठाकुर ने कीटनाशक के प्रयोग से खेती पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की चर्चा की। मौके पर उमेश गिरी दिलचंद प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# जुमलेबाजी की सरकार को उखाड़ फेंकने का ले संकल्प : दिलीप

### लोजपा ने संगठन की मजबूती पर की चर्चा

राष्ट्रीय खबर



**गया :** सोमवार को मानपुर में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)के गया जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी शंभू शरण शर्मा के आवास पर पार्टी का संगठन को सुदृढ़ बनाने हेतु मानपुर प्रखंड अध्यक्ष सरसु पासवान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के गया जिला के सह प्रभारी मनोज सिंह जी मौजूद रहे।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के गया जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के गया जिला के सह प्रभारी मनोज सिंह ने कहा कि पार्टी के संगठन को जल्द से जल्द सभी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष आपस में तालमेल बैठा करके मजबूत करने का संकल्प लें। ताकि हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जो विजन है वह पूरा हो सके। वहीं जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहां की संगठन गया जिला में पहले से बेहतर हुआ है लेकिन और भी इससे सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।उसे मैं जल्द पूरा कराने का प्रयास करूंगा। वही जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान बिहार सरकार की विफलताओं एवं जुमलेबाजी घोषणाओं के खिलाफ शासन-प्रशासन की विफलता मारकाट, गुंडे बाजी के खिलाफ निंदा व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन के ढांचा को मजबूत करना सर्वोपरि है इसके लिए दृढ़ संकल्प लेने की आवश्यकता है। वर्तमान में जो जुमलेबाजी की सरकार है उसे आने वाले चुनाव के माध्यम से चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करते हुए जुमलेबाजी की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले। इस मौके पर अजय पासवान, दीनानाथ कुमार,दिलीप पासवान,चौगेंद्र विश्वकर्मा, राम कुमार, उपेंद्र पासवान, कमलेश कुमार, जगदीश पासवान, पप्पू कुमार, मुन्ना पासवान राकेश रंजन आदि मौजूद रहे।

## अचानक लगी आग से हुई लाखों की क्षति, ट्रेक्टर जलकर हुआ राख



**बगहा :** प्रखंड बगहा-2 अंतर्गत यमुनापुर टडवलिया पंचायत के परसहनी गांव में रविवार की दोपहर भीषण आग लग गई जिससे गृह स्वामी की लाखों रुपए की संपत्ति खाक हो गई। आग इतनी भीषण थी कि गांव के लोगों ने काफी मशक्कत किया फिर भी काबु में नहीं कर पाये। कुछ लोगों ने फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी तो फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। मगर तब तक फरसहनी के मवेशी डाक्टर राजकुमार केवट और उनके भाई दिलीप केवट का घर जलकर राख हो गया। इस दौरान राजकुमार केवत का ट्रेक्टर सहित घर जलकर खाक हो गया साथ ही उनके भाई का भी घर जलकर राख हो गया। यमुनापुर टडवलिया पंचायत के मुखिया तथा प्रखंड बगहा 2 मुखिया संघ के अध्यक्ष उपेंद्र दीक्षित ने बताया कि अगलगी की सूचना सुनकर आहत हूँ। परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट गया है कोशिश होगी कि अंचल अधिकारी से बात कर कुछ मुआवजा दिलवाया जाए।

## टाउन क्लब नरकटियागंज ने स्पोर्ट्स क्लब मोतिहारी को 0-1 से पराजित किया



**नरकटियागंज :** शंभूनाथ तिवारी स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन का भव्य उद्घाटन मैच प्लस टू उच्च विद्यालय नरकटियागंज के मैदान में हुआ। जिसके उद्घाटन मैच में टाउन क्लब नरकटियागंज बनाम स्पोर्ट्स क्लब मोतिहारी की टीम ने खेल कला का प्रदर्शन किया। टाउन क्लब के सुनील वर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दूबे एवं विशिष्ट अतिथि विधायक पद्मश्री भागीरथी देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रारंभ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष वर्मा प्रसाद, डॉ अरविन्द तिवारी, अवधेश तिवारी, भोट चतुवेर्दी, अवध किशोर सिन्हा, शिव कुमार सिंह, रमाशंकर प्रसाद, जेश जायसवाल,हरिशंकर प्रसाद, रंजीत कुमार, पिटू वर्मा की मौजूदगी रही। नरकटियागंज 1-0 से विजयी हुआ। कल का मैच बीरगंज और बेतिया के बीच खेला जाएगा।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच बेतिया का शपथ ग्रहण समारोह हजारीमल धर्मशाला में सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की बेतिया शाखा पश्चिम चम्पारण का शपथ ग्रहण समारोह हजारीमल धर्मशाला में सोमवार को सम्पन्न हुआ। मारवाड़ी युवा मंच बेतिया शाखा की बैठक में सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समरोह सम्पन्न कराया। शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित समाज के लोगों और मीडिया कर्मियों का सम्मान सामुहिक भोज भी अयोजित किया गया। बैठक में सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। जिनमे मुख्यतः अध्यक्ष अर्पित केशान, सचिव पल्लव केशान, उपाध्यक्ष अंकित सिकरिया, राहुल सर्राफ और कोषाध्यक्ष तेजस्वी सोमानी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। शपथग्रहण समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष अर्पित केशान ने कहा कि उनकी मंशा है कि प्रत्येक घर युवा मंच की स्थापना हो। मंच के क्रिया कलापों में महिला सदस्यों की भागीदारी भी रहे। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी समाज अच्छे काम के प्रति सदा समर्पित रहता है। इस दौरान रवि गोयनका ने कहा कि मंच टीम वर्क में कार्य को संपादित करता है। पूर्व अध्यक्ष सोनू अग्रवाल के कार्यो की प्रशंसा करते हुये कहा कि उनसे सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष के उत्कृष्ट कर्यो का विवरण दिया। वक्ताओं ने मारवाड़ी मंच के कार्यो में रक्त दान शिविर, योगा शिविर, स्वच्छता के लिये जागरूकता, गरीबो के आंख में मोतियाबिंद का आपरेशन, खेलकूद प्रतियोगिता, पर्यावरण सुरक्षा पर चर्चा की गयी। समारोह को मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष इंदिरा पोद्दार, प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष विश्वनाथ झुनझुनवाला, जोधपुर से आये सुशील कुमार, मोहित कुमार ने संबोधित किया। अंत मे युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति के नारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में समाज के सभी लोग उपस्थित रहे। जिसमें रवि गोयनका, प्रेम सोमानी, अशोक चौधरी प्रमुख हैं। शपथ ग्रहण समारोह के अंत मे राहुल सर्राफ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## देश में महंगाई के लिए केंद्र सरकार और अदानी जिम्मेदार : कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर

**गया :** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, अमरजीत कुमार, विशाल कुमार, मो समद, असरफ इमाम, सुबोध कुमार सिंह, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल, सुनील कुमार राम, आदि ने कहा की देश में रोजमर्रा की जरूरतें की समानों की बढ़ती मूल्यों से गरीब एवम् मध्यवर्गीय परिवार के लोग त्राहि, त्राहि कर रहे हैं। आटा, चावल, दूध, घी, दाल, गैस सिलेंडर आदि की दामों में 100% से 170% की वृद्धि विगत मोदी सरकार के नौ वर्षो मे हुई है। नेताओ ने कहा की देश में पहली बार खाने, पीने के समान पर 5% जी एस टी लगाया गया है, जबकि हीरा पर केवल 1.5 % जी एस टी ले रही है। आज देश के हर गरीब, मध्यवर्गीय परिवार के गृहिणियों के आंखों मे आंसू निकल रहे है, क्योंकि सभी घरों में प्रतिमाह रोजमर्रा के जरूरतों के सामानों को खरीदने में दो से ढाई हजार रूपए ज्यादा लग रहा है। नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में मंहगाई कम करने के खिलाफ आंदोलन करने के बाद भी सरकार महंगाई कम करने के बजाय अपना पूरा ध्यान अडानी की आमदनी बढ़ाने और उसे जांच से बचाने से लगी है।

## अर्केष्ट्रा की आड़ में गलत धंधा, आर्केस्ट्रा संचालक व सहयोगी की पिटाई

**नरकटियागंज :** प्रखंड उपप्रमुख के पति व एक सहयोगी की आर्केस्ट्रा संचालक ने पिटाई किये जाने की खबर है। जिससे उप प्रमुख पति असलम मिया घायल हैं। दूसरी ओर उपप्रमुख पति के सहयोगी मनोहर कुमार भी जख्मी बताए गए हैं। सब्जी विक्रेता मनोहर ने शिकारपुर थाना में शिकायत किया है। उपप्रमुख को सूचना मिली की आर्केस्ट्रा की आड़ में मोजमिल गलत धंधा कर रहा है। जिसके बाद दोनो पहुंचकर पूछताछ करने लगे तो मोजमिल मिया के साथ अन्य लोग लाठी डंडे से लैस होकर मारपीट करने लगे। जिससे दोनो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद दोनो का उपचार नरकटियागंज के अस्पताल में कराया गया। उप प्रमुख पति असलम ने प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगाते हुए, अवैध आर्केस्ट्रा संचालक पर कार्रवाई की मांग किया हैं। दूसरी ओर नरकटियागंज प्रखंड के उपप्रमुख पति और उनके एक सहयोगी के साथ मारपीट मामले में अब एक नया मोड़ आ गया है मामले में आर्केस्ट्रा संचालक मोजामिल खां ने भी थाने शिकायत किया हैं। जिसमे उप प्रमुख पति असलम पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। पुलिस को दिये आवेदन में लिखा गया है उप प्रमुख पति होने का धौस दिखाते हुए, नर्तकियों से छेड़खानी करते हैं। विरोध पर मारपीट करने हैं, सभी आरोप झूठे हैं। पीड़ित लड़की ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर करार्वाई की मांग किया। उप प्रमुख पति ने सभी आरोप को झूठा बताया हैं। उभय पक्षीय आवेदन शिकारपुर थाना में दी गई है, पुलिस मामला की जांच कर रही है।

## वार्ड सदस्या ने मुखिया पर कमीशन खोरी का लोक शिकायत में दिया आवेदन

**बगहा :** प्रखंड बगहा2 अंतर्गत सेमरा कटकुईया पंचायत के वार्ड संख्या चार की वार्ड सदस्य मु0 ज्योति देवी ने पंचायत के मुखिया पर कमीशन खोरी का आरोप लगाते हुए लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बगहा दो को आवेदन सौंपा है। अपने आवेदन में वार्ड सदस्या ने पंचायत के मुखिया कुमारी हेमंती पर सोख्ता की राशि नहीं देने हैं का आरोप लगाते हुए लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को लिखा है कि मैंने अपने वार्ड में 3 सोख्ता का निर्माण कराया है। जिसके लिए प्रखंड से राशि निर्गत हो चुकी है। मगर पंचायत के मुखिया द्वारा राशि की भुगतान के एवज में 40% कमीशन की मांग की जा रही है। वही इस मामले में लोक शिकायत निवारण कार्यालय से सूचना मिली कि आवेदन के संबंध में मंगलवार के दिन जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। दोषी जो भी हो जाँच के उपरांत करवाई के लिए लिखा जाएगा।

## परिभ्रमण के लिए बीएड विधार्थियों का दल वाल्मीकिनगर रवाना

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** टीपी वर्मा महाविद्यालय के बीएड संकाय प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं का दल एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण को वाल्मीकिनगर के लिए रवाना हुआ। जिसे डॉ दुर्बादल भट्टाचार्य, डॉ दीपक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाएं दी। डॉ दुर्बादल भट्टाचार्य ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि, भारत एवं नेपाल के बीच एक संबंध का रास्ता, बिहार का कश्मीर वाल्मीकिनगर बहुत ही मनोरम दृश्य वाला प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। बीएड के प्रशिक्षु इसके बारे में व्यवहारिक रुप से समझेंगे।

बीएड प्रभारी प्रो आलोक रंजन के साथ अतुल कुमार ने बताया कि प्रशिक्षुओ को गंडक बराज, नरदेवी मंदिर, जटाशंकर टेंपल, कौलेश्वर झूला, वाल्मीकिनगर आश्रम भ्रमण कराया जाएगा। वहां खुली हवा के बीच प्राकृतिक वातावरण का आनंद सभी लेंगे। वाल्मीकिनगर पर्यटन की दृष्टि से अद्भुत आकर्षण का केंद्र है,जहां हरी भरी वादियों में रहने का अलग ही आनंद है। अति उत्साहित बीएड प्रशिक्षुओं इस शैक्षिक भ्रमण से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। जिसे भविष्य में आत्मसात कर क्रियान्वित कर पाएंगे। बीएड के प्रशिक्षुओं में महजबीन प्रवीण, सत्यम कुमार, शालिनी कुमारी, अनु कुमारी, बादल कुमार, रवि कुमार, अभय कुमार, धनंजय कुमार, दीपक कुमार, अंतिमा कुमारी, सुधा मिश्रा, संध्या कुमारी, अनु कुमारी, रानी कुमारी, सुष्मिता कुमारी, सुचिता कुमारी, मंजीत कुमार, ब्रजकिशोर कुमार, सूरज कुमार, राजन कुमार गुप्ता की उपस्थिति रही। उनके अतिरिक्त प्रो आलोक रंजन, अतुल कुमार, सुजीत कुमार वर्मा उर्फ पिट्ठू, प्रियंका श्रीवास्तव, अनूप तिवारी, अजय कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार पांडेय, अखिल स्नेह श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।

## नगर निगम में करोड़ों रुपए के उपकरणों की खरीद बिक्री की हो जांच : राहुल

▶▶ पार्षदों ने पूर्व डिप्टी मेयर के खिलाफ खोला मोर्चा

राष्ट्रीय खबर

**गया :** शहर के एक निजी विवाह भवन में गया नगर निगम के विरोधी गुट के पार्षदों ने प्रेस वार्ता में पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव के द्वारा 2017 से 2022 तक किए गए ऑडिट रिपोर्ट में कई तरह के सवाल उठाते हुए नगर निगम में व्याप्त लूट और भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कराने की मांग सरकार से की है विरोधी गुट के पार्षदों की अगुवाई करते हुए वार्ड नंबर 13 के पार्षद राहुल कुमार, वार्ड नंबर 39 के पार्षद संजय कुमार सिन्हा, वार्ड नंबर 40 के पार्षद चंदू देवी, वार्ड नंबर 14 के पार्षद पप्पू कुमार शर्मा, वार्ड नंबर 10 के पार्षद गोपाल पासवान,वार्ड नंबर 11 के पार्षद कुंदन कुमार, वार्ड नंबर 41 के पार्षद अंजना श्रीवास्तव, वार्ड नंबर 42 के पार्षद राजीव कुमार सिन्हा, वार्ड नंबर 30 के पार्षद मीना देवी एवं वार्ड नंबर 32 के पार्षद गजेंद्र सिंह पूर्व पार्षद लालजी प्रसाद,संतोष सिंह एवं शशि किशोर शिशु ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता में बताया कि नगर निगम में महापौर गणेश पासवान पूर्व महापौर मोहन श्रीवास्तव एवं तत्कालीन नगर आयुक्त के मिलीभगत से निगम के संसाधनों के संसाधनों की खरीद बिक्री में व्यापक घोटाला हुआ है।यदि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा पार्षद राहुल कुमार ने कहा कि जनता की कमाई का बंदरबांट कर निगम में संसाधन बढ़ाने के साथ पॉलिथीन बैन कार्यक्रम में करोड़ों रुपए पानी में बहा दिया गया है। स्थाई समिति की बैठक में कार्यपालिका की ओर से कोई सहमति नहीं ली गई बल्कि महापौर ने अपनी व्यक्तिगत बैठक कर नियम के विरुद्ध संचिका को पास करवा दिया पितृपक्ष मेले में आउटसोर्सिंग के नाम पर एक बड़ा राशि खर्च कर कम राशि खर्च करने को दशार्या गया है नगर निगम में संसाधन के तौर पर स्ट्रीट लाइट श्मशान घाट का सौंदर्यीकरण बैतरणी तालाब में लाइट एंड शो, इ- टॉयलेट, बायो टॉयलेट एवं डस्टबिन की खरीदारी सहित कई अन्य योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च कर बंदरबांट किया गया है। इन सभी योजनाओं का निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की गई है। महापौर की जाति गलत है इसकी जांच कई वर्षों से लंबित है पार्षदों ने डीएम से महापौर की जाति प्रमाण पत्र जांच करवाने की मांग की है।

## सामाजिक न्याय अंतर्गत भाजपा का सहभोज सम्पन्न



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला में सोमवार को सामाजिक न्याय सप्ताह (6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक) अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा जिला बेतिया विधानसभा के गोनौली शक्ति केंद्र पर अनुसुचित जाति के माताओं बहनों के साथ सहभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पश्चिम चम्पारण सांसद डॉ. संजय जायसवाल, विधायक उमाकांत सिंह, दीपेन्द्र सर्राफ, जिला उपाध्यक्ष सह लोकसभा संयोजक रवि सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सीमा माधोगढ़िया, संचालन सुनीता शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन सुरभि कुमारी ने किया।

## अभाविप के सदस्यों ने समस्याओं का समाधान के लिए नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपा

राष्ट्रीय खबर



**लौरिया :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई लौरिया ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी की अनुपस्थिति में कार्यालय में नगर पंचायत के विभिन्न समस्याओं को लेकर कार्यकताओं ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने विभिन्न प्रकार के विषयों पर कार्यपालक पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट किया। अभाविप विभाग के संयोजक सुजीत मिश्र ने बताया कि नगर में मुख्यतः खुले में मांस, मछली की बिक्री पर रोक लगे। जिससे गंदगी एवं बीमारी न फैल सके, नगर पंचायत के अंतर्गत सभी वार्डों में सप्ताह में 2 बार ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव एवं मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए, प्रतिदिन सभी वार्डों में शाम को फॉगिंग कराया जाए। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र के साथ नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले महिलाओं एवं आम लोगों के लिए जनहित में यथाशीघ्र बाजार में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराना सुनिश्चित करें। यातायात अब्यवस्थित होने के कारण आम लोगों को विभिन्न प्रकार के समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस को ध्यान में रखते हुए लौरिया में वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था कराया जाए। ताकि दुर्घटना से बचाव हो सके। व्यवसायियों के लिए सब्जी मंडी के लिए स्थाई जगह का व्यवस्था की जाए। नगर पंचायत क्षेत्र में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। नगर पंचायत में बंद पड़े स्ट्रीट लाइटों को मरम्मत करवाने के साथ-साथ नए लाइट लगाए जाए। वही विभाग संयोजक सुजीत मिश्रा ने बताया कि उपरोक्त मांगों के ऊपर अगर 10 दिनों में सकारात्मक कार्रवाई नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नहीं होती है। तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी और उसकी सारी जिम्मेवारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में अभाविप के विभाग संयोजक सुजीत मिश्रा,नगर सह मंत्री प्रभात, रवि पटेल, सोनू गुप्ता,चंदन सैनी, राजू मल्ल सहित अन्य मौजूद रहे।

## अस्पताल में व्याप्त गंदगी, अनुपस्थिति और बंद ऑक्सीजन प्लांट पर बिफरे सिविल सर्जन

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में व्याप्त अनियमितता सम्बंधित शिकायत की खबर पर सिविल सर्जन श्रीकांत दुबे अचानक वहां पहुंचे। सोमवार पूर्वाह्न सिविल सर्जन डॉ. श्रीकांत दुबे ने अनुमंडलीय अस्पताल का नरकटियागंज का निरीक्षण किया, इस दौरान कई कर्मियों को अनुपस्थित पाए जाने की खबर मिली। निरीक्षण क्रम में उन्होंने आइसीयू, लेबर रुम, एक्स- रे रुम, पोषण पुनर्वास केन्द्र, दीदी की रसोई, ओटी, गैर संचारी केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य पदाधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियो से अस्पताल संचालन को लेकर अद्यतन खबर लिया। सीएस ने कोविड रोगियों को अस्पताल में चिकित्सा कक्ष तक पहुंचाने सम्बंधित मॉक ड्रील कराया, तत्पश्चात वार्ड निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मियों की अनुपस्थिति को लेकर नाराजगी जताई व अस्पताल के पदाधिकारियो व स्वास्थ्य कर्मियो को समुचित दिशा निर्देश दिया। उसके बाद सीएस आक्सीजन प्लांट को बंद पाया, जिसको लेकर अस्पताल अधीक्षक और स्वास्थ्य प्रबंधक व सम्बंधित पदाधिकारियों अन्य को विभागीय कार्रवाई की चेतावनी देते हुए फटकारा। आक्सीजन प्लांट के पास व अस्पताल परिसर में गंदगी को लेकर अस्पताल प्रबंधन और सम्बंधित सफाई एजेंसी के संचालक को बुलाकर फटकार लगाया। उन्होंने एक सप्ताह में पूरे अस्पताल परिसर को स्वच्छ व साफ करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे ने चेतावनी दिया कि सफाई एक सप्ताह में नहीं हुई तो दस प्रतिशत राशि की कटौती की जाएगी। सीएस ने कहा कोविड को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता बर्दाश्त नही की जाएगी।

संपादकीय

## विपक्षी एकता यानी चिंदी से तंबू बनाने का खेल

विपक्षी एकता की बात तो सभी भाजपा विरोधी दल कह रहे हैं लेकिन यह भी स्पष्ट है कि ऐसी बयानबाजी के बीच भी हर दल के दिल में कुछ गुप्त एजेंडा भी है। इसका खुलासा पहले भी होता रहा है और अब एनसीपी नेता शरद पवार की एक राय ने उसे खोलकर सभी के सामने रखा दिया है। अपने एक चर्चित इंटरव्यू में अडाणी मसले पर जो कुछ कहा, उसके बाद विपक्षी खेमे में उथलपुथल की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने जहां अडाणी ग्रुप को टारगेट किए जाने की आशंका जताई, वहीं यह भी कह दिया कि इस मामले की जेपीसी यानी संयुक्त संसदीय समिति से जांच करवाने का कोई फायदा नहीं होगा। उनके मुताबिक, चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की एक समिति बनाकर उसे जांच की जिम्मेदारी सौंप दी है, इसलिए अब जेपीसी जांच पर जोर देने की कोई वजह नहीं है। इस इंटरव्यू के बाद विपक्षी खेमे में अफरातफरी मचना स्वाभाविक ही था।इससे पहले विपक्ष की 20 पार्टियां मिलकर जेपीसी जांच की मांग कर रही थीं। इस इंटरव्यू के प्रसारित होने से मेसेज यह गया कि विपक्षी खेमा इस मामले में अब एकजुट नहीं



रह गया है। ध्यान रहे, शरद पवार का यह इंटरव्यू ऐसे समय आया, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी एकजुटता को लेकर विभिन्न पार्टियों से संपर्क करने की कवायद शुरू की थी। ऐसे में यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि आखिर शरद पवार का इरादा क्या है। हालांकि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने क्षतिपूर्ति की कोशिश तत्काल शुरू कर दी है।जयराम रमेश सहित कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं ने कहा कि शरद पवार की राय इस मसले पर भले ही अलग हो, अन्य पार्टियों का रुख बिलकुल साफ है और कांग्रेस उन दलों के साथ मिलकर यह मुद्दा उठाती रहेगी। शिवसेना (उद्धव गुट) के संजय राउत ने भी कहा कि शरद पवार के इस बयान का विपक्षी एकता के प्रयासों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लेकिन ये नेता कुछ भी कहें, सच तो यही है कि इस पर असर पड़ चुका है। विपक्षी खेमे में असमंजस और कन्फ्यूजन साफ दिख रहा है। भाकपा के डी राजा ने कहा कि अलग-अलग लोग अलग-अलग राय व्यक्त कर रहे हैं, इसलिए देखना पड़ेगा कि क्या स्थिति बनती है।इस बीच कांग्रेस की ही अलका लांबा ने शरद पवार को लालची नेता बताते हुए उनकी उद्योगपति गौतम अडाणी के साथ एक तस्वीर भी ट्वीट कर दी। विपक्षी खेमे में इस फूट का भाजपा स्वाभाविक तौर पर फायदा उठाने की कोशिश कर रही है। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि अब एनसीपी का अगला कदम क्या होगा। शरद पवार इस बयान से, दरअसल क्या हासिल करना चाहते हैं, इसे लेकर भी अटकलें लग रही हैं। इस सवाल का जवाब तो आगे चलकर ही मिलेगा। तब तक के लिए कांग्रेस को एक झटका उन्होंने जरूर दे दिया है। इससे यह भी साफ हो गया है कि विपक्षी एकता की गाड़ी सरपट नहीं भागने वाली। यह ऊबड़-खाबड़ रास्ते से होते हुए धीरे-धीरे ही आगे बढ़ेगी।कर्नाटक में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में राज्य में किसकी सरकार बनेगी इसको लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि कर्नाटक के चुनाव में भी भाजपा को सिर्फ मोदी के नाम का आसरा है। शरद पवार ने कहा कि, कर्नाटक में अगले महीने चुनाव होने वाले है। ऐसे में इस चुनाव में कांग्रेस के जीतने की संभावना बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव दो तरह के होते हैं- केंद्र के लिए राष्ट्रीय चुनाव और राज्यों के चुनाव। ऐसे में कर्नाटक के विधानसभा चुनाव को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। हालांकि भाजपा अपने चुनाव अभियान में राष्ट्रीय मुद्दों को राज्य के मुद्दों से जोड़ने की कोशिश कर रही हैं। केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं है। इसलिए जमीनी हकीकत है कि इस बार भाजपा का कर्नाटक में जीत पाना काफी ज्यादा मुश्किल होगा। अडाणी प्रकरण पर अपनी बात रखने के साथ साथ अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर शरद पवार ने कहा कि, अगर विपक्ष को 2024 के चुनावों में जीतना है तो उनको एकजुट होकर लड़ने की जरूरत हैं, अन्यथा लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरा पाना आसान नहीं होगा। पवार ने आगे कहा कि, अगर हम लोगों ने भाजपा को नजरअंदाज किया तो विपक्ष मिलकर भी कुछ खास नहीं कर पाएगा। बता दें, शरद पवार की पार्टी एनसीपी महाराष्ट्र में कांग्रेस और शिवसेना ( उद्धव गुट) के साथ गठबंधन में थी। लेकिन एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद ये सरकार गिर गई। इसलिए स्पष्ट हो गया है कि उनके एक बयान ने भाजपा विरोधी खेमाबंदी की सच्चाई को सामने ला दिया है। अपने अपने गुप्त एजेंडे पर काम कर रहे दलों पर मतदाताओं को भरोसा कैसे कायम हो, यह सोचना ऐसे दलों की जिम्मेदारी है।

# विपक्षी एकता : अभी नहीं तो कभी नहीं

देश में एक बार फिर चुनावी महासमर का माहौल बन रहा है। दक्षिण भारत के राज्य कर्नाटक में चुनाव की तारीख दस मई घोषित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व 2023 में ही 9 अन्य राज्यों में भी विधानसभा चुनाव कराये जाने हैं। इनमें मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़,राजस्थान, तेलंगाना,त्रिपुरा,मेघालय, नगालैंड तथा मिजोरम राज्य शामिल हैं। इनके अलावा जम्मू-कश्मीर में भी लोकसभा चुनाव से पूर्व विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। वैसे तो 13 मई को आने वाले कर्नाटक के चुनाव नतीजों को ही 2024 के लोकसभा चुनाव के लिये महत्वपूर्ण रुझान के तौर पर देखा जा रहा है परन्तु कर्नाटक के बाद होने वाले मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़,राजस्थान व तेलंगाना जैसे अपेक्षाकृत बड़े राज्यों के चुनाव नतीजे भी 2024 के लोकसभा चुनाव की इबारत लिखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।



**तनवीर जाफरी**
स्वतंत्र पत्रकार

हालांकि अतिउत्साही भारतीय जनता पार्टी ने तो गत वर्ष गुजरात विधानसभा चुनाव में मिली अपनी शानदार जीत को ही लोकसभा 2024 का चुनावी रुझान बताना शुरू कर दिया था। परन्तु निश्चित रूप से 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व उपरोक्त दस राज्यों में होने वाला चुनावी संग्राम यह जरूर तय करेगा कि देश की राजनीति की दिशा व दशा आखिर क्या होने वाली है।

जहां तक सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का प्रश्न है तो पार्टी ने अभी से लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अपने तैय्यारियाँ युद्धस्तर पर शुरू कर दी हैं। भाजपा में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से लेकर अनेक राज्यपाल,केंद्रीय मंत्री,मुख्य मंत्री,पार्टी के राज्य स्तरीय अनेकानेक नेता अपने अपने कार्यों को छोड़ लेखक के रूप में मैदान में कूद चुके हैं और अपनी सरकार व पार्टी की कारगुजारियों का बखान करना शुरू कर चुके हैं। जहां जहां 'रेवड़ी ' बांटने की जरुरत है वहां रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। जहाँ जहां साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की जरुरत है वहां इस 'शस्त्र ' की आजमाइश भी की जा रही है। जहाँ विपक्ष को कमजोर करना है वहां भय अथवा लालच के बल पर यह काम भी किया जा रहा है। अनेक विपक्षी दल ई डी,इंकम टैक्स व सी बी आई जैसी संस्थाओं पर सत्ता के इशारे पर विपक्षी दलों को पक्षपात पूर्ण तरीके से परेशान करने का आरोप पहले ही लगा रहे हैं। देश के सबसे प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के लिये तो भाजपा नेता पहले ही 'कांग्रेस मुक्त भारत ' का नारा देकर विपक्षहीन लोकतंत्र बनाने की अपनी मंशा साफ कर चुकी है। मीडिया पर सत्ता का नियंत्रण दुनिया देख ही रही है। अपने किसी भी विरोधी या आलोचक के लिये सत्ता ने राष्ट्र विरोधी,टुकड़े टुकड़े गैंग,पाक परस्त,हिन्दू विरोधी,देश विरोधी जैसी शब्दावलियाँ प्रचारित कर रखी हैं। सत्ता की इन्हीं कोशिशों के विरुद्ध तथा इनकी कमियों को उजागर करते हुये कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब अपने विदेशी दौरे के दौरान सवाल खड़ा किया तो बहुमत की सत्ता ने राहुल गाँधी से मुआफी मांगने की मांग को लेकर संसद नहीं चलने दी। और आखिरकार एक दूसरे मामले में सूरत से आये एक अदालती फैसले के बाद आनन फानन में राहुल की लोकसभा सदस्यता भी बड़ी ही तत्परता से समाप्त कर दी गयी। राहुल की लोक सभा सदस्यता समाप्त होने के बाद देश के अधिकांश विपक्षी दलों के नेताओं की शायद 'कुंभकर्णी नींद ' खुल चुकी है। और वे यह सोचने को मजबूर हुये हैं कि जब देश के सबसे प्राचीन और सबसे लंबे समय तक देश पर राज करने वाले राजनैतिक दल के नेता राहुल गाँधी का यह हश्र हो सकता है तो क्षेत्रीय दलों के नेताओं की गिनती ही क्या है। वैसे भी अपने रास्ते के किसी भी 'रोड़े' को हटाना वर्तमान सत्ताधीशों की कार्यशैली का एक अहम हिस्सा है। फिर चाहे वे 'रोड़े' अपनी ही पार्टी के क्यों न हों। ऐसी अनेक मिसालें भी सामने हैं।

सवाल यह है कि इन विकटतम व अभूतपूर्व राजनैतिक परिस्थितियों में विपक्षी दल न केवल 2024 के लोकसभा चुनाव में बल्कि इसके पूर्व होने वाले सभी दस राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी ठीक उसी तरह एक हो सकता है जैसा कि 1977 में कांग्रेस के विरुद्ध एक हुआ था ? जो क्षेत्रीय नेता जिन्हें कांग्रेस के साथ जाने से सिर्फ इसलिये भय लगता है कि यदि कांग्रेस से हाथ मिलाया तो उनकी मुख्यमंत्री की कुर्सी खतरे में पड़ जायेगी, क्या वे अभी भी इस गलतफहमी का शिकार हैं कि विभाजित विपक्ष भाजपा जैसे मजबूत,सत्तारूढ़ व साम दाम दंड भेद का इस्तेमाल करने वाले दल को पराजित कर सकता है ? कुछ राजनैतिक समीक्षक तो अभी से यहाँ तक लिखने लगे हैं कि यदि यथा शीघ्र ही देश के सभी विपक्षी दलों ने देश की जनता को संयुक्त विपक्ष होने का सन्देश नहीं दिया तो इस बात की काफी संभावना है कि 2024 का लोकसभा चुनाव अखिलेश यादव,मायावती,ममता बनर्जी,नितीश कुमार और अरविन्द केजरीवाल जैसे नेताओं की पार्टी के लिये लगभग अंतिम लोकसभा चुनाव साबित हों। विपक्षी राजनीति व विपक्षी दलों की भूमिका के सन्दर्भ में एक और हक़ीकत पूरा देश यह भी देख रहा है कि एक ओर जहां सत्ता, विपक्षी दलों को कमजोर करने,उसे डराने धमकाने,उसे विभाजित करने के साथ साथ स्वयं को हर तरह से मजबूत करने में अपना पूरा ध्यान केंद्रित किये हुये है और देश के कुछ बड़े पूंजीपतियों पर अपना वरदहस्त रखे हुये है वहीं इस 'कथित अजेय' भाजपा के आगे किसी भी विपक्षी नेता या दल में भाजपा की इस प्रकार की कुटिल रणनीति से लड़ने का कोई साहस नहीं है। ले दे कर कांग्रेस पार्टी ही और विशेषकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ही हैं जो बेखौफ होकर संसद के भीतर से लेकर सड़कों तक पर सत्ता से तीखे सवाल पूछ रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा में उन्होंने जिस साहस का परिचय दिया देश के इतिहास में किसी भी नेता ने अब तक इतनी साहसपूर्ण पदयात्रा नहीं की।

इन हालात में कांग्रेस पार्टी ने विपक्षी एकता हेतु गंभीर प्रयास शुरू कर दिये हैं। स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सभी विपक्षी नेताओं से फोन पर संपर्क साधने और सब को संयुक्त विपक्षी मोर्चे में शामिल करने के प्रयासों में जुट चुके हैं। 2024 का चुनाव यदि विपक्ष संयुक्त रूप से नहीं लड़ता तो 2024 के बाद की राजनीति की दिशा और दशा का कोई अंदाजा नहीं। अनेक राजनैतिक विश्लेषक तो यहाँ तक कहने लगे हैं कि यदि विभाजित विपक्ष ने 2019 की ही तरह 2024 में भी भाजपा को थाली में सत्ता परोस कर दे दी तो न केवल लोकतंत्र बल्कि भारतीय संविधान, देश का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप आदि सब कुछ दांव पर लग सकता है।

## क्रोध में हार की झलक

बहुत समय पहले की बात है। आदि शंकराचार्य और मंडन मिश्र के बीच सोलह दिन तक लगातार शास्त्रार्थ चला। शास्त्रार्थ की निर्णायक थीं मंडन मिश्र की धर्म पत्नी देवी भारती।
हार-जीत का निर्णय होना बाकी था, इसी बीच देवी भारती को किसी आवश्यक कार्य से कुछ समय के लिये बाहर जाना पड़ गया।
लेकिन जाने से पहले देवी भारती नें दोनों ही विद्वानों के गले में एक-एक फूल माला डालते हुए कहा, यें दोनो मालाएं मेरी अनुपस्थिति में आपके हार और जीत का फैसला करेंगी। यह कहकर देवी भारती वहाँ से चली गई। शास्त्रार्थ की प्रकिया आगे चलती रही।
कुछ देर बाद देवी भारती अपना कार्य पूरा कर-के लौट आई। उन्होंने अपनी निर्णायक नजरों से शंकराचार्य और मंडन मिश्र को बारी- बारी से देखा और अपना निर्णय सुना दिया। उनके फैसले के अनुसार आदि शंकराचार्य विजयी घोषित किये गये और उनके पति मंडन मिश्र की



पराजय हुई थी।
सभी लोग ये देखकर हैरान हो गये कि बिना किसी आधार के इस विदुषी ने अपने पति को ही पराजित करार दे दिया।
एक विद्वान नें देवी भारती से नम्रतापूर्वक जिज्ञासा की- हे ! देवी आप तो शास्त्रार्थ के मध्य ही चली गईं थीं फिर वापस लौटते ही आपनें ऐसा फैसला कैसे दे दिया ?
देवी भारती ने मुस्कुराकर जवाब दिया- जब भी कोई विद्वान शास्त्रार्थ में पराजित होने लगता है, और उसे जब हार की झलक दिखने लगती है तो इस वजह से वह क्रोधित हो उठता है और मेरे पति के गले की माला उनके क्रोध की ताप से सूख चुकी है जबकि शंकराचार्य जी की माला के फूल अभी भी पहले की भांति ताजे हैं। इससे ज्ञात होता है कि शंकराचार्य की विजय हुई है।
विदुषी देवी भारती का फैसला सुनकर सभी दंग रह गये, सबने उनकी काफी प्रशंसा की।
शिक्षा :-
क्रोध मनुष्य की वह अवस्था है जो जीत के नजदीक पहुँचकर हार का नया रास्ता खोल देता है।
क्रोध न सिर्फ हार का दरवाजा खोलता है, बल्कि रिश्तों में दरार का कारण भी बनता है। इसलिये कभी भी क्रोध को खुद पर हावी ना होने दें।
कोध्र से भ्रम पैदा होता है, भ्रम से बुद्धि व्यग्र होती है, जब बुद्धि व्यग्र होती है तब तर्क नष्ट हो जाता है, जब तर्क नष्ट होता है, तब व्यक्ति का पतन हो जाता है।

नजरिया

## हिन्दुत्व की आग में ही भस्म होगी भाजपा



**विष्णुगुप्त**
राष्ट्र-चिंतक

हिन्दुत्व की आग में भस्म होगी भाजपा ? कर्नाटक में भाजपा की महान उपलब्धि क्या है? यह जानकार आप हैरान और परेशान हो जायेंगे। जिस डाल पर बैठे हैं उसी डाल को काटते रहे। भाजपा अपने प्राणवायु हिन्दुत्व को कुचलती रही, हिन्दुत्व पर अंतिम कील ठोकती रही, जिहादी राजनीति को संरक्षण देती रही, जिहादियों के खिलाफ उठने वाली हर आवाज को येन-केन-प्रकारेन दबाती रही। हिन्दू एक्टिविस्टों की एक पर एक कई हत्याएं होती रही और भाजपा की सरकार तमाशबाज बन कर हंसती रही। मेरे इस तथ्य को नजरअंदाज करने वाले या फिर स्वीकार नहीं करने वाले मेरे सबूत भी देख लो। भाजपा के राज में बेंगलूर में मुसलमानों ने कांग्रेसी विधायक के भतीजे के एक सोशल मीडिया पोस्ट पर दंगा किया, करोड़ों की संपत्तियों को राख में मिला दिया, मंदिरों को अपवित्र किया गया, नुकसान किया गया, 50 से अधिक पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया गया फिर भाजपा की सरकार हंसती रही और मनोरंजन करती रही। हिजाब प्रकरण पर जिहादी राजनीति जोर पकड़ी और पीएफआई की खतरनाक उपस्थितियां सामने आयी, सरकारी कालेज हिजाब हिंसा पर मूकदर्शक बने रहे, कर्नाटक भाजपा सरकार भी तमाशबाज बनी रही।

**हिजाब प्रकरण पर जिहादी राजनीति जोर पकड़ी और पीएफआई की खतरनाक उपस्थितियां सामने आयी, सरकारी कालेज हिजाब हिंसा पर मूकदर्शक बने रहे, कर्नाटक भाजपा सरकार भी तमाशबाज बनी रही।**

कोरोना काल में मुस्लिम जिहादियों द्वारा हिन्दू मरीजों के साथ हुए व्यवहार पर भाजपा का सांसद तेजस्वी सूर्या ने ही प्रश्न उठाया था। उसने एक क्षेत्र में 17 ऐसे मुस्लिम कर्मचारियों की पहचान की थी जिनकी नियुक्ति अर्वध ढंग से की गयी थी और वे सभी हिन्दू मरीजों से पैसे वसूलने और उन्हें मृत्यु तक पहुंचाने में लगे हुए थे। ऐसे मुस्लिम कोरोना कर्मचारियों की मानसिकताएं संदिग्ध थी और इनकी हिन्दू विरोधी मानसिकताएं स्पष्ट थी। तेजस्वी सूर्या के हंगामें के बाद भी इन तथाकथित जिहादियों को क्लीन चिट दे दिया गया। अब प्रसंग हिन्दू एक्टिविस्टों की हत्याओं का देख लीजिये। कर्नाटक के शिवमोगा में हर्ष नामक हिन्दू एक्टिविस्ट की हत्या इसलिए कर दिया गया कि उसने हिजाब हिंसा और मानसिकता का विरोध किया था। दक्षिण कन्नड जिले के राजेश पुजारी की हत्या हुई। कटिपल्ला के दीपक राव की हत्या हुई, परेश मेस्टा की हत्या हुई, प्रवीण नेटारू की हत्या हुई। इसके अलावा भी अन्य कई एक्टिविस्टों की हत्याएं हुई हैं। मारे गये हिन्दू एक्टिविस्टों के परिजनों को सबककारी न्याय नहीं मिला और न ही उचित मुआबजा मिला, नौकरियां भी नहीं मिली। इस्लाम के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले जेल भेजे जाते रहे और हिन्दू प्रतीकों पर अपमान करने वाले उदारवाद का लाभ उठाते रहे। सिर्फ टीपू सुलतान पर हिन्दू एक्टिविस्टों का बलिदान पर आहत होने वाले हिन्दू खुश होने वाले नहीं हैं।

कर्नाटक विधान सभा चुनाव इतना महत्वपूर्ण क्यों हो गया है? भाजपा और कांग्रेस दोनो के लिए कर्नाटक का विधान सभा चुनाव जीवन-मरन जैसा क्यों हो गया है? कांग्रेस जहां कर्नाटक जीत कर अपनी केन्द्रीय सरकार बनाने का दावा मजबूत करना चाहती है वहीं अपने नेता राहुल गांधी की छबि को मजबूत भी करना चाहती है, ताकि 2024 में कांग्रेस के पक्ष में लहर बन सके और नरेन्द्र मोदी की सत्ता से छूटकारा पा सके। इसके विपरीत भाजपा कर्नाटक में फिर से सत्ता बना कर अपनी धाक बनाये रखना चाहती है और यह संदेश देना चाहती है कि 2004 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की जीत की संभावना उनकी ही होने वाली है। भाजपा कर्नाटक की सत्ता पर बैठी हुई है, इसलिए भाजपा के लिए यहां पर चुनौतियां कुछ ज्यादा ही है, लोगों की आंकाक्षाओं की कसौटी पर भाजपा ही होगी।

जानकारी

## पारद शिवलिंग



यह मंदिर हजारों भक्तों और तीर्थयात्रियों द्वारा प्रतिवर्ष सजाया जाता है और इसे पारदेश्वर महादेव के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर के अद्भुत नजारे को देखने के लिए यहां पर्यटकों की भारी भीड़ जमा होती है।
हरिद्वार कैसे पहुंचें हरिद्वार भारत के उत्तर में स्थित है। तीर्थ स्थल एवं पर्यटन स्थल होने के कारण यहां आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध है। आप हवाई जहाज, बस या ट्रेन के जरिए हरिद्वार पहुंच सकते हैं।हरिद्वार का निकटतम हवाई अड्डा जॉली ग्रांट एयरपोर्ट, देहरादून है। यह हवाई अड्डा हरिद्वार से 41 किमी की दूरी पर है। पर्यटक मुंबई या दिल्ली से देहरादून की हवाई यात्रा कर सकते हैं। इसके बाद एयरपोर्ट से टैक्सी या बस से हरिद्वार पहुंचा जा सकता है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश से सड़क मार्ग द्वारा हरिद्वार बहुत आसानी से पहुंचा जा सकता है। इन मार्गों से राज्य परिवहन की बसें जुड़ी हैं। आपको बता दें कि दिल्ली से हरिद्वार 222 किलोमीटर दूर है और कुल पांच से छह घंटों की बस की यात्रा पूरी करने के बाद आप यहां पहुंच सकते हैं।

साइबर दुनिया

## यूएस में OnePlus Nord N30 के तौर पर होगा लॉन्च

नई दिल्ली: OnePlus ने हाल ही में OnePlus Nord CE 3 Lite स्मार्टफोन को भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है। यह एक मिड रेंज 5G फोन है जो कि Snapdragon 695 चिपसेट और 108 मेगापिक्सल के मुख्य कैमरा से लैस है। अब यह फोन कथित तौर पर अन्य मार्केट्स में लॉन्च होने वाला है। हाल ही में आई एक लीक से इसके यूएस लॉन्च का पता चलता है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।



OnePlus फोरम के एक यूजर के अनुसार, OnePlus Nord CE 3 Lite को अमेरिकन मार्केट्स में OnePlus Nord N30 के तौर पर रीब्रांड किया जाएगा। यूजर ने सबूत के तौर पर Nord CE 3 Lite की सॉफ्टवेयर बिल्ड फाइल्स को पेश किया। इससे पता चलता है कि Nord CE 3 Lite, Nord N20 के सक्सेसर के तौर पर एंट्री लेगा। पुराने फोन की तुलना में नए वनप्लस स्मार्टफोन में एक बड़ी डिस्प्ले है जो कि 120Hz रिफ्रेश रेट का सपोर्ट करती है। हालांकि नई डिस्प्ले AMOLED की जगह LCD है। इसके अलावा नए फोन में 64 मेगापिक्सल के बजाय 108 मेगापिक्सल कैमरा दिया गया है।

**OnePlus Nord CE 3 Lite के स्पेसिफिकेशंस**

स्पेसिफिकेशंस की बात की जाए तो OnePlus Nord CE 3 Lite में FHD+ रेजोल्यूशन वाली 6.71 इंच की डिस्प्ले दी गई है, जिसका रिफ्रेश रेट 120Hz है। सेफ्टी के लिए इस फोन में साइड माउंटेड फिंगरप्रिंट स्कैनर दिया गया है। कमरा सेटअप की बात की जाए तो इस स्मार्टफोन में 108 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा, 2 मेगापिक्सल का डेप्थ कैमरा और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो कैमरा दिया गया है। वहीं इसके फ्रंट में 16 मेगापक्सिल का सेल्फी कैमरा दिया गया है।

### टॉप ट्वीट

"यदि हमारा अच्छा स्वास्थ्य सुनिश्चित है तो कुछ भी हमें नहीं रोक सकता।" श्री धनखड़ ने कहा कि लोगों को अपने मन और मस्तिष्क को स्वस्थ रखना चाहिए और राष्ट्रवाद की भावना बनायें रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, " ॐ सर्वे भवन्तु सुखिनः ॐ, सभी खुश रहें तभी फलीभूत होगा जब हम पूर्ण रूप से स्वस्थ होंगे। इसमें मैंने राष्ट्रवाद का एक एंगल जोड़ा है क्योंकि दुनिया के हालात देखने से ये स्पष्ट है कि हम अपने राष्ट्रवाद से प्रति प्रतिबद्ध रहे। "

जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति





"हैप्पी ईस्टर।' पोस्ट शेयर करते ही सलमान के फैंस कमेंट सेक्शन में उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।"

सलमान खान
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## कर्नाटक में चुनावी सरगर्मियां तेज

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहे है। कांग्रेस और भाजपा खेमो में बैचेनी बढ़ती जा रही है ।बागी उमीदवारों और भितरघात की आशंकाओं के चलते दोनों ही रास्ट्रीय दलों की नींद हराम है। अपनी जीत के बड़े बड़े दांवे दोनों पार्टिया कर रही है। कांग्रेस से बगावत कर भाजपा में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री के इस रवैये से कांग्रेस में हलचल बढ़ गई है। पार्टी की कोशिश है कि कार्यकर्ताओ की नाराजगी से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके ।कांग्रेस ऐसे नुकसान की भरपाई के रास्ते तलाश रही है। दोनों पार्टियों के दावों के बीच भाजपा मिशन 2024 के लोकसभा चुनाव में विधानसभा चुनाव की अहमीयत्ता देख रही है,वही कांग्रेस दूसरे टर्म के इंतजार में सरकार बनने के पूरे सपने देख रही है। निष्ठावान दलबदलुओं के लिए नुकसन की भरपाई कांग्रेस के लिए मुश्किल भरी डगर है। कांग्रेस की कर्नाटक में पतली हालत के बीच जनाधार खिसकता देखा जा सकता है। क्योंकि कैबिनेट मंत्रियों को पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होना पार्टी के जनाधार में बुरा असर पड़ना सामान्य बात है ।कर्नाटक में चुनाव में करीब एक महीने का समय बाकी है ।स्टार प्रचारकों का चुनाव प्रचार में जाना और भाजपा के विकास कार्यो को चुनाव में भुनाना भाजपा की रणनीति बनती जा रही है ।केंद्रीय मंत्रियों का कर्नाटक का दौरा समय समय पर हो रहा है। कांग्रेस नेता आगामी दिनों में कर्नाटक में सभा को संबोधित करेंगे। कर्नाटक में कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी सुरजेवाला ने भाजपा पर तंज कसते हुये कहा कि भाजपा भगदड़ पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के किसी नेताओ को सुनने नही आता है। कर्नाटक में दूध की कमी को देखते हुए गुजरात के अमूल दूध बंगलूरू के बाजार में उतारने पर कांग्रेस आगबबूला होकर अमूल नंदिनी विवाद छिड़ा है। कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने भाजपा का विरोध करते हुए कहा कि पहले राज्य में हिंदी थोपी गई और अब अमूल ।दुग्ध उत्पाद ब्रांड सक्षम बताते हुए कहा कि नन्दिनी की बराबरी नही हो सकती है। दोनों पार्टियां अपनी संभावनाएं तलाश रही है।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### आरोपी को गिरफ्तार कर के भेजा जेल

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र पंचायत सिकरी से रविवार को बड़कागांव पुलिस के द्वारा पोक्सो एक्ट के आरोपी शिवा राम पिता गणपति राम को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया शिवा राम के विरुद्ध बड़कागांव थाना में कांड संख्या 117/23 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था। वहीं बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि किसी तरह का आरोपी को नहीं बख्शा जाएगा।

## सिटी अपडेट्स >>

### कोविड की तैयारियों को लेकर किया मॉक ड्रिल

**दारु :** दारू स्वास्थ्य उपकेंद्र पेटो में सोमवार को कोविड की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल कर तैयारियों का जायजा लिया गया। इस ड्रिल के बारे में प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर अमरेश कुमार ने बताया कि कोविड का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है हमे इससे सतर्क रहने की जरूरत है।मॉक ड्रिल में पहले मरीज का रजिस्ट्रेशन किया गया उसके बाद उसका कोविड टेस्ट किया गया रिपोर्ट पीजिटिव आने के बाद उसे मास्क पहनाकर इलाज के बारे में बताया गया और उन्हें कोविड अस्पताल हजारीबाग में भर्ती होने की सलाह दिया गया। इस पूरे मॉक ड्रिल को स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, नर्स, कर्मी, सहिया आदि की उपस्तिथि में किया गया ताकि कोविड की तैयारियों को लेकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा जानकारी देकर इससे निपटने के तौर तरीकों को बारे में बताया जा सका। इस दौरान डाक्टर आयुषी प्रसाद, जागेश्वर शर्मा, कुणाल कुमार, कांता कुमारी, आलोक कुमार, संतोष चौरसिया, सुशीला कुमारी, सुभाशीष कुमार, जयश्री के साथ सहिया आदि मौजूद थी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पथराव और आगजनी की घटना के बाद धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगाया गया

**रांची :** झारखंड में पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर के शास्त्रीनगर में एक धार्मिक झंडे के कथित अपमान को लेकर दो गुटों के बीच पथराव और आगजनी की घटना के बाद दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगा दी गयी है। आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि रविवार शाम को संघर्षरत दो गुटों ने दो दुकानें और एक ऑटो रिक्शा में आग लगा दी तथा पुलिस ने उपद्रवियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। अनुमंडल अधिकारी (धालभूम) पीयूष सिन्हा ने बताया कि धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगा दी गयी है।'पुलिस ने बताया कि इलाके में शनिवार रात से ही तनाव व्याप्त था जब एक स्थानीय संगठन के सदस्यों ने रामनवमी के झंडे पर मांस का एक टुकड़ा लगा हुआ देखा था। रविवार शाम को स्थिति तब हिंसक हो गई जब एक दुकान में आग लगा दी गई। उसके बाद दोनों पक्षों ने एक -दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। भीड़ ने एक ऑटोरिक्शा में भी आग लगा दी, जिसके कारण पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शास्त्रीनगर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।उन्होंने कहा, ''स्थिति नियंत्रण में है और कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

### 2013 कांड दर्ज के आरोप में पुलिस के अभियुक्त के विरोध इश्तिहार चिपकाकर वारंट निकाला

**हजरीबाग :** हजारीबाग बरही थाना कांड सं0-110/13 के प्राथमिकी अभियुक्त अनंत कुमार सिंह पिता रामचरित्र सिंह, ग्राम ओमपुरी, थाना-कोर्रा हजारीबाग के घर व सार्वजनिक स्थान पर विधिवत इस्तेहार चिपका कर तामिला किया गया।

---

**कोरोना** उपायुक्त ने कहा कि देश के कई राज्यों में बढ़ रहे कोरोनावायरस को देखते हुए

# कोरोना से निपटने को लेकर किया गया मॉक ड्रिल

**साथ ही साथ सदर अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट, ऑक्सीजन पॉइंट आदि का भी जायजा लिया**

राष्ट्रीय खबर



**साहिबगंज :** देश के कई राज्यों में लगातार बढ़ रहे कोरोनावायरस को देखते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव तथा सिविल सर्जन रामदेव पासवान के देखरेख में सोमवार को सदर अस्पताल परिसर साहिबगंज में कोरोनावायरस से निपटने को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कोरोना के मरीज के आने पर किस प्रकार से उनका इलाज किया जाए किस प्रकार मरीजों को देखभाल किया जाए आदि का मॉक ड्रिल के माध्यम से अभ्यास करते हुए इसका प्रदर्शन किया। साथ ही साथ सदर अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट, ऑक्सीजन पॉइंट आदि का भी जायजा लिया गया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि देश के कई राज्यों में बढ़ रहे कोरोनावायरस को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है, ताकि कोरोनावायरस जैसे बीमारी से निपटा जा सके। इसी को लेकर मॉक ड्रिल किया गया।

वहीं सिविल सर्जन ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार 10 तथा 11 अप्रैल को किसी एक दिन मॉक ड्रिल करना था। इस के आलोक में सोमवार को सदर अस्पताल परिसर में मॉक ड्रिल किया गया है।

वही कोरोनावायरस जैसी बीमारी से निपटने के लिए अस्पताल की पूरी व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। जिसमें ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन प्लांट, वेंटिलेटर आदि का भी टेस्ट किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि जिला में फिलहाल कोरोनावायरस का एक ही मरीज नहीं पाया गया है, लेकिन इस बीमारी से बचाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कोरोनावायरस से निपटने के लिए पूरी तरह से अलर्ट है। किसी प्रकार की चिंता की बात नहीं है।

सिविल सर्जन ने लोगों से अपील किया कि कोरोनावायरस से बचने के लिए कुछ प्रोटोकोल है, जैसे समय-समय पर हैंड वॉस तथा मास्क लगाना आदि का सभी लोग इस्तेमाल करें, ताकि कोरोनावायरस जैसे बीमारी से बचा जा सकें। मौके पर सती बाबू मुकेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

---

## 15 से 20 हजार रुपया का पुआल जलकर हो गया राख



**इसकी क्षतिपूर्ति के लिए अधिकारी को सौंपेंगे पत्र मुखिया संघ : रंजीत कुमार**

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के तेलिया तरी गांव के प्रवीण महतो पिता खिरोधर महतो के मचान में आग लगने से पुवाल जल कर खाक हो गई। आग बुझाने में ग्रामीणों ने भरपूर सहयोग किया पर आग पर काबू नहीं कर पाया, तत्पश्चात मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने तुरंत थाना प्रभारी बिनोद कुमार तिर्की की आग लगने की सूचना देने के बाद कंपनी के अग्निशमन दमकल द्वारा आग बुझाई गई।आग लगने से लगभग 15-20 हजार रुपया का पुआल जलकर राख हो गया। जिसे मुखिया संघ के अध्यक्ष ने अंचलाअधिकारी को मुआवजा की मांग आवेदन सौंपेंगे।

---

गर्मी आते ही चौपारण के 60 घरों में एक महीने से जलापूर्ति बंद, मची हाहाकार,

# ग्रामीणों के द्वारा विधायक आवास का किया घेराव



राष्ट्रीय खबर

**चौपारण :** चौपारण प्रखंड के ताजपुर पंचायत के गर्मी आते हैं 60 घरों में पिछले एक महीने से जलापूर्ति बन्द है। जिससे ग्रामीणों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी धीरे धीरे उफान की ओर है। और ऐसे समय मे पानी की किल्लत से ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। पंचायत ताजपुर के टोला नावापर के ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर विधायक आवास का घेराव करते हुए विधायक सह सभापति अकेला यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समस्या को अवगत करवाया। ग्रामीणों ने कहा पिछले एक माह से हमारे टोला में लगा जलमीनार का मोटरपंप खराब है। जिसके कारण टोला के 60 घरों में जलापूर्ति बाधित है। जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या के साथ साथ अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर विधायक ने त्वरित संज्ञान लेने का बात कहा और पीएचडी के अधिकारियों को जल्द ठीक करवाने की बात कही। इस दौरान सुबोध कुमार, गुलाब कुमार शर्मा, सन्तोष कुमार चंद्रवंशी, सतीश केशरी, चन्दन कुमार पासवान, अजय राणा, मनोज कुमार, रामेश्वर प्रसाद, रघुनन्दन केशरी, विकास राणा, सुशील कुमार केशरी, बासुदेव भुइयां, रतन भुइयां सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## सदन में राहुल गांधी ने दो महत्वपूर्ण सवाल पूछा तो हो गया गुनाह : मनोज नारायण




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग चरही आलोकतांत्रिक तरीके से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ गौतम अडानी के रिश्ते सदन में विपक्ष के सांसदों को बोलने न देने और प्रधानमंत्री के तानाशाही रवैए के विरोध में चुरचु प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में चरही बाजार में जय भारत सत्याग्रह के अंतर्गत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो0 नौशाद नें किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि मोदी राज में आम जनता की आवाज उठाना गुनाह हो गया है। राहुल गांधी ने सदन में दो सवाल पुछे थे कि अडानी के सेल कम्पनियों में 20,000 हजार करोड़ रूपए किसके हैं, ये पैसा कहां से आया और प्रधानमंत्री मोदी जी का अडानी से रिश्ता किया है। देश की आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाए जा रहे मित्रकाल के विरूद्ध लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया ने कहा कि पुरा देश संकट स्तिथि के दौर से गुजर रहा है। हमारे पूर्वज ईस्ट इण्डिया कम्पनी से आजादी दिलाई थी । आज हम सभी पुनः गुलामी के जंजीरों से जकड़ते जा रहें हैं। देश की संवैधानिक संस्थाओं के साथ एलआईसी और एसबीआई भी खतरे में पड़ने जा रहा है । कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अनवर हुसैन व धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने किया। नुक्कड़ सभा कार्यक्रम में प्रखंड प्रभारी तसलीम अंसारी जिला उपाध्यक्ष लखराज सिंह, भानू प्रताप सिंह, मुस्लिम अंसारी, जय प्रकाश यादव, कृष्णा किशोर प्रसाद, मनान भाई, सागर महतो, अलख सिंह, प्रभात कुमार, अमजद हुसैन, धनेश्वर सिंह, विजय कुमार सिंह, लालो जी, सैयद अशरफ अली, चुरामन महतो, मो0। मुस्ताक, महावीर राम, राम, रामेश्वर महतो, तापेश्वर रविदास, सुरेन्द्र बैठा, महबूब अंसारी, धनेश्वर गंझू, मो। मिस्टर के अतिरिक्त भारी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

---

## राज्य संपोषित उच्च विद्यालय हरली के संस्थापक प्रधानाध्यापक माधव प्रताप का निधन



**11 अप्रैल को बनारस में किया जाएगा विधिवत अग्नि संस्कार**

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के राज्य संपोषित उच्च विद्यालय हरली के संस्थापक प्रधानाध्यापक अंबाजीत निवासी माधव प्रताप सिंह पिता स्वर्गीय धनेश्वर पाठक का निधन हो गया। स्वर्गीय सिंह चार भाई भानु प्रताप सिंह, माधव प्रताप सिंह, हरी नारायण सिंह, शिवनंदन सिंह में दूसरे पर थे। वे 91 वर्ष के थे। वे कुछ माह से बीमार चल रहे थे। हजारीबाग स्थित आवास में 10 अप्रैल को उन्होंने 8:30 बजे अंतिम सांस ली। अग्नि संस्कार 11 अप्रैल को बनारस में किया जाएगा। परिजन शव को लेकर बनारस के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। माधव प्रताप सिंह 1960 में हजारीबाग न्यायालय में पेशकार की नौकरी छोड़कर शिक्षा का अलख जगाने के लिए 1961 में राज्य संपोषित उच्च विद्यालय हरली का स्थापना की। उन्होंने अपने पीछे 3 पुत्र गोपाल सिंह, कन्हाई सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, 2 पुत्री प्रतिमा कुमारी एवं संध्या कुमारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। सिंह के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

---

**आग्रह** अखाड़ाधारियों को परेशानियों से निजात दिलाना है मेरा कर्तव्य : कुणाल यादव

# रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

**डीजे बजाने को लेकर अखाड़ाधारियों पर हुए केस मे सभी को दोषमुक्त करने कि मांग की**

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग की ख्यातिपूर्ण और ऐतिहासिक रामनवमी को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति और अमन के साथ संपन्न होने के बाद कई अखाड़ाधारियों के ऊपर विभिन्न थाना मे डीजे बजाने को लेकर केस कर दिया गया है जिसको लेकर अखाड़ा धारियों मे भय का माहौल है। साथ ही कई अखाड़ाधारियों के ऊपर शांति भंग करने का भी केस किया गया है। इन्ही सब मामले को लेकर हजारीबाग रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग पुलिस अधीक्षक से मुलाकात किया। इस संबंध में रामनवमी महासमिति के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए यह मांग किया कि डीजे संबंधित जो भी केस दर्ज है उन्हें हटाया जाए साथ ही अन्य मामलों में जो निर्दोष हैं उन्हें दोषमुक्त किया जाए। इन मांगों पर पुलिस अधीक्षक ने सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी निर्दोष के ऊपर करवाई नहीं की जाएगी अनुसंधान करने के बाद जो शांति व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास करने का दोषी पाए जाएंगे करवाई उन्हीं पर की जाएगी जो निर्दोष हैं उन्हें परेशान नहीं किया जाएगा। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव ने अखाड़ा धारियों व राम भक्तों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे अंतिम समय तक उनके साथ खड़े रहेंगे उन्हें उनकी परेशानियों से निजात दिलाकर रहेंगे।

---

## न्यूज फटाफट

### बड़कागांव में अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर कमेटी का गठन



**बड़कागांव :** बड़कागांव के अंबेडकर मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता व संचालन मध्य पंचायत के मुखिया मो। तकरीमुल्लाह खान ने किया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की बहुत ही धूमधाम से विश्व का सबसे बड़ा संविधान लिखने वाले बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। 13 अप्रैल को नगर भ्रमण सह मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी। तथा 14 अप्रैल को बड़कागांव अंबेडकर चौक में स्थित आदम कद प्रतिमा बाबासाहेब आंबेडकर को माल्यार्पण ,पुष्प अर्पित कर महासभा का आयोजन तथा अतिथियों के द्वारा भाषण होगा। इसके लिए सर्व समिति से कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष रघुनाथ राम, सचिव लखींद्र ठाकुर, कोषाध्यक्ष कृष्णा राम, संरक्षक मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, समाजसेवी संजय तिवारी, समाजसेवी कृष्णा प्रसाद सिन्हा, मुखिया तकरीमुल्लाह खान, उपाध्यक्ष उप मुखिया अमर राणा, नंदकिशोर भूईया, संयोजक पूर्व पंसस राजीव रंजन, रामेश्वर राम, मीडिया प्रभारी दीपक सिन्हा संजय सागर, संजय भुईयां, मनोरंजन मंत्री अजीत कुमार रवि, संजय निगम, संगठन मंत्री संतोष राम, गणेश राम, कैलाश राम, कार्यकारिणी सदस्य में विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य यासमीन निशा, पूर्वी पंचायत के मुखिया विमला देवी, पूर्व मुखिया विशुन रजक, मुनेश राम, चेतलाल राम, महावीर राम, महेश राम, महावीर राम, महेश्वरी राम, चंदन गुरू एवं समस्त सदस्यगण।

### प्रगतिशील मगही समाज की एक बैठक



**हजारीबाग :** प्रगतिशील मगही समाज की एक बैठक केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद मेहता जी के आवास पर संपन्न हुआ इस बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ राजेंद्र राणा जी द्वारा किया गया और मंच संचालन केंद्रीय पंच शाखा सचिव देवकी प्रसाद ने किया बैठक का मुख्य उद्देश्य है आगामी 12 मई 2023 को पटना के गांधी मैदान में जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था की मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना के कार्यक्रम है इस धरना को सफल बनाने के लिए हजारीबाग में एक बैठक की गई बैठक को संबोधित करते हुए प्रगतिशील मगही समाज के केंद्रीय महासचिव रवि जी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला सचिव धनंजय जी के नेतृत्व में हजारीबाग से आप लोगों को जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था की आवाज बुलंद करने के लिए आप लोग मगध की पूर्व राजधानी पाटलिपुत्र की धरती से जन गोष्ठी आधारित समाज व्यवस्था के निर्माण का आवाज बुलंद करने के लिए अपील किए केंद्रीय युवा सचिव मनोज मेहता ने भी लोगों को संबोधित किए इस बैठक में हजारीबाग कोडरमा चतरा तीनों जिले के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए महिला जिला सचिव नीतू आनंद संयुक्त सचिव कालेश्वर प्रसाद जी संगठन सचिव बालेश्वर मेहता वित्त सचिव डॉ सुरेश जी चतरा जिला सचिव जगदेव जी रामेश्वर राणा जी विनोद जी जो अयोध्या प्रसाद मेहता जी पदमा प्रखंड सचिव राजू रजक पवन जी शंभू जी इत्यादि सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

### कुम्हारटोली संकुल के प्रधानाचार्य गण की बैठक संपन्न



**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली ,हजारीबाग में आज दिनांक 10 अप्रैल 2023 को कुम्हारटोली संकुल के संकुल संयोजक जटाधर दुबे की अध्यक्षता में प्रधानाचार्य गण के साथ बैठक हुई' गौरतलब है कि इस बैठक में संकुल के संकुल संयोजक चटाधर दुबे एवं प्रधानाचार्य गण सम्मिलित हुए' बैठक में भैया- बहनों के शैक्षिक उन्नयन की दृष्टि से चर्चा- परिचर्चा हुई' साथ ही साथ नए सत्र 2023 -24 की कार्य योजना एवं उसके क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श हुआ' बैठक में कुम्हारटोली संकुल के संकुल संयोजक जटाधर दुबे ने बताया कि जो भी कार्य इस बैठक में तय हुए हैं' ससमय कार्य का निष्पादन एवं भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास ऐसा प्रयास करना हमारा लक्ष्य है' बैठक में संकुल के विद्यालयों सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र, कोर्रा के मनोज कुमार सिंह, बरकाखूर्द के मदन मोहन मेहता, उपस्थित थे

### जेएम कॉलेज उरुका में आंतरिक परीक्षा का किया गया आयोजन

**इचाक :** इचाक जगरनाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरूका इचाक हजारीबाग में झारखंड अधिविद् परिषद रांची द्वारा निर्धारित 11वीं की वार्षिक परीक्षा को देखते हुए महाविद्यालय के प्राचार्या बसंत कुमार के दिशा निर्देश में आंतरिक परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के माध्यम से बच्चों को परीक्षा से पूर्व ओएमआर शीट भरने तथा परीक्षा भवन में बच्चों पर होने वाले मनोवैज्ञानिक दबाव से निपटने का गुर पर भी चर्चा की गई। पहला दिन इतिहास और अंग्रेजी विषय की 40-40नंबर की परीक्षा ली गई। परीक्षा के सफल संचालन में शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर विजय कुमार दास, प्रेमचंद कुमार पंत की भूमिका सराहनीय रही।

### उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय से एमडीएम की चावल मध्य रात्रि में चोरी कर ली गई है

**इचाक :** इचाक प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय छोटकी देवकुली में रविवार की रात चोरों ने एमडीएम का तीन क्विंटल की चोरी कर ली। चोरों ने दरवाजे का कुंडी तोड़कर घटना का अंजाम दिया। प्रधानाध्यापिका बबीता देवी ने कहा कि आठ अप्रैल को विद्यालय बंद होने के बाद अपना घर चली गई। सोमवार को करीब सात बजे विद्यालय आई तो स्टोर रूम के कमरे का दरवाजा का कुंडी टूटा हुआ था, कमरे में बच्चों का मध्यान्ह भोजन के लिए छह पैकेट में 294 किलोग्राम चावल एवं एक ट्रे अंडा स्टोर रूम में रखा हुआ था जिसकी चोरी कर ली गई। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका बबीता देवी ने इचाक थाना में आवेदन देकर एफआईआर किया गया है एवं इसकी जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को भी दिया है।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र प्रदेश
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश >> अपडेट

### डॉक्टरों की टीम ने मानवता का एक मिसाल पेश किया

**मेदिनीनगर** : इंडियन रोटी बैंक ने समाज सेवा के माध्यम से समाज में गहरी पैठ बना ली है। यह समाज सेवा किसी के चंदे पर न कर बल्कि अपने बलबूते पर कर एक से बढ़कर एक कीर्तिमान स्थापित करते जा रहा है। इसी कड़ी में इंडियन रोटी बैंक के डॉक्टरों की संजीवनी टीम ने मानवता का एक मिसाल पेश किया है। सतबरवा प्रखंड के पोची गांव निवासी राजेंद्र भुइयाँ के 23 वर्षीय पुत्री अनीता देवी दो फरवरी को आग से झुलस कर बुरी तरह जल गई थी। जिसका इलाज परिजन पैसे के अभाव में नहीं करा पाए और घर लाकर भगवान भरोसे छोड़कर ग्रामीण चिकित्सकों से इलाज करा रहे हैं। यह खबर इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी को जैसे ही मिला वे मानवता का परिचय देते हुए पीड़िता के गांव मेडिकल टीम लेकर पहुंचे। वहां पर चिकित्सकों की टीम ने पीड़िता को जांच कर दवा दिया और बेहतर इलाज के लिए बाहर इलाज कराने का सलाह दिया। दीपक तिवारी एवं राष्ट्रीय प्रभारी सोनू सिंह नामधारी ने पीड़ित महिला के परिजनों को आर्थिक मदद के अलावा खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया और गर्मी से निजात पाने के लिए उसे एक पंखा भी दिया।

**प्रश्नचिन्ह** अत्यंत प्रभावशाली रही आईपीएस लिपि सिंह का सहरसा से तबादला

# पिता आरसीपी के साथ नीतीश के अनबन के बाद फिर से उठने लगे हैं सवाल

- बिहार में 2016 बैच की अधिकारी पर ढेर सारे आरोप
- पप्पू देव की पुलिस हिरासत में मौत पर भी चर्चा
- मुंगेर दुर्गा पूजा गोली कांड में भी जनता नाराज

**दीपक नौरंगी**



**पटना:** बिहार में दो दिन पहले बड़े पैमाने पर आईएएस और आईपीएस अधिकारी का तबादला हुआ है। इस तबादले में पति पत्नी के तबादले को लेकर कई तरह की चर्चाएं आईएएस और आईपीएस में महकमें में देखी जा रही है कि बिहार में महिला आईपीएस लिपि सिंह इतने कम सालों में इतने लंबे आरोपों की बौछार क्यों? सहरसा एसपी लिपि सिंह जिनका तबादला डेहरी कमांडेंट दो के रूप में हुआ है और उनके पति पूर्णिया डीएम हुआ करते थे उनको औरंगाबाद का डीएम बनाया गया है।

बाढ़ में एएसपी के रूप में तैनात लिपि सिंह सबसे पहली बार विवादों में आई मामला अनंत सिंह से जुड़ा हुआ था। इस मामले में अनंत सिंह के समर्थन में खुलेआम लिपि सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए। अनंत सिंह के समर्थक खुलेआम लिपि सिंह का विरोध भी करते रहे उसके बाद लिपि सिंह का तबादला हो जाता है और उन्हें मुंगेर का एसपी बनाया जाता है।

मुंगेर एसपी लिपि सिंह के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद एक व्यक्ति का नाम उनके साथ जुड़ा। कुछ लोग कहते हैं पहले किसी समाचार पत्र में वह व्यक्ति पत्रकार के रूप में भी कार्य कर चुका है। मुंगेर में दुर्गा विसर्जन के दौरान एक श्रद्धालु अनुराग पोद्दार की गोली लगने से मौत होती है। सीधा आरोप मुंगेर पुलिस और लिपि सिंह पर लगता रहा है और एक तथाकथित व्यक्ति जिसका नाम कृष्ण कुमार है, मुंगेर के दुर्गा विसर्जन के मामले में देखा गया। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद लिपि सिंह का तबादला पटना मुख्यालय कर दिया जाता है। जैसे ही बिहार में नीतीश कुमार की सरकार बनती है तुरंत महीने नहीं गुजरते हैं की लिपि सिंह को सहरसा का एसपी बना दिया जाता है। कुछ बड़े राजनीतिक का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कैरियर में यहां सबसे बड़ी गलती की है। राजनीतिक लोगों का मानना है कि यह निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए उचित नहीं था।

एक साल के बाद ही लिपि सिंह को किसी जिले का पुलिस कप्तान बनाया जा सकता था क्योंकि मुंगेर में दुर्गा विसर्जन के दौरान हुए तुरंत बवाल के बाद नीतीश कुमार की सुशासन सरकार बिहार में बनती है और लिपि सिंह को तुरंत सहरसा का एसपी बनाए जाने पर सवाल उठना तो लाजमी था। लिपि सिंह फिर सुर्खियों में आती है जब सहरसा में पप्पू देव की पुलिस हिरासत में मौत हो जाती है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कई गहरे जख्म खुद जीता जागता उदाहरण है कि किस तरह पुलिस की पिटाई से पप्पू देव की मौत हुई है। पप्पू देव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सहरसा में लिपि सिंह के खिलाफ सड़क जाम और टायर भी जलाए जाते हैं लेकिन कुछ नहीं होता है।

### केंद्रीय जांच एजेंसी की निगाहें जरूर एसपी लिपि सिंह पर होगी

देश में बैठी बड़ी बड़ी जांच एजेंसी की निगाहें तो लिपि सिंह की कार्यशैली तक तो जरूर गई होगी। राजनीतिक लोगों का मानना है कि रामचंद्र प्रसाद सिंह उर्फ आरसीपी सिंह कि अपनी व्यक्तिगत यह मजबूरी होगी कहीं उनकी पुत्री मतलब बेटी लिपि सिंह पर लगे आरोप की जांच केंद्र सरकार सीबीआई से ना करा दे इसीलिए आरसीपी सिंह अंदर ही अंदर भाजपा नेताओं से हाथ मिला लिया है। इसीलिए परिस्थितियां बदली और आज आरपी सिंह और नीतीश कुमार दोनों अलग-अलग तो दिखते हैं लेकिन अंदर अंदर क्या है यह कहना कठिन है। बिहार में सबसे ज्यादा प्रभावशाली अफसर माने जाने वाली लिपि सिंह का कौन कुछ बिगाड़ सकता है ऐसी चर्चा आज की प्रशासनिक आला अधिकारियों में होती रहती है?

## न्यूज फटाफट

### मनरेगा का सच : असल उद्देश्यों के विपरीत ठीकेदारी का बढ़ा प्रचलन

**हरिहरगंज/पलामू** : लोगों को रोजगार मुहैया कराने वाली सबसे बड़ी महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा क्रियान्वयन की खामियों के कारण भ्रष्टाचार और अफसरशाही की भेंट चढ़ गई है। वर्ष 2005 से लागू केंद्र की महात्वाकांक्षी योजना बर्तमान में अपने उद्देश्यों की पूर्ति में नाकाम साबित हो रहा है। नियमावली के विपरीत मनरेगा में आज ठीकेदारी की प्रथा कायम हो चुकी है । रोजगार सेवकों ,मेटों व मनरेगा अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों की तिकड़म के कारण निबंधीत मजदूरों को समय से मजदूरी नही मिल पाती है। बकाये मजदूरी का भुगतान भी काफी दिनों तक अधर में लटका दिया जाता है। जॉबकार्ड के लिए मजदूरों को कई बार कार्यालयों का चक्कर काटने पड़ते है। कई जानकार बताते हैं कि योजनाओं में फर्जी तरीके से डिमांड का प्रचलन काफी बढ़ गया है। जो कार्य करते हैं उनका डिमांड नही लगाया जाता है किंतु कार्य कराने वाले अपने परिजन और चहेते व्यक्तियों के नाम से फर्जी डिमांड लगाकर मजदूरी पेमेंट करा लेते हैं। जिससे असल मजदूरों को नुकसान पहुंचता है। ग्रामीणों को योजनाओं का ऑडिट करने का अधिकार सिर्फ दिखावा बन कर रह गई है । वहीं कई बार योजनाओं में मजदूरों के बजाए जेसीबी से कार्य कराने का मामला भी उजागर हुआ है। ऐसे अनेक कारण हैं जो मनरेगा के असली उद्देश्यपूर्ति में सबसे बड़ा बाधक है।मालूम हो कि वर्ष 2008 के वैश्विक आर्थिक मंदी के दौर से उबारने में यही मनरेगा देश की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देने में सहायक साबित हुआ था। उस वक्त मनरेगा का आरंभिक काल था जिसके क्रियान्वयन में पारदर्शिता , जवाबदेही और सही अनुश्रवण का बोलबाला रहता था।हालांकि कई बार मनरेगा योजना की जाँच को लेकर केंद्र व राज्य स्तर की जाँच टीमें आई और गईं किंतु कही कोई सुधार होता नहीं दिख रही है। जिससे जाँच टीमों के प्रति आमलोगों में संशय जागृत होती है। जिसका निराकरण मनरेगा में पारदर्शिता लाकर ही किया जा सकता है। बता दें कि बीते वित्तीय वर्ष में भूमि संरक्षण विभाग व मनरेगा से जल संचयन को लेकर डोभा , मेड़बंदी आदी निर्माण कार्य भी कराए गए हैं। किंतु इस निर्माण कार्य में व्यापक अनियमिताओं की चर्चा सुनी गई थी। लोगों का कहना है कि योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर भी अधिकारी गम्भीरता से नहीं लेते। उनका कहना है कि जनशिकायत पर जो अधिकारी आते हैं वो सिर्फ जांच की औपचारिकता मात्र पूरी कर चले जाते हैं। इस कारण ग्रामीण अब किसी भी गड़बड़ी की शिकायत करने से कतराते हैं।

# मोदी राज में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना हो गया है गुनाह: बिट्टू पाठक



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिला में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर आज दिनांक 9 अप्रैल 2023 को 12 वह दिन पलामू जिला के पाटन प्रखंड में नुक्कड़ सभा किया गया नुक्कड़ सभा का अध्यक्षता जिला अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष अशोक पासवान ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थ जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में केंद्र सरकार देश की आत्मा यानि लोकतंत्र को ध्वस्त करने में लगी है मोदी राज में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना हो गया है गुनाह आज विदेश के अखबारों में भारतीय लोकतंत्र पर लगातार हमले को लेकर खबरे छप रही हैं। लोगों के बीच आज भी सवाल बना हुआ है कि मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है एवं 20, 000 करोड़ किसके हैं?

अशोक पासवान ने कहा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए हुवे संविधान को हम सबको बचाने के जिम्मेदारी है जब से यह सरकार आई है धजियां उड़ा कर रख रखा ' राहुल जी से मोदी जी डरे हुवे हैं 'एसबीआई-एलआईसी के जरिए लुटवाने का काम निरंतर कर रहे हैं। साथ ही, महाघोटाले के आरोपी अडानी को बचाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

केंद्र सरकार ने तानाशाही की सीमा लांघ दी है। मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद सिंह सत्येंद्र सिंह विद्या सिंह चेरो चिंतामणि तिवारी देवांश शुक्ला रामानंद पांडे अनिल कुमार सिंह अनवर अंसारी संजय पासवान लो सिंह सरोज पाल हरिनंदन पासवान सज्जाद अली रितेश पासवान प्रियांशु पासवान संतोष कुमार अली मुनिया जागनाथ पासवान सरजू ठाकुर अभिमन्यु पांडे अली मियां सुनील सिंह दीपक ठाकुर चंद्रदेव सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे ।

### इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**हरिहरगंज/पलामू** : एसपी के निदेर्शानुसार गुरुवार की शाम एएसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना के समीप इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । जिसमें दोपहिया वाहन के सभी कागजात ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनर बुक, हेलमेट, ओवरलोड, ट्रिपल सवारी आदि की जांच की गई । इस दौरान निदेर्शों का अनुपालन करते हुए कई दो पहिया वाहनों को जप्त भी किया गया है। किंतु कई बाईक चालकों ने अभियान में शामिल अधिकारियों से इमरजेंसी में दवा के लिए मेडिकल आने की बात कही तो कोई कुछ अन्य मजबूरी बताते हुए एक बार बाईक छोड़ देने का आग्रह करते देखे गए।

# सीएम के सचिव से भेंटकर पीपरा प्रखण्ड की समस्याओं को रखा : कान्हा सिंह



**राष्ट्रीय खबर**

**हरिहरगंज/पलामू** : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( एनसीपी) के पीपरा प्रखंड संगठन प्रभारी सह जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह ने प्रदेश के सीएम हेमंत सोरेन के सचिव सीनियर आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे से रांची में औपचारिक भेंटकर क्षेत्र की कई ज्वलंत मूलभूत समस्याओं को रखा और उसके निदान की मांग की। फोन पर इसकी जानकारी देते हुए कान्हा सिंह ने बताया कि पीपरा प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा , स्वास्थ्य , खेल कूद और गांवों की समुचित विकास से जुड़े कई मुद्दों को उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की घोर कमी है। यहां तक कि इमरजेंसी की हालत में मरीजों की सुविधा के लिए पीपरा में डॉक्टर और एंबुलेंस की व्यवस्था तक नहीं है। जिससे मरीजों को हरिहरगंज पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं 6 पंचायतों वाले प्रखंड के हजारों लोग शिक्षा की बदहाली से त्रस्त हैं। जबकि पीपरा जैसे सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। किंतु खेल के विकास के लिए खेल कूद विभाग का भी इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। जिस कारण प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों में मायूसी छाई रहती है। उन्होंने बताया कि उक्त सभी समस्याओं के निदान के लिए सीएम के सचिव श्री चौबे ने सार्थक प्रयास करने का आश्वासन दिया है। इसके लिए पीपरा प्रखंड वासियों की ओर से उन्हें आभार जताया।

### कोरोना से निपटने की तैयारी को लेकर मॉकड्रिल का हुआ आयोजन

**महेशपुर (पाकुड़)**: स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के आलोक में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में कोरोना से निबटने की तैयारी को लेकर मॉकड्रिल किया गया। इस संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार किस्कू ने बताया कि कोरोना के बढ़ते लहर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कोरोना वार्ड, दस बेड के साथ तैयार है। जिसको लेकर आज मॉकड्रिल किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से बीडीओ उमेश मंडल, जेएसएलपीएस के बीपीएम आशिष रंजन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार किस्कू, जीएनएम सरोजनी हांसदा, प्रिया हेम्ब्रम उपस्थित थे।

धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता के उल्लंघन के एक मामले में

# पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बरी

- मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने रिहा कर दिया है
- 29 अप्रैल 2011 को भादवि की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था

**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर** : धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता के उल्लंघन के एक मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को आरोप सिद्ध नहीं होने पर एमपी एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने रिहा कर दिया है। बाबूलाल मरांडी पर आरोप था कि अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर के द्वारा 28 अप्रैल 2011 के द्वारा पूरे अनुमंडल क्षेत्र में धारा 144 लगाया गया था। जिसका उल्लंघन श्री मरांडी द्वारा 29 अप्रैल 2011 को अन्य लोगो के साथ मिलकर मेदिनीनगर शहर में किया गया था।144 के उल्लंघन करने को ले तत्कालीन अपर समाहर्ता मुकुल पांडेय ने बाबूलाल मरांडी व अन्य लोगो पर 188 भा द वि के तहत प्राथमिकी करने हेतु सदर शहर थाना में आवेदन दिया था। जिसके आलोक में बाबूलाल मरांडी व अन्य लोगो के विरुद्ध सदर शहर थाना कांड संख्या 180/2011 तिथि 29 अप्रैल 2011 को भादवि की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था। इस मामले में अभियोजन की से चार गवाहों की गवाही कराया गया था। अभियोजन आरोप साबित करने में असफल रहा। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार पांडेय ने बहस किया। अदालत ने अभियोजन के द्वारा केस साबित नहीं करने के कारण इस मामले में बाबूलाल मरांडी को बरी कर दिया है।

**आश्वासन** गंधाई पुर गांव में 42 घर आग लगी से हुए थे तबाह

# सांसद ने बांटी राहत सामग्री, दिया हर संभव मदद का भरोसा

- आग लगने की सही वजह नहीं बता पा रहे हैं ग्रामीण
- कुछ का कहना है खाना बनाने के दौरान लगा था आग

**राष्ट्रीय खबर**



**पाकुड़:** सदर प्रखंड के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंधाई पुर गांव में रविवार को लगभग 3:00 बजे अचानक एक घर में आग लग गई। देखते ही आग लगभग 35 से 42 घरों को आग ने अपने चपेट में ले लिया। गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण आग को बुझाने का प्रयास किया। अग्निशमन विभाग व ग्रामीणों के मदद से आग पर काबू पाया जा सका। तब तक 35 से 45 घर तबाह हो चुके थे। हालांकि अभी तक आग लगने की सही जानकारी नहीं मिल पाई है। जबकि कुछ ग्रामीणों का मानना है कि खाना बनाने के क्रम में आग लग गई होगी। घटना की सूचना पर अंचल अधिकारी आलोक बरन केसरी एसडीपीओ अजीत कुमार विमल डीएसपी बैजनाथ कुमार घटनास्थल पर पहुंचे एवं जायजा लिया था। सूचना मिलते ही सोमवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के झामुमो सांसद विजय हसदा भी गंधाईपुर गांव पहुंचे एवं पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद करने की बात कही तथा आगलगी में जले घरों के लोगों के बीच राहत सामग्री दाल चावल तेल साड़ी एवं लूंगी आदि का वितरण किया। ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि जल्द ही आपको सरकारी सुविधा प्राप्त होगी। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हबीबुर्रहमान प्रखंड अध्यक्ष मुसलो उद्दीन शेख गंधाई पुर पंचायत के मुखिया हारून शेख पृथ्वी नगर पंचायत के मुखिया सलीम शेख पृथ्वी नगर पंचायत के पूर्व मुखिया जाकिर हुसैन जिला संगठन सचिव महमूद आलम फारुख शेख सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा का कार्यालय

सरायकेला-खरसौंवा जिला से प्राप्त उग्रवादी गतिविधि के सुदृढ़ीकरण मद एवं S.R.E मद के अन्तर्गत कार्य

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या -JHALCO-01/2023-24

| | |
|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | क्षेत्रीय प्रबंधक,झालको चाईबासा। |
| परिमाण विपत्र की बिक्री का तिथि एवं समय | 11.04.2023 (कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन तक) |
| मुहरबंद निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय | 13.04.2023 का समय अपराहन 3.00 बजेतक |
| मुहरबंदनिविदा खोलने की तिथि एवं समय | 13.04.2023 को समय 3.30 अपराहन तक |
| परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |
| निविदा प्राप्ति का स्थान | क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय, झालको चाईबासा |

कार्यविवरणी :-

| क्र0 | | योजना का नाम | जिला | प्रशासनिक स्वीकृति राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | Punisir Picket Ps- | Seraikella-Kharsawan | 95,57,500.00 | 10,000.00 | 1,91,500.00 | Six month |
| | I | Boundary Wall Rasing | | | | | |
| | ii | Morcha 02 Unit @170000/Unit | | | | | |
| | iii | Pota Hut – 03 unit@ 2100000 /unit | | | | | |
| | iv | R.O Water Filter 01 unit | | | | | |
| | | Gomiadih Picket Ps- | | | | | |
| | v | Kitchen Shed (16'x64')-01 unit | | | | | |
| | vii | Morcha 01 Unit @170000/Unit | | | | | |
| | viii | R.O Water Filter 02 unit | | | | | |
| 2 | i | Septic Tank At Ps-Kuchai | Seraikella-Kharsawan | 52,41,000.00 | 10,000.00 | 1,05,000.00 | Six month |
| | ii | Secruty Lighat And Roof Repair At Dalbanga Ps | | | | | |
| | iii | Roof Repair At Tirildih Ps | | | | | |
| | iv | Boundry Wall Rasing at Amda OP | | | | | |
| | v | Boundry Wall Rasing at Kharsawan Ps | | | | | |
| | vi | Boundry Wall Rasing at Saraikella Ps | | | | | |
| | vii | Paramiter Lighat At Rajnagar Ps | | | | | |
| 3 | i | Morcha 04 unit @ 168500/unit And Barrack -16'x64' (for Force) 01 unit At Ludubera Picket. | Seraikella-Kharsawan | 61,42,600.00 | 10,000.00 | 1,23,000.00 | Six month |
| | ii | Morcha 04 unit @ 168500/unit And Barrack -16'x64' (for Force) 01 unit At Jomro Picket | | | | | |

नोट:-प्राक्कलित/ B.O.Q की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि परिवर्तित होगी । निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है जो एकरारनामा का अंग रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक
झालको चाईबासा

पत्रांक - 25 दिनांक . 05/04/2023.

## शहर >> अपडेट

### कुआं से युवक का शव बरामद

**कोडरमा:** सोमवार को कोडरमा थाना अंतर्गत बजरंग नगर में एक कुआं से युवक का शव बरामद किया गया। युवक पहचान नीरज कुमार राम (उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय राजेंद्र राम, कोडरमा) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार अपने घर से सोमवार की सुबह 9 बजे निकला था। नीरज पानी जार पहुंचाने का काम करता था।

## सिटी अपडेट्स >>

### कोविड-19 की तैयारी को लेकर मॉक ड्रिल

**मरकच्चो:** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मरकच्चो में सोमवार को कोविड-19 की तैयारी को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। कोविड 19 के बढ़ते प्रकोप की संभावना को देखते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रदीप बैठा के देखरेख में मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें कोविड 19 से संबंधित सभी गतिविधि मरीज की देख रेख, ऑक्सीजन की जांच, रैट की जांच, ऑक्सीजन की तैयारी आदि किया गया। मौके पर बीडीएम सह बीपीएम धर्मेंद्र राम, बीएएम सतीश कुमार वर्नवाल, ए एन एम संजूला कुमारी, ओटी सहायक नीरज कुमार, बीटीटी गंगाधर दास आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाला जागरूकता रैली

**महेशपुर (पाकुड़):** आगामी 12 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले मिजील्स रुबेला टीकाकरण अभियान के शत प्रतिशत सफल संचालन को लेकर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में डॉ. अंजनी कुमार भगत व शैलेस कुमार के संयुक्त नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने जागरुकता रैली निकाली। जागरुकता रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर से निकलकर अगल-बगल के गांवों में लोगों को मिजील्स रुबेला टीकाकरण अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक करने का कार्य किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जमीन कब्जा करने का मामला आया सामने

**कोडरमा:** झुमरीतिलैया में इन दिनों जमीन माफियाओं से लोगों को डरकर रहना पड़ रहा है। एक ही जमीन की कई बार बिक्री तो वहीं जबरन कब्जा करने का मामला देखने को आ रहा है। ऐसे ही एक मामले में रविवार को चित्रगुप्त नगर में जमीन कब्जा करने का मामला सामने आया। इस दौरान जमीन की बाउंड्री तोड़ी गयी तो वहीं मारपीट की घटना भी हुई। घटना के दौरान जब वीडियो बनाया जाने लगा तो जमीन कब्जा करने पहुंचे लोग वहां से फरार हो गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### खांगटा कंपटीशन का हुआ आयोजन

**कोडरमा:** जिले के पूर्णानगर पंचायत भवन में डिस्ट्रिक्ट खांगटा कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें कोडरमा एवं जयनगर प्रखंड के अलग-अलग विद्यालयों के लगभग 65 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटकर जेजे कॉलेज के प्रोफेसर रामलखन प्रसाद ने की। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य शत्रुघ्न प्रसाद, मुकेश कुमार, लल्लन यादव एवं गीता देवी उपस्थित रहे। आसनसोल से आए स्पोट्‌र्स ट्रेनर विमल कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। जीते हुए प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जीते हुए प्रतिभागी राज्य स्तरीय खेल में भाग लेंगे जिस का आयोजन धनबाद में होगा। एसोसिएशन के जिला सचिव शंकर राम एवं जिला अध्यक्ष धीरज बक्शी ने भविष्य में बेहतर प्रतियोगिता आयोजन कराने को आश्वस्त किया है।

---

**बैठक**

भाकपा जिला परिषद की बैठक

# 15 अप्रैल से पार्टी की पूरे राज्य में पदयात्रा : पाठक




राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** सोमवार को भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रामेश्वर चौधरी की अध्यक्षता में की गई। संचालन अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने किया जिसमें कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रस्तुत किया। भाकपा राज्य मंत्री महेंद्र पाठक ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में ईडी एवं सीबीआई कागज जमा कर देश चलाना चाहते हैं। इनके शासनकाल में लोकतंत्र खतरे में है, लोकतंत्र बचाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 14 अप्रैल 2023 को अंबेडकर जयंती मना कर 15 अप्रैल से पूरे राज्य में पदयात्रा चलाने का फैसला लिया गया है। गांव गांव में भाजपा एवं मोदी का कथनी और करनी के बारे में बताना है। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि कोडरमा जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत कर जिले में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन को तेज किया जाएगा।

भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में प्राइवेट स्कूलों में मोटी फीस और किताबों व स्कूल ड्रेस के नाम पर कमीशन खोरी से अभिभावकों की कमर टूट रही है। हरेक स्कूल का किताबों व ड्रेसो की दुकानों से सीधा समझौता है। अभिभावकों से वसूली जाने वाली मोटी रकम का हिसाब स्कूल संचालकों की जेब तक पहुंच रहा है।

बैठक में 16 मई को जयनगर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने एवं 17 अप्रैल को महिला समाज का बैठक कर सम्मेलन करने पर विचार किया जाएगा। वहीं 1 मई 2023 को मजदूर दिवस मनाने का फैसला लिया गया। बैठक को पुरुषोत्तम यादव, सोनिया देवी, अर्जुन यादव, रामेश्वर यादव, सच्चिदानंद पांडे, वीरेंद्र यादव, रमेश यादव, रामचंद्र यादव, सुखदेव पांडे, सिकंदर कुमार, रंजन कुमार रजक, कयूम उद्दीन, रामकृष्ण शर्मा, रामचंद्र यादव, प्रदीप कुमार रजक, कामेश्वर पंडित, राजेंद्र प्रसाद यादव, विश्वनाथ रविदास, काली सिंह, रामेश्वर चौधरी, बलवा देवी, बसमतिया देवी, सरिता रानी आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र प्रसाद यादव ने किया।

## मजदूरों का खाता सत्यापित कराने का निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में मनरेगा में मजदूरों का मजदूरी भुगतान 1 अप्रैल से आधार बेस पेमेंट सिस्टम के माध्यम से अनिवार्य रुप से किया जाना है। जिन मजदूरों का खाता सत्यापित नहीं है, उनका मजदूरी भुगतान संभव नहीं हो सकेगा। इस आलोक में उप विकास आयुक्त, कोडरमा द्वारा 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक कोडरमा जिला के सभी पंचायतों में कैम्प लगाकर आधार का सत्यापन एवं ई-केवाईसी कराते हुए सभी लाभुकों को एबीपीएस से भुगतान हेतु योग्य करने का निदेश दिया गया है। जिसमें पंचायत भवन में सभी ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया एवं अन्य का सहयोग लेते हुए सत्यापन का कार्य कराएँगे। सभी मनरेगा श्रमिकों से अपील है कि अपने नजदीक के पंचायत मे जा कर आधार का सत्यापन एवं बैंक जाकर ई-केवाईसी कराएं जिससे ससमय मजदूरी भुगतान किया जा सके।

## मंत्री अन्नपूर्णा देवी पहुंचीं पीपराडीह,स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया जायजा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** सोमवार को केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक बरकट्ठा अमित कुमार, उपायुक्त आदित्य रंजन ने संयुक्त रूप से पिपराडीह रेलवे स्टेशन स्थित स्वास्थ्य कार्यक्रम पहुंचकर और वहां की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए बनाये गये रजिस्ट्रेशन काउंटर, ओपीडी आदि का निरीक्षण किये। उपायुक्त ने स्वास्थ्य कार्यक्रम हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, चिकित्सकों समेत सभी कर्मियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। बता दें कि दिनांक 9 अप्रैल को कुल 1594 मरीजों का निबंधन कराया गया था, जिसमें 1401 मरीज ने आंख की समस्या से निबंधन कराया और 193 स्त्री रोग से संबंधित मामले थे। आंख से संबंधित 469 मरीजों के बीच चश्मा का वितरण किया गया। 1035 मरीजों का शुगर और बी.पी की जांच की गई। साथ ही आंख की समस्या से संबंधित ईलाज करवाने आये मरीजों में 81 मरीजों का मोतियाबिंद की समस्या से पहचान की गई। ज्ञात हो कि कि आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी दिनांक 5 अप्रैल से 10 अप्रैल तक, कान की जांच और कान की सर्जरी दिनांक 12 अप्रैल से दिनांक 16 अप्रैल तक, मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी दिनांक 18 अप्रैल से दिनांक 20 अप्रैल तक, स्तन औ? ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परिक्षण दिनांक 05 अप्रैल से 10 अप्रैल तक, दांत की जांच एवं उपचार दिनांक 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक औ? बी.पी व शुगर की जांच दिनांक 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक किया जायेगा। उपरोक्त स्वास्थ्य जांच हेतु ओपीडी का समय पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक निर्धारित है।

## बीएड के प्रशिक्षुओं ने किया बोधगया का शैक्षणिक भ्रमण



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड प्रशिक्षुओं ने बोधगया जैसे ऐतिहासिक विरासत का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष मनीष कपसीमे, सचिव अविनाश सेठ, उपनिदेशक डॉ संजीता कुमारी व प्राचार्य प्रो डॉबी सी स्वेन ने महाविद्यालय टीम के सदस्यों और प्रशिक्षुओं को रवाना किया। प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं को बताया कि किस प्रकार संसार भ्रमण के बाद गौतम बुद्ध को बोध गया में ज्ञान की प्राप्ति हुई थी तथा इसके बाद वे सांसारिक सुखों का त्याग कर अध्यात्म की ओर बढ़े। बोधगया की प्राचीनतम जानकारी को प्राप्त कर सभी प्रशिक्षुओं ने अपने ज्ञान को बढ़ाया और जाना की बोधगया सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध तीर्थस्थल है जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। शैक्षणिक भ्रमण में प्रशिक्षु विकास कुमार, श्रुति प्रिया, राजू प्रसाद, सूरज कुमार गुप्ता, सुभाष कुमार, संजू कुमारी, विक्रम दांगी ममता कुमारी, पवन कुमार दास, सूरज प्रताप सिंह, नीरज कुमार सिन्हा, राहुल यादव, वकील कुमार सिंह, सोनी कुमारी, सौरभ केसरी, ममता कुमारी, दिनेश कुमार, वीरेंद्र कुमार दास, महिमा कुमारी, विकास कुमार, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार, आरती कुमारी, टिंकू कुमार, दिव्या पांडे, वरुण कुमार, नीतू कुमारी, विकास कुमार दास, मयूर राज, पप्पू कुमार रजक, श्वेता सिंह, सुमन कुमारी, भीम कुमार जय, मुकेश शर्मा ,अमीषा आर्या मनीष कुमार, सागर कुमार, अरविंद यादव, शिवानी पांडे, गौतम कुमार, खुशबू कुमारी, अजय कुमार, अंशिका कुमारी, मनोज कुमार, राजेश कुमार, पूजा कुमारी, पंचम राम, रंजीत कुमार चौधरी, उषा कुमारी,खुशबू कुमारी सिन्हा के साथ शिक्षकेतर कर्मचारी सूचित शर्मा भी उपस्थित रहे। संपूर्ण शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता संजीत कुमार के देखरेख में संपन्न हुआ।

## सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** नगर पंचायत कोडरमा में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कौशल प्रशिक्षण एवं नियोजन घटक अंतर्गत पीपल ट्री वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन ट्रेड पर 120 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों का एसेसमेंट कराया गया, जिसमें 114 प्रशिक्षणार्थी सफल हुए। उक्त 114 सफल प्रशिक्षणार्थियों को नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में पास प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी के द्वारा जल्द ही प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा वैसे प्रशिक्षणार्थी जो स्वयं का व्यवसाय करना चाहते हैं उन्हें बैंकों से 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान में इलेक्ट्रिशियन कार्य जिसमे हाउस वायरिंग, घरेलू उपकरणों की रिपेयरिंग एवं इंडस्ट्री आदि सभी स्थानों पर मांग है।

**आयोजन**

भालोटिया विद्या मंदिर की तीन छात्राओं को

# बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के तहत प्रेरणा शाखा ने पुस्तकें उपलब्ध करायी



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा ने सोमवार को भालोटिया विद्या मंदिर की तीन छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत पढ़ने के लिए पुस्तक देकर पढ़ाने का बीड़ा उठाया। मौके पर गर्मी को देखते हुए अमृतधारा योजना के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के लिए घड़े भी उपलब्ध कराए गए। ताकि बच्चों को ठंडा पानी इस गर्मी में उपलब्ध हो सके। मौके पर प्रेरणा शाखा की सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि लड़कियां बोझ नहीं गौरव है। बेटी है तो कल है। कल में जीना है तो आज बेटियों को जीने देना होगा। उन्होंने कहा कि मयुम का राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यक्रम कन्या भ्रूण संरक्षण एंवम कन्या का जन्म को प्रोत्साहित करने का प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। कार्यक्रम की परियोजना निदेशक प्रीति गुटगुटिया और स्वेता गुटगुटिया ने कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति है और युवा शक्ति जिस भी क्षेत्र में लगती है। वह मिल का पत्थर साबित हो रहा है। बेटियां बोझ नहीं होती आज हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। भालोटिया विद्यालय के प्रचार्य विकास पांडेय और आदर्श विद्यालय की निदेशक शीतल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरआत की जिसे प्रेरणा शाखा गति देने का कार्य कर रही है। समाज में छात्राएं पढ़ती है तो परिवार ही नहीं पूरा समाज शिक्षित होता है। इस अवसर पर पूर्व सचिव नेहा हिसारिया ने कहा कि शिक्षा दान सबसे बड़ा दान है। मौके पर शीतल पोद्दार, सुमिता गुटगुटिया, मिनी हिसारिया, सरिता अग्रवाल, उषा शर्मा, मीरा गुटगुटिया, पायल खाटूवाला व विद्यालय के छात्र-छात्राएं व शिक्षक उपस्थित थे।

---

## न्यूज फटाफट

### जय भारत सत्याग्रह अभियान कार्यक्रम



**कुडू:** जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत आज दिनांक 10 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों से भ्रमण करते हुए कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बड़की चापि बाजार टांड़ परिसर में नुक्कड़ सभा में यह कार्यक्रम तब्दील हो गई। इस मौके पर कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तनवीर गौहर ने कहा कि आज पूरे देश में अराजकता का माहौल व्याप्त है, लोकतांत्रिक व्यवस्था की हत्या की जा रही है, देश की संवैधानिक संस्थाओं को भारतीय जनता पार्टी विपक्षियों को धराशाई करने के लिए अपनी पार्टी की मंच, मोर्चा की तरह उपयोग कर रही है। 2014 से जब से मोदी सरकार केंद्र में आई है तब से महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है, खाद्य सामग्री में अनाप-शनाप जीएसटी लगा दी गई है ।रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल का दाम आसमान छू रही है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। इस मौके पर कुडू कांग्रेस प्रभारी शाहिद अहमद बेलू ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक में गरीबों की जमा पूंजी को अडानी को देने की काम मोदी सरकार कर रही है और जब इन सब चीजों का विरोध सड़क से सदन तक राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी कर रही है तो इससे नरेंद्र मोदी की सरकार घबड़ा कर एक झूठे केस में राहुल गांधी को फंसा कर सजा दिलवाने का काम किया और आनन-फानन में उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई। लेकिन हमारी यह सत्य की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी। इस मौके पर सेन्हा प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि हम कांग्रेसी आजादी की लड़ाई लड़ते हुए अंग्रेजों को खदेड़ने का काम किए । आज अंग्रेजों में चाटुकारिता करने वाले केंद्र की मोदी सरकार को भी उखाड़ फेंकने का संकल्प लेते हैं और जनता की आवाज और अधिकार की लड़ाई निरंतर हम लड़ते रहेंगे। चाहे इसके लिए कोई भी बलिदान क्यों ही नहीं देना पड़े।

### सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न



**बालूमाथ :** बालूमाथ मंडल कार्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा जी के निदेर्शानुसार सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर एक बैठक की गई जिसमें क्षेत्र के तमाम भाजपा के समर्पित कार्यकताओं को रांची चलो सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता विजय यादव ऐसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू भाजपा जिला महामंत्री सूरज शाह भाइयों सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद मंडल मंत्री अखिलेश गुप्ता किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ऐसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष महावीर तुरी बूथ अध्यक्ष विजय ठाकुर एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मुंडा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जंगल में लगी भीषण आग पर पाया गया काबू



**जयनगर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरौन पंचायत के नवाडीह एवं पांडु के जंगल में रविवार की देर शाम अचानक भीषण आग लग गई। आग जंगल में तेज गति से बढ़ने लगी। आग लगने की सूचना उक्त पंचायत के उप मुखिया सलीम अंसारी ने अग्निशमन व स्थानीय थाना को दी। उससे पहले अपने साथियों के साथ जंगल में जाकर लाठी और झाड़ी के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। जिससे जंगल को नुकसान होने से बचा लिया गया। उप मुखिया सलीम अंसारी ने बताया कि अग्निशमन वाहन को वापस भेज दिया गया।

### इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट कोडरमा में 16 अप्रैल से

**कोडरमा :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 16 अप्रैल से इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट झारखंड के कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद, लातेहार और देवघर में खेले जाऐंगे। कोडरमा वेन्यू में पश्चिमी सिंहभूम , रामगढ़, चतरा और कोडरमा की टीम खेलेगी। उसके बाद सुपर लीग के मैच का भी आयोजन यहां दिया गया है। यह टूनार्मेंट चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में खेला जाएगा। टूनार्मेंट की तैयारी जोरों से की जा रही है। केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन मैदान के टर्फ विकेट सभी मैच खेले जाएंगे। जेएससीए के निर्देशन में बनी टर्फ विकेट और मैदान को जेएससीए के पदाधिकारियों ने काफी पसंद किया है। टूनार्मेंट की तैयारी को लेकर मैदान को पूरी तरीके से सजाया जा रहा है। जेएससीए के पदाधिकारियों के लिए मंच का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले बार अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट में कोडरमा के खिलाड़ी अभय ने बेहतर प्रदर्शन किया था जिसकी बदौलत वह राज्य टीम में जगह बनाने में सफल रहा। एक खिलाड़ी का इस मुकाम पर पहुंचने से कोडरमा के खिलाड़ियों में इस टूनार्मेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में मीजल्स रूबेला वैक्सीनेशन को लेजर अभिभावकों के साथ बैठक

**कोडरमा :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सोमवार को मीजल्स रूबेला वैक्सीनेशन को लेकर विद्यालय प्रबंधन की अभिभावकों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ दीपक कुमार, जिला नोडल पदाधिकारी डॉ आशीष राज, यूनिसेफ के डीएसएमसी सुशील कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के पवन कुमार मौजूद थे। सेक्रेड हार्ट स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार ने सबका स्वागत किया। संचालन एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने किया जबकि तकनीकी सहयोग दीपक सर्राफ ने किया। डॉ दीपक कुमार ने अभिभावकों को रूबेला के लक्षण, उससे बचाव के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि रूबेला बच्चों की इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देती है। इससे बचाव के लिए वैक्सीनेशन जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी धीरे-धीरे कोडरमा में अपना पांव फैला रही है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों में इसके लक्षण दिखे तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर उपचार शुरू कर दें। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को सेक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों के लिए वैक्सीनेशन कैंप लगाया जा रहा है। इस कैंप का उद्घाटन कोडरमा डीसी आदित्य रंजन करेंगे।

## न्यूज फटाफट

### एशियाई चैंपियनशिप के पहले दिन भारत ने जीते तीन पदक



**अस्ताना (कजाखस्तान):** भारत ने एशियाई सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप (ग्रीको-रोमन प्रतियोगिता) के पहले दिन एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर आयोजन की शुरुआत की है। रूपिन ने रविवार को शुरु हुई प्रतियोगिता के 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि नीरज ने 63 किग्रा वर्ग में और सुनील कुमार ने 87 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीते। रूपिन को स्वर्ण पदक के लिये ईरान के दाद मर्ज़ का सामना करना था। ज़गरेब ओपन चैंपियन मर्ज़ ने 3-1 से जीत दर्ज करके स्वर्ण हासिल किया। इससे पूर्व, रूपिन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और 2022 के रजत पदक विजेता कजाकिस्तान की अमंगली बेकबोलातोव को क्वार्टर फाइनल में मात दी थी। सेमीफाइनल में रूपिन ने चीन के हैफेंग झांग को 3-1 से हराया था। दूसरी ओर, नीरज ने 63 किग्रा वर्ग में कोरिया के जिनसेब सोंग को 5-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय के लिये दूसरा कांस्य सुनील कुमार ने जीता, जिन्होंने 87 किग्रा वर्ग में जापान के मासाटो सुमी को 4-1 से शिकस्त दी।

### अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट का शुभारम्भ



**चंडीगढ़ :** वायु सेना के चौथे मार्शल अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट 2023 का शुभारम्भ सोमवार को किया गया। मार्शल अर्जन सिंह डीएफसी की 104वीं जयंती मनाने के लिये इस हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा चंडीगढ़ के रघबीर सिंह भोला हॉकी स्टेडियम में 10 से 15 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में बंगलादेश, श्रीलंका और ब्रिटेन वायु सेना सहित कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि एयर मार्शल विभास पांडे एवीएसएम वीएसएम, एयर ऑफिसर कमांडिग-इन-चीफ, मेंटेनेंस कमांड ने टूर्नामेंट के उद्घाटन की घोषणा की। एयर मार्शल पांडे ने कहा हम देश में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के एक बार फिर से आयोजन पर गौरव अनुभव करते हैं। यह टूर्नामेंट देश की प्रतिष्ठित हॉकी टीमों को एक मंच प्रदान करेगा और भारतीय वायु सेना यह सुनिश्चित करेगी कि टूर्नामेंट संचालन में कोई कसर न रहे। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट एयर मार्शल अर्जन सिंह को राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के लिये आभार व्यक्त करने के लिये एक सराहनीय श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर प्रमुख दिग्गज हॉकी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। उद्घाटन मैच भारतीय वायुसेना (आईएएफ) और चंडीगढ़ इलेवन के बीच खेला गया। चंडीगढ़ इलेवन की टीम ने यह मैच 3-1 गोल से जीत लिया। मुख्य अतिथि ने मैन ऑफ द मैच चंडीगढ़ इलेवन के गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह को 10 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। टूर्नामेंट के पहले दिन भारतीय नौसेना ने पंजाब एंड सिंध बैंक के खिलाफ दूसरा मैच 2-0 से जीत लिया।

### खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे एचएआर हॉकी अकादमी, प्रीतम सिवाच

**लखनऊ :** खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग (अंडर-21 अंतिम चरण) के फाइनल मुकाबले में मंगलवार को एचएआर हॉकी अकादमी का सामना प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स फाउंडेशन हॉकी टीम से यहां पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी स्टेडियम पर होगा। इस टूर्नामेंट का आयोजन हॉकी इंडिया द्वारा खेल मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सोमवार को खेले गये मुकाबलों में जहां प्रीतम सिवाच हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में स्पोर्ट्स हॉस्टल ओडिशा को पीछे छोड़ दिया, वहीं एचएआर अकादमी ने टाई-ब्रेकर में नाटकीय रूप से 5-4 के स्कोर से साई बाल हॉकी टीम को मात दी। दोनों टीमें अब मंगलवार दोपहर दो बजे से होने वाले फाइनल में आमने-सामने होंगी।

**आइपीएल** वॉर्नर की दिल्ली कैपिटल्स आज अरुण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियन्स के खिलाफ उतरते हुए

# दिल्ली दूरस्त : कैपिटल्स को पहली जीत की तलाश

- दिल्ली हार की हैट्रिक लगा चुकी है
- चोट से जुड़ी चिंताओं का अंबार लगा हुआ है
- सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ तीन मैचों में तेज गेंदबाजों को पढ़ने में असफल रहे हैं



एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** डेविड वॉर्नर की दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियन्स के खिलाफ उतरते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन में अपनी पहली जीत की तलाश करेगी। मुंबई को भी उसके शुरुआती दो मुकाबलों में हार मिली है, लेकिन उसके कुछेक खिलाड़ी अलग-अलग समय पर अच्छा प्रदर्शन करते नज़र आये हैं।

दूसरी ओर, दिल्ली हार की हैट्रिक लगा चुकी है और उसके सामने खराब फॉर्म और चोट से जुड़ी चिंताओं का अंबार लगा हुआ है। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अब तक के तीन मैचों में तेज गेंदबाजों को पढ़ने में असफल रहे हैं। उनके जोड़ीदार डेविड वॉर्नर ने तीनों मैचों में अर्द्धशतक जमाये हैं, लेकिन उनका खराब स्ट्राइक रेट दिल्ली की हार का एक कारण ही बन सका है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले मिचेल मार्श निजी कारणों से कुछ समय के लिये ऑस्ट्रेलिया लौट गये हैं। दिल्ली ने पिछले मैच में उनके स्थान पर मनीष पांडे को बल्लेबाजी के लिये उतारा लेकिन वह भी कुल शून्य रन का योगदान ही दे सके। मध्य ओवरों में रन गति बढ़ाना दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता रही है। फ्रेंचाइजी से इसी सीजन जुड़े राइली रूसो अब तक कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके हैं।

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने गुजरात टाइटन्स के विरुद्ध पदार्पण करते हुए आक्रामकता दिखाई थी, हालांकि उन्हें विकेट पर थोड़ा और समय बिताना होगा। दिल्ली के बल्लेबाज जहां बड़ा स्कोर बनाने में असफल रहे हैं, वहीं गेंदबाज भी विपक्षी टीम पर दबाव नहीं बना सके हैं। दिल्ली भले ही मध्य ओवरों में रनगति पर किसी तरह लगाम लगा भी ले, अंतिम ओवरों में उसकी गेंदबाज़ी की कमज़ोरियां ज़ाहिर हो ही जाती हैं। तेज गेंदबाज खलील अहमद मांसपेशी की चोट के कारण मुंबई के खिलाफ मुकाबले से बाहर रह सकते हैं। अगर खलील मैच से पहले पूरी तरह फिट नहीं होते, तो दिल्ली उनके स्थान पर चेतन सकारिया को एकादश में शामिल कर सकती है। दूसरी ओर, पांच बार की चैंपियन मुंबई को भी पहली जीत के साथ अंक तालिका में खाता खोलने का इंतजार होगा। आईपीएल 2020 में अजेय लगने वाली मुंबई पिछले तीन सीज़न से प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी है। जसप्रीत बुमराहा का चोटग्रस्त होना उनके लिये पहले ही बड़ी चिंता थी, जोफ्रा आर्चर भी कोहनी की समस्या के कारण टूर्नामेंट के कुछ हिस्से से बाहर रह सकते हैं। रोहित शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म के कारण मुंबई की बल्लेबाजी काफी हद तक तिलक वर्मा पर निर्भर है। अगर मुंबई अरुण जेटली स्टेडियम पर जीत दर्ज करके दो अंक हासिल करना चाहती है, तो उसके बल्लेबाजों को संयुक्त रूप से प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली के कोच रिकी पॉन्टिंग ने राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध हार के बाद कहा था कि उनकी टीम को आत्ममंथन की जरूरत है। दिल्ली इस आत्ममंथन को किस हद तक अंजाम दे पायी और इसका क्या फल निकला, यह मंगलवार को पता चलेगा।

## धवन की पारी सर्वश्रेष्ठ टी20 पारियों में से एक : लारा



एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** सनराइजर्स हैदराबाद के कोच ब्रायन लारा ने उनकी टीम के खिलाफ पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन की पारी को अब तक की सर्वश्रेष्ठ टी20 पारियों में से एक बताया। पंजाब ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 143/9 का स्कोर खड़ा किया। पंजाब के अन्य बल्लेबाज जहां बुरी तरह असफल रहे, वहीं कप्तान धवन ने 66 गेंद पर नाबाद 99 रन की पारी खेलकर अकेले अपनी टीम के लिये संघर्ष किया। लारा ने इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, मुझे शिखर धवन की तारीफ करनी चाहिए। मुझे लगता है कि मैंने टी20 क्रिकेट में अब तक जो भी बेहतरीन पारियां देखी हैं, यह उनमें से एक है। धवन को कुछ देर के लिये सैम करन का साथ मिला, लेकिन वह भी 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। पंजाब के नौ विकेट 88 रन पर गिरने के बाद धवन ने अंतिम पांच ओवर खुद खेले और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लारा ने कहा, जिस तरह से उन्होंने पारी को आगे बढ़ाया और खेल को पूरी तरह से नियंत्रित किया वह लाजवाब था। लारा के हमवतन क्रिस गेल ने भी उनकी बात से सहमति जताते हुए कहा कि धवन शतक रे हकदार थे लेकिन दुर्भाग्यवश वह सिर्फ एक रन से चूक गये। गेल ने कहा, शिखर का अपनी टीम के लिये शानदार प्रदर्शन था, पर जब आपकी टीम विकेट खोते रहती है तो अपने आप को शांत रख कर खेलने के साथ ही 99 रन बनाना भी आसान नहीं होता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह शतक के हकदार थे। यह आईपीएल में भी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है।

## त्रिपाठी की फॉर्म टीम के लिये अच्छा संकेत : मार्करम

एजेंसियां

**हैदराबाद :** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 74 रन की मैच-जिताऊ पारी खेलने वाले बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी की तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी फॉर्म टीम के लिये अच्छा संकेत है। पंजाब ने रविवार शाम के मुकाबले में सनराइजर्स के सामने 144 रन का लक्ष्य रखा था, जिसका पीछा करते हुए मार्करम की टीम ने 45 रन पर दो विकेट गंवा दिये। राहुल ने इसके बाद सनराइजर्स की पारी को संभाला और कप्तान एडेन मार्करम के साथ 100 रन की नाबाद साझेदारी करके अपनी टीम को आठ विकेट की जीत दिलाई। मार्करम ने मैच के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, ''राहुल ने बिल्कुल अपनी ही तरह की पारी खेली। वह शानदार लय में थे। मैंने उनसे शुरुआत में बात की और उन्होंने कहा कि वह थोड़ा संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन एक बार पिच पर पांव जमाने के बाद उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव बनाया। मैं उनके लिये खुश हूं। वह बल्लेबाजी क्रम पर से काफी दबाव हटा लेते हैं और उनका फॉर्म में होना हमारे लिये अच्छा संकेत है।'' यह आईपीएल के इस सीजन में सनराइजर्स की पहली जीत थी, जबकि पिछले दो मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा था। मार्करम ने कहा कि



वह इस मैच में अपनी योजनाओं को लागू कर पाये, जो सनराइजर्स हैदराबाद में बतौर कप्तान उनकी पहली जीत का कारण बना। मार्करम ने कहा, ''यह कहना मुश्किल है कि पिछले मैचों से इस मैच में क्या बदला, लेकिन हम अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू कर पाये। हमने पिछले मैचों में भी योजनाएं बनायी थीं लेकिन उन्हें ठीक तरह लागू नहीं कर सके थे। आज हम एकदम सटीक रहे, खासकर गेंदबाजी में। हमने नयी गेंद से विकेट लिये, पावरप्ले में विकेट लिये और उनपर दबाव बनाया। उसके बाद मयंक ने स्पिन गेंदबाजी का एक बेहतरीन स्पेल डाला।'' सनराइजर्स के लिये यह मुकाबला लगभग सही रहा, लेकिन हैरी ब्रूक को पारी की शुरुआत करने के लिये भेजने की योजना कारगर साबित नहीं हुई।

## ईस्टर पर प्रियंका चोपड़ा ने बेटी मालती के साथ किया सेलिब्रेशन



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने ईस्टर अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा के साथ मनाया। प्रियंका चोपड़ा अपनी लाइफ से जुड़े अपडेट सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। प्रियंका अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा की प्यारी तस्वीरें भी शेयर करती रहती है। प्रियंका ने अपने इंस्टा पर मालती मैरी के साथ अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में मालती अपनी मां प्रियंका के साथ नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में मालती ने व्हाइट टीशर्ट पहनी है जिस पर मालती मैरी फर्स्ट ईस्टर लिखा हुआ है। वहीं दूसरी तस्वीर में प्रियंका ने बेटी के साथ नाइट सूट में ट्विनिंग की है और वे मालती को गोद में लिए हुए बाथरूम में मिरर सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। वहीं तीसरी तस्वीर में मालती अकेले बैठी हुई हैं और कुछ हाथ में लिए हुए नजर आ रही हैं जबकि आखिरी तस्वीर में मालती अपने लॉन में सोफे पर बैठकर डॉग्स के साथ खेल रही है। प्रियंका चोपड़ा ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'ईस्टर संडे। इन तस्वीरों को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

## पठान में काम करेंगे जेसन मामोआ



एजेंसियां

**मुंबई:** हालीवुड स्टार जेसन मामोआ आने वाली फिल्म टाइगर वर्सेज पठान में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड फिल्मकार आदित्य चोपड़ा ह्यटाइगर वर्सेज पठानह्ल बनाने जा रहे हैं। ह्यटाइगर वर्सेज पठानह्ल में शाहरुख खान और सलमान खान पठान और टाइगर के जासूस के रूप में अपनी भूमिकाओं में फिर से दिखेंगे। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद निर्देशित करेंगे।इस फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में गेम ऑफ थ्रोन्स स्टार जेसन मामोआ काम करते नजर आ सकते हैं। मेकर्स द्वारा जेसन से बात की जा रही है। फिल्म के प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा का कहना है कि जेसन सिर्फ इंडियन ही नहीं बल्कि ग्लोबल लेवल पर दर्शकों को अट्रैक्ट कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग जनवरी 2024 में शुरू होगी।

## सलमान खान ने ईस्टर पर बनायी पेंटिंग

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने ईस्टर पर पेंटिंग बनायी है। सलमान को पेंटिंग का बेहद शौक है और कई मौकों पर वह अपने इस जुनून को लोगों के सामने दिखा चुके हैं। उनकी पेंटिंग कई एग्जीबिशन में लगाई जा चुकी है। सलमान खान ने एक बार फिर अपनी पेंटिंग स्किल्स का प्रदर्शन किया



ईस्टर के मौके पर सलमान ने सोशल मीडिया पर अपनी पेंटिंग शेयर करते हुए, फैंस को बधाइयां दी हैं। पेंटिंग शेयर करते हुए सलमान ने कैप्शन में लिखा- 'हैप्पी ईस्टर।' पोस्ट शेयर करते ही सलमान के फैंस कमेंट सेक्शन में उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

### आदिपूरूष में कॉपी किया गया है प्रभास का लुक ? नहीं थम रहा विवाद

एजेंसियां

**मुंबई:** सिनेमा के बाहुबली प्रभास, सैफ अली खान और कृति सेनन की महाकाव्य रामायण पर बनीं फिल्म आदिपुरूष एक बार फिर से चर्चा में हैं। फिल्म के टीजर रिलीज होने के बाद फिल्म के वीफएक्स और रावण के लुक को लेकर काफी विवाद हुआ था। जिसके बाद फिल्म का बायकॉट करने की मांग हुई थी। अब प्रभास की आदिपुरुष जून में



रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हनुमान जयंती पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया, जिसकी सोशल मीडिया पर तारीफ भी हुआ लेकिन लगता है फिल्म आदिपुरूष के सितारे ठीक नहीं चल रहे हैं। कोर्ट केस के बाद अब फिल्म नये विवाद में फंस गयी हैं। फिल्म पर आर्ट को चोरी करने का आरोप लगा है।प्रतीक संघर नाम के एक कॉन्सेप्ट आर्टिस्ट ने फेसबुक पर आदिपुरुष टीम पर उनके डिजाइनों की नकल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक लंबा नोट लिखा जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनके काम को आदिपुरुष के विजुअल डिजाइनर टीपी विजयन ने उठा लिया है।डार्लिंग स्टार प्रभास भगवान राम की भूमिका निभाएंगे और कृति सेनन जानकी की भूमिका निभाएंगी।

## मिला मृत हाथी, जांच में जुटी टीम

रांची : नगड़ी थाना इलाके में सोमवार की सुबह मृत हाथी मिला है। हाथी मक्के के खेत में मरा हुआ था। आज सुबह स्थानीय लोगों ने हाथी को देखा, जिसके बाद यह खबर धीरे-धीरे पूरे इलाके में फैल गई। मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हाथी की मृत्यु कैसे हुई है।

**आरोप** ईडी कभी भी कर सकती है कार्रवाई

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी पूजा सिंघल पर आरोप तय

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित आईएएस पूजा सिंघल पर पीएमएलए कोर्ट ने सोमवार को आरोप तय कर दिया है। प्रवर्तन निदेशालय की विशेष अदालत ने पूजा सिंघल को आरोपी मानते हुए उन पर आरोप तय कर दिया है। बताते चलें कि निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने अपने आप को निर्दोष साबित करने के लिए कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन फाइल किया था। जिसके के खिलाफ ईडी ने साक्ष्य पेश करते हुए यह साबित कर दिया कि पूजा सिंघल पर जो आरोप लगाए गए हैं वह सभी सत्य हैं।सारे सबूतों को देखने के बाद ईडी की विशेष पीएमएलए कोर्ट ने पूजा सिंघल का डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दिया है।



ईडी की विशेष पीएमएलए कोर्ट के द्वारा आरोपों पर मुहर लगा देने के बाद अब आरोपी के तौर पर पूजा सिंघल के खिलाफ कोर्ट में ट्रायल चलेगा। वहीं मामले में सोमवार को पूजा सिंघल के साथ उनके सीए सुमन कुमार सिंह और तत्कालीन अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ भी आरोप तय किया गया है। बता दें कि पूजा सिंघल पर आय से अधिक संपत्ति और मनरेगा योजना में घोटाला करने का आरोप है। वर्ष 2022 के मई महीने में पूजा सिंघल को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

जिसके बाद पूजा सिंघल उनके सीए सुमन सिंह सहित कई और लोगों के नाम सामने आये थे। वहीं पूजा सिंघल फिलहाल अपनी बेटी की तबीयत खराब होने के बेसिस पर बेल पर हैं, लेकिन कोर्ट से आरोप तय होने के बाद जल्द ही ईडी उनपर कार्रवाई कर सकती है। बताते चलें कि पूजा सिंघल को फरवरी माह में सुप्रीम कोर्ट से दो माह के लिए अंतरिम जमानत मिली थी, जो अब जल्द खत्म होने वाली है।

## गोड्डा के अडाणी पावर प्लांट से बांग्लादेश को शुरू हुई बिजली आपूर्ति

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अडाणी पावर प्लांट गोड्डा से बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गयी है। बिजली बांग्लादेश को दी जा रही है। कंपनी की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर दी गयी है। हालांकि बिजली आपूर्ति रविवार से ही शुरू किया गया। समाचार एजेंसी एएनआई ने इस संबंध में बताया कि 748 मेगावाट बिजली की आपूर्ति बांग्लादेश को की जा रही है। इससे पहले प्लांट से ट्रायल के तौर पर बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति 16 दिसंबर, 2022 से शुरू कर दी गई थी। गोड्डा में 800-800 मेगावाट के दो यूनिट बनाये गये है। जहां से 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता है। फिलहाल पहली यूनिट से बिजली आपूर्ति की जा रही है। पावर प्लांट को उन्नत तकनीक से बनाया गया है। ऐसे में इसे सर्वश्रेष्ठ पावर प्लांट बताया जाता है।विधिवत बिजली आपूर्ति के पूर्व चार महीने से भी अधिक समय तक बिजली आपूर्ती का ट्रायल किया गया है। अब बांग्लादेश को 748 मेगावाट बिजली की व्यावसायिक आपूर्ति शुरू कर दी गयी है। कंपनी की मानें तो पहले दिन फुल लोड बिजली की आपूर्ति की गई। कंपनी के अनुसार, यह भारत का पहला पावर प्लांट है। जिसे 100 प्रतिशत फ्लू गैस डीसल्फराइजेशन (एफजीडी), एससीआर और जीरो वॉटर डिस्चार्ज के साथ ऑपरेट किया जा रहा है। जल्द ही इस प्लांट की दूसरी यूनिट से 800 मेगावाट बिजली का व्यावसायिक उत्पादन शुरू होगा।कंपनी का बांग्लादेश के साथ 25 साल तक का पावर पर्चेस एग्रीमेंट है। पांच अप्रैल को पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ बांग्लादेश के अधिकारियों की मौजूदगी में कामर्शियल ऑपरेशन टेस्ट पूरा किया गया था। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नये पर्यावरणीय मानदंडों का पूरी तरह से ध्यान रखा गया है। पावर परचेस एग्रीमेंट के साथ ही कंपनी राज्य को 25 फीसदी बिजली देगी। यह बिजली कंपनी नेशनल पूल से खरीद कर झारखंड सरकार को मुहैया करायेगी।



## 244 सिटी बस परिचालन के लिए आरएमसी जल्द शुरू करेगा प्रक्रिया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी रांची में 244 नये सिटी बस का संचालन पीपीपी मोड पर करने के लिए जल्द ही निविदा निकाली जायेगी। मंत्रिपरिषद के फैसले के बाद नगर विकास विभाग ने रांची नगर निगम को इसकी जिम्मेदवारी दी है कि वे सिटी बस परिचालन के लिए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करें। ऐसे में अब रांची नगर निगम द्वारा उक्त योजना के क्रियान्वयन के लिए अतिक्रमण मुक्त भूमि,परियोजना स्थल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की जायेगी। निगम परियोजना के क्रियान्वयन के लिए बोर्ड का अनुमोदन लेगा एवं मंजूरी प्रदान करने के बाद निजी भागीदार को सुविधा उपलब्ध करायेगा। इस योजना कार्यान्वयन ऑपरेटर 1 एवं ऑपरेटर 2 के चयन के लिए निविदा प्रक्रिया का कार्य रांची नगर निगम द्वारा खुली एवं प्रतिस्पर्धी ई-निविदा प्रक्रिया अपना कर किया जायेगा।



इस कार्ययोजना में प्रत्येक वित्तीय वर्ष होने वाले वास्तविक वित्तीय घाटे का वहन नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा राज्य योजना शहरी जलापूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सिवरेज-ड्रेनेज, नगरीय आधारभूत संरचना, आवास आदि शहरी परियोजनाओं मद के बजट शीर्ष से उपलब्ध कराया जायेगा।रांची सिटी बस परियोजना के तहत रांची शहर के सभी महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ने के लिए नई 244 सिटी बस सेवा शुरू की जा रही है। इनमें 220 गैर एसी डीजल बस व 24 एसी इलेक्ट्रीक बस होंगे। ये बस प्रतिदिन 174 किमी की दूरी तय करेगी। 200 बस स्टॉप बनेंगे। 13 रूट में इसका परिचालन होगा। किराया भी इसका न्यूनतम पांच रुपये अधिकतम 20 रुपये तय किया गया है।

### सरकार ने कोर्ट से मांगा दो सप्ताह का समय

**रांची:** सरायकेला में तबरेज अमारी की भीड़ द्वारा मौत के बाद राजधानी रांची में 5 जुलाई 2019 को राजेंद्र चौक के पास हंगामा और इकरा मस्जिद के पास चाकूबाजी की घटना मामले में पंकज यादव की जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 2 सप्ताह का समय मांगा है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई एक मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने डीजीपी से पूछा था कि उस दिन रांची के डोरंडा में अशांति फैलाने की घटना को लेकर कितने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुए थे कितने लोगों की गिरफ्तारी की गई, इन सभी बिंदुओं पर कोर्ट ने डीजीपी से जवाब मांगा है।

## रविरंजन कुमार को बैक डेट में मिला अपर सचिव पद में प्रमोशन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा से कअर में प्रोन्नति पाये रविरंजन कुमार विक्रम को देय तिथि से अपर सचिव कोटि में प्रमोशन प्रदान किया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। कृषि विभाग में संयुक्त सचिव पद पर कार्यरत रविरंजन कुमार विक्रम ने आरसी केस में लगे आरोपों से मुक्त किए जाने के बाद राज्य सरकार से प्रमोशन की मांग की थी और इसे लेकर झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था।कोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार ने पूरे मामले की नये सिरे से समीक्षा की। इस दौरान यह पाया कि अनुसूचित जाति कोटि के इस अधिकारी को 15 नवंबर 2022 को उनको आरोपों से मुक्त किया गया है।

## अमेरिकी स्कूल छात्र की पहल पर नगड़ी में गरीबों की मदद



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**श्रेष्ठ रावत अमेरिका के अपर सेंट क्लेयर हाई स्कूल, पिट्सबर्ग, पीए, यूएसए के छात्र हैं। वह 10वीं कक्षा में है और इंटरनेशनल बैकलॉरीएट (आईबी) मिडिल इयर्स प्रोग्राम (एमवाईपी) में नामांकित है। अपने एमवाईपी प्रोजेक्ट के लिए, पिछले साल श्रेष्ठ ने पैसे दान कर-के भारत के ग्रामीण गांवों के लोगों की मदद करने का फैसला किया, जिसका इस्तेमाल खाने के पैकेट और कुछ दैनिक जरूरतों की चीजें खरीदने के लिए किया जाएगा। तब से श्रेष्ठ सप्ताहांत में कुछ घंटे काम कर रहा है और दान के लिए लोगों तक पहुंच भी रहा है। उसने अपने दोस्तों की मदद से 690 अमेरिकी डॉलर एकत्रित करने में कामयाबी पायी। यह रकम भारतीय रुपये में 58650 बनता है। यह राशि भारत के झारखंड राज्य के नगरी चामा गाँव के परिवारों को 100 मच्छरदानी और खाने के पैकेट वितरित करने के लिए पर्याप्त थी। श्रेष्ठ ने अपनी दादी, मंगला कुमारी से मदद ली, जो भारत में रहती हैं और श्रेष्ठ को अमूरटेल नामक एक अंतरराष्ट्रीय संगठन के साथ समन्वय करने में मदद की। अमूलटेल दुनिया भर में लोगों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए काम करता है। दोस्तों मां रांची से हैं। लड़का हम में रहता है। लेकिन काम नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची के पास नगरी इलाके में किया गया।

## महेश पोद्दार का अनाधिकृत भवन निर्माण को नियमितीकरण किए जाने की मांग

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रांचीः राज्यसभा के पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने रांची में अनाधिकृत भवन निर्माण को नियमितीकरण किए जाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर आग्रह भी किया है। कहा है कि झारखंड हाईकोर्ट द्वारा रांची में भवन निर्माण पर रोक लगाए जाने तथा दिशा निर्देश जारी किया जाना इस विषय की गंभीरता बताता है। राजधानी बनने के बाद से यहाँ भवन निर्माण में तेजी आई है। बिहार के समय से ही नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और भयादोहन होता रहा। इससे अनाधिकृत भवन निर्माण को बढ़ावा मिला। अधिकारियों का ध्यान करप्शन पर ही ज्यादा रहा। आवेदकों को म्यूटेशन, जमीन की प्रकृति और अन्य कारणों के आधार पर परेशान किया जाता रहा जबकि यह मामला भूमि राजस्व सुधार विभाग का है।श्री पोद्दार ने नक्शा पास कराने की प्रक्रिया सरल करने में नगर विकास विभाग को आगे आने को कहा है। आर्किटेक्ट का एक पैनल बनाकर उन्हें बिल्डिंग बायलॉज के अनुरूप भवन निर्माण का नक्शा बनाने की जिम्मेदारी देने को भी कहा है। जिन पुराने भवनों के मालिकों के पास नक्शे नहीं हैं, उन्हें नगर निगम तथा आरआरडीए के रिकॉर्ड से नक्शा उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया है। अब तक जो डेविएशन हुआ है, उसे न्यूनतम शुल्क लेकर नियमित करने और भविष्य में अनाधिकृत निर्माण रोकने के लिए सरकार से आग्रह किया है।



### चार तस्कर गिरफ्तार

**रांची:** नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना पर खूंटी, मुरहू और मारंगहादा की पुलिस ने अवैध अफीम और डोडा की तस्करी करने वाले चार अपराधियों को गिर?तार किया है। तस्करों के पास से अफीम और डोडा भी पुलिस ने बरामद किया है। खूंटी थाना की पुलिस ने 205 किलो डोडा, मारंगहादा की पुलिस ने 206 किलो डोडा जबकि मुरहू पुलिस ने लगभग 3 किलो अफीम बरामद किया है।खूंटी थाना क्षेत्र के कुमकुमा गांव के पास से पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 8 बोरी में रखे 205 किलोग्राम अवैध डोडा बरामद किया है। इस संबंध में खूंटी थाना में पिकअप गाड़ी के मालिक, चालक और खलासी के ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव को पिकअप वाहन से अवैध डोडा तस्करी करने की गुप्त सूचना मिली थी।

भाजपा का सचिवालय घेराव

## 20 इंस्पेक्टर, 200 दारोगा समेत 1500 पुलिस जवान होंगे तैनात




राष्ट्रीय खबर

**रांची:**भाजपा का सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी पूरी कर ली है। शहर में 20 इंस्पेक्टर, 200 दरोगा के अतिरिक्त डेढ़ हजार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।पुलिस-प्रशासन का पूरा प्रयास है कि राज्यभर से जुटे भाजपा समर्थकों को प्रभात तारा मैदान में ही रोक दिया जाए। इसके लिए मैदान के चारों ओर 500 अतिरिक्त जवानों को तैनात किया जाएगा। भाजपा समर्थकों के कार्यक्रम के दौरान आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। आपको बता दें कि भाजपा ने मंगलवार को सचिवालय का घेराव कार्यक्रम तय किया है। इसके लिए राज्यभर से आए समर्थक पहले जगरनाथ मैदान (प्रभात तारा) मैदान में जमा होंगे। वहां से जुलूस की शक्ल में सचिवालय का घेराव करने निकलेंगे।




**निर्देश** शहरी यातायात व्यवस्था को बेहतर करने को लेकर ट्रैफिक एसपी ने बनाई रणनीति

# 15 दिनों में चौक-चौराहों से हटेंगे अनुपयोगी सामान

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए आज बैठक की गई। यह बैठक ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने संबंधित सभी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु प्राप्त प्रस्तावों को क्रियान्वित कर जल्द से जल्द इसे सुनिश्चित कराएं।पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को प्रथम चरण में अभियान चलाकर विभिन्न चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे संरचनाओं यथा-विद्युत / टेलीफोन के अनयूज्ड पोल, ट्रैफिक सिंग्नल पोस्ट, होर्डिंग, ट्रैफिक बूथ, जर्जर यात्री शेड, सुधा डेयरी शेड, सूखे पेड़, साइकिल स्टैंड, टेंपो स्टैंड आदि को हटाने/ व्यवस्थित 15 दिनों में कराने का निर्देश दिया।ट्रैफिक एसपी द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए बनाए सभी 6 जोन पर दलों का गठन कर 15 दिनों में इसे सम्पन्न करने का निर्देश दिया। जल्द से जल्द यह दिए गए समय सीमा में पूरा हो जाये यह सुनिश्चित कराने को कहा। इस बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची, प्रवीण प्रकाश, एईई जेबीएनएल, नगर प्रबंधक नगर निगम रांची, अभियान नगर प्रबंधक रांची नगर निगम रांची, कोतवाली, लालुपर, जगरनाथपुर, सुखदेव नगर, डोरंडा एवं संबंधित सभी अधिकारी मौजूद थे।

